आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 26°C |

इनसाइड न्यूज

पत्रकार की इज़्ज़त पर साइबर हमला: अश्लील वीडियो वायरल...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



बुधवार 30 जुलाई, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 285 | www.janexpresslive.com/epaper


ट्रम्प ने लंदन के मुस्लिम मेयर को घिनौना... 12

# ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में हंगामा

## लोकसभा में प्रियंका बोलीं, लोग सरकार भरोसे कश्मीर गए, सरकार ने उन्हें भगवान भरोसे छोड़ा, अखिलेश बोले, सरकार बताए, पाकिस्तान के पीछे कौन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा जारी है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- लोग सरकार के भरोसे पहलगाम गए थे, लेकिन सरकार ने उन्हें भगवान भरोसे छोड़ दिया। उन्होंने कहा- पहलगाम में जब लोगों को मारा जा रहा था, तब वहां एक भी सुरक्षाकर्मी नहीं दिखा। प्रधानमंत्री ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय लेने आगे आ जाते हैं, जिम्मेदारी लेने क्यों नहीं आते। प्रियंका से पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्र से सवाल किया- सरकार बताए कि पाकिस्तान के पीछे कौन सा देश है। हमें चीन से उतना ही खतरा है, जितना आतंकवाद से हैं। जिन एयरक्राफ्ट को नींबू-मिर्च लगाकर पूजा, वे कितने उड़े थे? लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की शुरुआत करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि जिन आतंकियों ने पहलगाम में बायसरन घाटी में 26 पर्यटकों को मारा था, ऑपरेशन महादेव में सोमवार को उन्हें ढेर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि आतंकियों के नाम सुलेमान, फैजल अफगान और जिब्रान हैं। सुलेमान लश्कर का कमांडर था। इसके ढेरों सबूत हैं। अफगान और जिब्रान ए श्रेणी के आतंकी थे। आतंकियों की मदद करने वाले 2 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।



### शाह ने मनमोहन सरकार की आतंकी घटनाओं का जिक्र किया

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा- साल 2004-14 में अखंड मनमोहन की सरकार थी। इस दौरान 1770 लोग मारे गए, जबकि 2015 में 357 मारे गए। टेररिस्ट्स के मारे जाने में 123 प्रतिशत का इजाफा किया। अनुच्छेद 370 हटाकर हमने टेरर इकोसिस्टम को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा- एक जमाना था, कश्मीर में जनाजे में 10-10 हजार लोग रहते थे। अब जो आतंकी मारा जाता है, उसे वहीं दफना दिया जाता है। इनके दौर में स्टोन पेल्टिंग होती थीं, अब नहीं होती। इनके दौर में घाटी में 132 दिन हड़ताल रहती थी, अब घाटी हमेशा खुली रहती है। शाह ने कहा कि हम हुर्रियत से कोई बात नहीं करते। ये टेरर आउटफिट हैं। हम बात करेंगे तो कश्मीर के युवाओं से बात करेंगे। गोगोई जी, आप कश्मीर गए हो? पाकिस्तान तो कई बार गए हो। बर्फ में-ठंड में जवान तैनात हैं। वहां से कोई आएगा तो मारा जाएगा। आपके समय में तो वो सीधे आते थे, आप उन्हें वीजा देते थे।

### शाह बोले- 30 हजार वर्गकिमी एरिया अक्साई चीन को दिया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- 1962 में चीन के साथ युद्ध में क्या हुआ? मैं पूछना चाहता हूं कि तब क्या हुआ? 30 हजार वर्गकिमी अक्साई चिन चीन को दे दिया। जवाहर लाल नेहरू ने क्या कहा था- उस जगह तो घास का एक तिनका भी नहीं उगता। त्यागी जी ने कहा था कि आपके (नेहरू) आपके सिर पर भी बाल नहीं उगता, इसे में भी चीन को दे दें।नेहरू जी ने तो आकाशवाणी पर असम को बाय-बाय कह दिया था। इस पर कांग्रेसी सांसदों ने जमकर नारेबाजी की। शाह बोले- जोर से बोलकर सच छिपाया नहीं जा सकता। इसके बाद शाह ने नेहरू का पत्र कोट किया- अमेरिका ने भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल करने का प्रस्ताव दिया था। नेहरू ने कहा कि इससे चीन से हमारे संबंधों पर खराब असर पड़ेगा और चीन को बुरा लगेगा।

### शाह ने यूपीए सरकार में पाकिस्तान भागे आतंकियों के नाम गिनाए

इन लोगों (विपक्ष) को लगता था कि बायसरन (पहलगाम) के गुनहगार पाकिस्तान भाग गए, लेकिन सीआरपीएफ ने ठोक दिया। ये मुद्दा उठाना चाहते हैं तो उठाइए, मेरे पास सलमान खुर्शीद का वीडियो सेव करके लाया हूं। दिखाना हो तो समय तय कर लीजिए।सैयद सलाहुद्दीन भागा, कांग्रेस की सरकार थी। दाऊद इब्राहिम भागा। टाइगर मेमन भागा। रियाज भटकल 2007 में भागा। शादाब बेग 2009 में भागा।

### संसद में उठा भाषा को लेकर विवाद

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे जब सदन को संबोधित कर रहे थे, तभी तमिलनाडु के सांसदों ने उनके अंग्रेजी में बोलने को अनुरोध किया। कहा कि उनका ट्रांसलेटर में टेक्निकल एरर है। इस पर जवाब देते हुए दुबे ने कहा- बेहतर होता अगर आप (कर्नाटक सांसद) मुझे तमिल या बंगाली में बोलने के लिए कहते। अंग्रेजी एक विदेशी भाषा है और इस पर आपका जोर आपकी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि किसी ने आधे घंटे तक बंगाली में बात की, फिर भी तमिलनाडु के सांसदों ने कोई आपत्ति नहीं जताई। आपको सिर्फ हिंदी से दिक्कत है। कांग्रेस और उसके सहयोगियों को उत्तर भारतीय या हिंदी पसंद नहीं है। अगर आप अंग्रेजी को बढ़ावा देते रहे, तो हम इंग्लैंड बन जाएंगे। हम फिर से गुलाम हो जाएंगे।

### रिजिजू बोले, 62 के बाद से चीन की घुसपैठ नहीं

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को लोकसभा में कहा- 1962 के युद्ध के बाद से चीन ने भारतीय क्षेत्र में एक इंच भी घुसपैठ नहीं की है और न ही अरुणाचल प्रदेश में कोई अतिरिक्त भूमि पर कब्जा किया है। रिजिजू ने यह बात ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव के अरुणाचल प्रदेश में चीनी अतिक्रमण के दावे का खंडन करने के लिए कही। रिजिजू ने कहा रिकॉर्ड को सही करना जरूरी है। 1962 के बाद से चीन ने हमारी सीमा में एक इंच भी घुसपैठ नहीं की है और न ही किसी अतिरिक्त भूमि पर कब्जाा किया है। यह तथ्य स्पष्ट किया जाना चाहिए। जब अखिलेश यादव ने कहा कि चीन ने मेरे राज्य में घुसकर कई इलाकों पर कब्जा कर लिया है, तो मुझे लगा कि यह स्पष्ट करना जरूरी है। उन्होंने कहा,अरुणाचल प्रदेश में चीन के कब्जे वाला क्षेत्र 1962 के युद्ध से पहले या उसके दौरान ही उसके नियंत्रण में था।

### राज्यसभा में नड्डा बोले, खड़गे ने मानसिक संतुलन खोया

राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा जारी है। विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बहस की शुरुआत की। उन्होंने कहा- बीजेपी जब से सरकार में आई है। तब से 5 बार तो अकेले पहलगाम में ही आतंकी हमला हुआ है। गृहमंत्री बताएं इसके लिए कौन जिम्मेदार है, वह कुर्सी खाली करें। अगर कोई जिम्मेदार नहीं है तो पीएम जवाब दें। खड़गे की बात खत्म होने के बाद सदन में सता पक्ष के नेता जेपी नड्?डा बोलने खड़े हुए। उन्होंने कहा- विपक्ष के सभी सवालों के जवाब दिए जाएंगे, लेकिन मैं देख रहा था कि खड़गे हमारे सीनियर नेता हैं, उनके भाषण में जिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया यह बताता है कि उनका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है। इस पर विपक्ष के नेता खड़गे नाराज हो गए। उन्होंने तेज आवाज में कहा- मैं हमेशा इस सदन में दो चार मंत्रियों का बहुत आदर करता हूं। नड्डा उनमें से एक हैं। वो मुझे मेंटल बोल रहे हैं। ये शर्म की बात है। उन्हें माफी मांगना चाहिए। मैं छोड़ने वाला नहीं हूं। हालांकि नड?डा ने विपक्ष के विरोध के बीच पहले ही अपने शब्द वापस ले लिए। उन्होंने कहा- मैं माफी मांगता हूं, आप मानसिक असंतुलित नहीं, बल्कि भाव आवेश में इतने बह गए कि पीएम की गरिमा को भी ध्यान में नहीं रख पाए। इससे पहले राज्यसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बहस की शुरुआत की। सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि हमारे सुरक्षा बलों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 लोगों की हत्या करने वाले द रेजिस्टेंस फ्रंट के तीन आतंकवादियों को मार गिराया है।

### हमने पाकिस्तान के सभी हमले रोक दिए

ऑपरेशन सिंदूर भारत के भविष्य को बचाने के लिए चलाया गया था। पाकिस्तान भारत में किसी भी जगह हमला नहीं कर सका, हमने सभी हमले रोक दिए। राजनाथ सिंह राज्यसभा में बताया कि भारत का रक्षा निर्यात 2029 में 50,000 करोड़ रुपये को पार कर जाएगा।

### प्रियंका ने सदन में पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों के नाम पढ़े

प्रियंका ने कहा कि अगर ऑपरेशन के दौरान हमारे लड़ाकू विमानों का नुकसान नहीं हुआ तो सदन में रक्षा मंत्री क्यों नहीं बता देते। इनके मन में जनता के लिए कोई जगह नहीं है। सब पब्लिसिटी है। आप जनता को देख ही नहीं पा रहे। जो पहलगाम में हुआ, उससे हर देशवासी को चोट पहुंची है। उन्होंने कहा- इस सदन में सभी के पास सुरक्षा व्यवस्था है। आप जहां जाएंगे, वहां सुरक्षा मिल जाएगी। पहलगाम में 26 परिवार उजड़ गए। 26 लोगों को परिवार के सामने मारा गया। 26 बेटे, भाई, पति गुजर गए। इनमें से 25 भारतीय थे। जितने भी लोग बायसरन में थे, उनके लिए कोई सुरक्षा नहीं थी। आपने उनको सुरक्षित नहीं किया।

### अखिलेश बोले, चीन से आतंकवाद जितना ही खतरा

सपा अध्यक्ष ने कहा- हमारे पड़ोसी देश या तो अतिक्रमण कर रहे हैं या हमारे साथ नहीं है। ये तो मंत्री जी जानते होंगे कि पड़ोसी देश कितना अतिक्रमण कर रहा है। सरकार के ऐसे मामलों में सतर्कता से काम लेना होगा। सरकार जवाब दे कि पाकिस्तान के पीछे कौन सा देश खड़ा है। हमें चीन से उतना ही खतरा है, जितना आतंकवाद से हैं। सरकार की नीतियां, फैसले ऐसे हैं, जिनसे खतरा है, उन्हें मदद मिल रही है। सरकार ने देश को ट्रेडर्स कंट्री बनाकर छोड़ दिया है। करप्शन जगह जगह लीक होकर टपक रहा है। सरकार को अपनी राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक नीतियों के लिए एसआईआर लाने की जरूरत है।

### खड़गे बोले, मोदी जी इवेंटबाजी से काम नहीं चलता

मैं अब सीधे-सीधे दो चार प्रश्न पूछूंगा तो उम्मीद करता हूं जवाब देंगे। किन शर्तों पर ये सीजफायर हुआ। आपने इसे क्यों स्वीकार किया। क्या यूएसए ने इसमें हस्तक्षेप किया अगर हां तो क्यों और किसके कहने पर किया। क्या यूएस प्रेसिडेंट ने यह सीजफायर किया जैसा वो बार-बार कह रहे हैं, अगर हां तो क्या यह भारत की तीसरी पार्टी पॉलिसी के खिलाफ नहीं है? विदेश मंत्री तो चले गए लेकिन मैं रक्षामंत्री को सुनाना चाहता हूं कि पहलगाम के बाद मोदी जी का यह सच सामने आ गया कि इवेंटबाजी से काम नहीं चलता। जिनको आप विश्व गुरु मानते हैं। इंदिरा, नेहरू से तुलना होती है। ट्रम्प से दोस्ती है। इसलिए हमारे चेयरमैन साहब चले गए।

# सूखा नल, सूखी उम्मीदें

## क्या लखनऊ के नागरिकों की प्यास बुझाने वाला कोई नहीं बचा?

- राजधानी के दिल में प्यास से तड़पता एक परिवार और जवाबदेही से मुँह मोड़ता सिस्टम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



**आलमबाग।** जिस शहर को स्मार्ट सिटी का तमगा पहनाने की होड़ मची है, वहां एक आम आदमी राजकुमार लखमानी बीते कई महीनों से अपनी प्यास मिटाने के लिए 20-25 रुपये रोज़ खर्च कर पानी खरीदने को मजबूर है। वजह सरकारी नल सूखा है। और उससे भी ज्यादा सूखी है जलकल विभाग की संवेदनशीलता।

### ...तो लोकतंत्र की आत्मा शर्म से पानी-पानी हो जाती है

राजकुमार लखमानी ने अब अंतिम चेतावनी दी है, अगर जल्द ही उनके घर की जल आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वह शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल और लोकायुक्त तक ले जाने को बाध्य होंगे। यह सिर्फ एक नल की कहानी नहीं है – यह सिस्टम की सड़ांध का सबूत है यह खबर सिर्फ एक आदमी की परेशानी नहीं है यह उस बेबस आम नागरिक की चीख है, जिसे प्रशासन ने अनसुना कर दिया है। जनप्रतिनिधियों, अफसरों, और नगर निगम के दफ्तरों में बैठने वालों से अब सीधा सवाल है...

- आखिर कब तक प्यासे रहेंगे लखनऊ के नागरिक?
- क्या सिर्फ वोट लेने के लिए ही आते हैं आप लोग?
- कब मिलेगा जनता को उसका हक?

### कागज़ी घोड़े दौड़ाता विभाग, और प्यास से तड़पता इंसान

जलकल विभाग अब शिकायत संग्रहालय बन चुका है जहाँ शिकायते दाखिल तो होती हैं, लेकिन समाधान नाम की चीज़ नदारद रहती है। हर घर नल, हर नल में जल का नारा अब सिर्फ सरकारी होर्डिंग्स पर चमकता है, हकीकत में नहीं।

### पानी के लिए तरसती राजधानी की जनता पूछ रही है

क्या हमें पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिए भी धरना देना पड़ेगा?
क्या अधिकारी तभी जागेंगे जब बीमारियाँ फैलेंगी या कोई बड़ा हादसा होगा?
क्या यह लोकतंत्र में जीने की कीमत है

### जन एक्सप्रेस की माँग

- पीड़ित उपभोक्ता की जल आपूर्ति की तत्काल तकनीकी जांच हो।
- विभागीय लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई हो।
- पूरे जोन-5 में जल आपूर्ति की जन-सुनवाई अभियान चलाया जाए।
- याद रखिए, प्यास सिर्फ गला नहीं सुखाती विश्वास भी तोड़ती है।
- और जब जनता का विश्वास टूटता है, तो कुर्सियाँ बहुत हल्की हो जाती हैं
- जन एक्सप्रेस-सवाल वही उठाएगा, जिसे सब दबाना चाहते हैं।

### बिना पानी के जिंदगी कैसे चलेगी, आप खुद सोचिए: राजकुमार

राजकुमार ने खाता संख्या 10208716 के तहत 16 जुलाई 2025 को जलकल विभाग में शिकायत दर्ज करवाई थी। एक बार नहीं, तीन बार। लेकिन फाइलें घूमती रहीं, अधिकारी गुमशुदा रहे, और नल अब भी वैसा ही सूखा पड़ा है जैसे विभाग की जवाबदेही।

# शाहजहांपुर में प्रशासनिक ड्रामा!

## वकीलों के सामने उठक-बैठक कर एसडीएम ने मांगी माफ़ी, तीन दिन से चल रही थी तनातनी



जन एक्सप्रेस। लखनऊ/शाहजहांपुर

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में एक अभूतपूर्व दृश्य सामने आया जब पुंवाया में तैनात ट्रेनी आईएएस और उपजिलाधिकारी एसडीएम रिंकू सिंह को वकीलों के सामने सार्वजनिक रूप से उठक-बैठक कर माफ़ी मांगनी पड़ी। ये घटनाक्रम जिले भर में चर्चा का विषय बन गया है और सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है। सूत्रों के अनुसार, बीते तीन दिनों से वकीलों और एसडीएम के बीच किसी मुद्दे को लेकर तनाव बना हुआ था। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि वकीलों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और कामकाज तक ठप कर दिया। न्यायिक व्यवस्था पर इसका असर पड़ने लगा था। स्थिति को संभालने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कई प्रयास किए गए, लेकिन बात नहीं बनी। अंततः सोमवार को सबके सामने एसडीएम रिंकू सिंह ने वकीलों से माफी मांगते हुए उठक-बैठक की और मामले को शांत करने की कोशिश की। वकील संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि यह न्याय की जीत है, वहीं कुछ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों का मानना है कि एक आईएएस अधिकारी को इस तरह झुकना प्रशासन की गरिमा पर सवाल खड़े करता है।

### आगे क्या?

सूत्रों की मानें तो पूरे प्रकरण की रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है और रिंकू सिंह के व्यवहार की उच्चस्तरीय समीक्षा हो सकती है। वहीं स्थानीय जनता इस पूरे मामले को तमाशा करार दे रही है। यह घटना एक बार फिर प्रशासन और अधिवक्ताओं के बीच की खींचतान को उजागर करती है, जो अक्सर कानून-व्यवस्था को प्रभावित करती है। अब देखना यह होगा कि शासन इस उठक-बैठक विवाद पर क्या कदम उठाता है।

### सोशल मीडिया पर बवाल

घटना का वीडियो वायरल होते ही ट्विटर एक्स फेसबुक और व्हाट्सएप ग्रुप्स पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आने लगीं। कुछ लोगों ने एसडीएम की विनम्रता की तारीफ की, तो कुछ ने इसे प्रशासन की कमजोरी बताया।

# पति ने पत्नी को बच्चों समेत बेचा कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

- पीड़िता की तहरीर पर पुलिस नहीं दर्ज किया था मुकदमा मानवता हुई थी शर्मसार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले से इंसानियत को झकझोर देने वाली एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जिसने न सिर्फ रिश्तों की मर्यादा को तार-तार कर दिया, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले के महराजगंज थाना क्षेत्र के मजीठी गांव निवासी एक महिला ने अपने ही पति पर दो बच्चों समेत उसे बेचने का सनसनीखेज आरोप लगाया है।

### 15 साल की शादी, फिर सौदा महज 2.20 लाख में

पीड़िता शोभावती की शादी 15 साल पहले सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी राजेश से हुई थी। उनके चार बच्चे हैं – दो बेटे और दो बेटियां। पीड़िता के अनुसार, उसका पति उसे राशन कार्ड बनवाने के बहाने बदलापुर तहसील ले गया, जहां पहले से मौजूद दलालों के साथ मिलकर उसे और दो बच्चों को 2 लाख 20 हजार रुपये में बेच दिया।

### धमकियों के बीच सेवा के नाम पर बंधक बनाकर रखा

शोभावती ने बताया कि विरोध करने पर खरीददारों ने उसे और उसके बच्चों को असलहे के बल पर चुप रहने की धमकी दी। उसे मुंशी हरिजन नामक व्यक्ति के घर ÷सेवा÷ के नाम पर रखा गया, जबकि उसका पति सौदे को अपने मामा के जरिये पूरा कर चुका था। इस दौरान आरोपी पति ने उसके मायकेवालों से झूठ कहा कि वह बच्चों समेत घर से भाग गई है।




### पुलिस ने नहीं सुनी, कोर्ट ने दिखाई सख्ती

कई महीनों तक पीड़िता बंधक बनकर अमानवीय हालात में रही। किसी तरह एक दिन मौका पाकर वह भाग निकली और अपने मायके पहुंची। जब परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवानी चाही, तो पुलिस ने टालमटोल शुरू कर दी। हारकर पीड़िता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

### कोर्ट की फटकार के बाद दर्ज हुआ केस

मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने जौनपुर पुलिस को तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया। इसके बाद राजेश, अशोक, मुंशी हरिजन और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने अब आरोपियों की गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### प्रारंभिक जांच में संदेह का संकेत

महराजगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में महिला के आरोप संदिग्ध प्रतीत हो रहे हैं, और पूरी जांच के बाद ही अंतिम निष्कर्ष निकाला जाएगा।

### सवालों के घेरे में समाज और सिस्टम

यह मामला न सिर्फ कानून व्यवस्था की खामियों को उजागर करता है, बल्कि हमारे समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय तक पहुंच को लेकर भी कई गहरे प्रश्न खड़े करता है। जब परिवार ही भरोसे के रिश्ते को बेच दे, तो फिर इंसानियत कहां बचेगी?

# पानी को लेकर भतीजे ने बहाया चाची का खून, सिर पर मारा फावड़ा, निकल गई जान

जन एक्सप्रेस। मैनपुरी

साझे सबमर्सिबल पंप से पानी भरने के विवाद में भतीजे ने चाची के सिर पर फावड़े से वार कर उनकी हत्या कर दी। वारदात सोमवार सुबह गांव महालरपुर में हुई। आरोपी और उसके परिजन हत्या के बाद भाग निकले। पुलिस ने मंगलवार को मृतका अनीता (40) के शव का पोस्टमार्टम कराया और मुख्य आरोपी भतीजे अंकुश यादव सहित चार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यूपी के मैनपुरी स्थित करहल थाना अंतर्गत मीठेपुर चौकी क्षेत्र के गांव महालरपुर में तीन भाई अजय यादव, सौरभ और संजय का एक-दूसरे से सटा हुआ मकान है। संजय के घर के बाहर साझे में सबमर्सिबल पंप लगा है जिसे लेकर अक्सर तीनों भाइयों के परिवार के बीच पानी भरने के लिए विवाद होता था। सोमवार सुबह अजय की पत्नी अनीता घर के बाहर थीं, तभी उनका भतीजे अंकुश यादव पुत्र संजय से सबमर्सिबल पंप को लेकर विवाद शुरू हो गया।

# हर 15 दिन में धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा ऑडिट और मॉकड्रिल के निर्देश

जन एक्सप्रेस। देहरादून

हरिद्वार के मनसा देवी मार्ग पर हाल ही में हुई भगदड़ की घटना के बाद धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। ढ्ढत्र गढ़वाल रेंज राजीव स्वरूप ने सभी जिलों के पुलिस प्रभारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि हर 15 दिन में धार्मिक स्थलों का सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य रूप से कराया जाए। साथ ही मॉकड्रिल भी नियमित रूप से की जाए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत सामने आ सके और समय रहते कमियों को दूर किया जा सके। आईजी स्वरूप ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर किस समय कितनी भीड़ होती है, इसका आंकलन कर एक मानक



संचालन प्रक्रिया बनाई जाए। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए कम से कम एक सब इंस्पेक्टर की तैनाती अनिवार्य की गई है, जिससे जिम्मेदारी तय की जा सके। इसके अलावा, आईजी ने कहा कि सभी धार्मिक स्थलों पर भीड़ नियंत्रण के प्रभावी उपायों के साथ-साथ अग्नि सुरक्षा और विद्युत व्यवस्था को लेकर भी ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि फायर उपकरण स्थापित किए जाएं और इनके संचालन के लिए फायर सर्विस के कर्मचारियों की तैनाती हो। वहीं, विद्युत उपकरणों के सुरक्षित संचालन की जिम्मेदारी संबंधित विभाग के अधिकारियों पर डाली गई है। आईजी ने स्पष्ट किया कि मॉकड्रिल के बाद जो भी त्रुटियां सामने आएं, उन्हें तुरंत ठीक किया जाए और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

## खड़े ट्रक से टकराई मवेशियों से लदी डीसीएम, चालक परिचालक घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र के ऐंको के पास एक्सप्रेस-वे के 223 किलोमीटर पर मंगलवार सुबह जालौन से बबेरू औरैया डीसीएम जा रही थी। जिसमें 9 भैंस 6 पड़े सहित 15 मवेशी लदे हुए थे। इस दौरान तेज़ रफ़्तार डीसीएम वहां खड़े ट्रक से जा टकराई। जिसमें 6 दुधारू भैंसें समेत 9 पड़ियों की मौके पर मौत हो गई।

इस दौरान वहां से निकल रहे लोगों ने मामले की सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्मा तिवारी को दी। खबर मिलते ही प्रभारी निरीक्षक ने तत्काल पुलिस बल को घटना स्थल पर भेजा। जिन्होंने जांच पड़ताल के बाद घटना की खबर पशु चिकित्साधिकारी को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पशु चिकित्सालय की टीम ने मृतक मवेशियों का पोस्टमार्टम कराकर उन्हें दफनाने का इंतजाम भी किया। इस हादसे के दौरान ड्राइवर गोलू यादव व क्लीनर छोटू भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। बताया गया है कि चालक को झपकी आने से हादसा हुआ है।

# तुलसी साहित्य समागम से राजापुर का माहौल हुआ भक्तिमय

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**



तुलसी जन्मस्थली राजापुर में चल रहे 10 दिवसीय तुलसी जन्म महोत्सव से पूरे नगर का माहौल राम एवं तुलसीमय हो गया है। तुलसी जन्मकुटीर में ओम नमः शिवाय गौशाला वंशीवट वृंदावन धाम के सन्त रामदास महराज श्रद्धालुओं को श्रीरामचरितमानस पाठ का रसपान करा रहे है, वहीं सन्त व श्रीराम कथावचक मोरारी बापू के निर्देशन में चल रहे तुलसी साहित्य समागम में देश के विद्वान श्रीराम व तुलसी चरित्र पर व्याख्यान दे रहे है।

तुलसी साहित्य समागम के दूसरे दिन मंगलवार को काशी से आए प्रख्यात कथाकार शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि यदि प्रभु की कृपा हो जाए तो मूक व्यक्ति भी बोल पड़ता है और लंगड़ा भी पर्वत को लांघ सकता है। कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने ऐसे काल में श्रीरामचरितमानस की रचना की है, जब मुगल आक्रांताओं के द्वारा सनातन को नष्ट करने के लिए प्रयास किए जा रहे थ।

तब तुलसीदास ने सनातन धर्म की रक्षा करते हुए अग्रदूत के रूप में श्रीरामचरितमानस के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए सनातन धर्म की रक्षा की थी। बनारस से आए आशीष मिश्रा ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास के अनुसार वक्ता से श्रोता महान होता है, जो वक्ता के द्वारा सुनाए जा रहे श्रीराम चरित्र का रसपान करता है तथा वक्ता तो केवल कथा कहने में लीन रहता है। श्रीराम कथा श्रवण से ज्ञान, बुद्धि, विवेक का संचार होता है और जब मानव जीवन में ज्ञान, बुद्धि, विवेक के साथ भक्ति का मार्ग अपनाता है, तो वह परम तत्व को प्राप्त होता है। महान संत तुलसीदास ने गोस्वामी की उपाधि प्राप्त करके परम तत्व भगवान श्रीराम के दर्शन चित्रकूट के रामघाट में प्राप्त किए थे।

सीहोर मध्य प्रदेश से आई कथावाचक जयश्री शर्मा ने कहा कि श्रीरामचरितमानस में त्याग का बहुत बड़ा महत्व है। माता कैकेयी ने पुत्रमोह, पतिमोह को त्यागकर श्रीराम को 14 वर्ष वनवासी बनाने के लिए अपने पति दशरथ से वचन मांगा था। जबकि वह जानती थीं कि श्रीराम के वियोग में राजा दशरथ का जीना असम्भव है। इसके बावजूद भी उन्होंने वरदान मांगा ताकि श्रीराम समाज का कल्याण और आताताई राक्षसों का वध कर सकें। इस दौरान चित्रकूट, काशी, अहमदाबाद, ओंकारेश्वर, सीहोर, सीधी, बक्सर, अयोध्या आदि जगहों से आए कथाकार कृपाशंकर, रामप्यारेशरण, रामेश्वर हरिवाणी, अनूप शास्त्री, मुरलीदास, जयंती शर्मा, भागवत पाठक, रामचन्द्राचार्य, मिथलेश नन्दिनीशरण, मैथिलीशरण आदि विद्वानों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

## जहरीले कीड़े के काटने से युवती की मौत

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के अलाईपुरा में देर रात परिजनों के साथ सो रही युवती को सोते समय जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलाईपुरा निवासी तिलक चन्द्र के पुत्र रविन्द्र कुमार की बेटी गौरी सोमवार की रात परिवार के साथ सो रही थी। तभी सोते समय उसको सर्प ने काट लिया। जिससे वह जाग गई और उसने परिजनों को जगाकर बताया कि मुझे किसी ने काट लिया है। परिजनों ने उठकर आसपास देखा तो वहां सर्प था। इसके बाद परिजन उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाये, जहां से उसे उपचार देने के बाद कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि गौरी दो बहिनें और एक भाई है। जिसमें गौरी सबसे बड़ी थी। फिलहाल घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# न्यायालय के आदेश पर लूट व हत्या का मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कदौरा**

पुत्र की लूट के बाद की गई हत्या के मामले में थाने से न्याय न मिलने पर पीड़ित मां ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। तब कहीं जाकर न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

कदौरा थाना क्षेत्र के चतेला निवासी विजय कुमार पुत्र करेलाल का शव बेतवा नदी में उतराता मिला था।जिस की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक की मां अनीता देवी ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें अवगत कराया था की ग्राम पंडौरा निवासी रमन पुत्र सीताराम, राजू पुत्र जगन्नाथ, दिग्विजय पुत्र नंदू व राजू पुत्र मथुरा निवासी चतेला उसे नहाने के बहाने बेतवा नदी ले गए थे। मृतक की मां अनीता देवी ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें अवगत कराया था की ग्राम पंडौरा निवासी रमन पुत्र सीताराम, राजू पुत्र जगन्नाथ, दिग्विजय पुत्र नंदू व राजू पुत्र मथुरा निवासी चतेला उसे नहाने के बहाने बेतवा नदी ले गए थे। तभी वहां पर पुत्र की सोने की जंजीर व 10 हजार रूपये को लूटने लगे जिस पर साथ में गए साथी विनय पुत्र बबलू व पुत्र ने विरोध किया, तो उन लोगो ने उसे मारकर नदी मे फेंक दिया। लेकिन कदौरा पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया, जिस पर पीड़ित मां ने कोर्ट से न्याय की गुहार लगाई थी। इस संबंध मे प्रभारी निरीक्षक प्रभात सिँह ने बताया की कोर्ट के आदेश पर लूट व हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मामले में विवेचना की जा रही है।

# पुलिस व अंतर्जनपदीय सरिया चोर गिरोह के सदस्यों में हुई मुठभेड़

**जन एक्सप्रेस । उरई/कालपी**



पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम से अंतर्जनपदीय सरिया चोर गिरोह के सदस्यों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक चोर के पैर में गोली लग गई, जबकि गिरोह के तीन अन्य सदस्यों ने आत्मसमर्पण कर दिया।

एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि जून व जुलाई माह में एक निर्माणाधीन पेट्रोल पंप और मकान से लगभग 20 क्विंटल सरिया चोरी हुआ था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसओजी और कालपी पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई थी। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और ग्राउंड इंटेलिजेंस से जांच शुरू की। जांच में पता चला कि गिरोह का नेटवर्क अचलगंज, उन्नाव से जुड़ा है।सोमवार की रात एसओजी, सर्विलांस और कालपी पुलिस को सूचना मिली कि चोर गिरोह चोरी किए गए सरिया को ट्रक से ले जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने जोल्हूपुर के पास ट्रक की घेराबंदी की। खुद को घिरा देख चोरों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ में जवाबी कार्रवाई में अचलगंज उन्नाव निवासी कल्लू के पैर में गोली लग गई। गोली लगने के डर से अन्य तीन बदमाशों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने घायल चोर कल्लू को अस्पताल में भर्ती कराया। आत्मसमर्पण करने वाले आरोपियों के नाम संतोष, ओमप्रकाश और सुनील हैं। सुनील ट्रक मालिक और चालक भी है।पुलिस ने मौके से दो तमंचे, दो चाकू और लगभग 15 क्विंटल चोरी का सरिया बरामद किया है। एसपी ने बताया कि पकड़े गए सभी चोर कुशीनगर, गोरखपुर, झांसी और हमीरपुर समेत कई जिलों में सक्रिय थे। इन पर पहले से ही दो दर्जन से अधिक चोरी के मुकदमे दर्ज है। इस सराहनीय कार्य के लिए एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने पुलिस टीम को 25 हज़ार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# चिकित्साधिकारी ने 50 क्षय रोगियों को पोषण पोटली बांटकर बढ़ाया हौसला

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर में मंगलवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा 50 क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि चिकित्साधिकारी डॉ तनुषा टी आर के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में चिकित्साधिकारी डॉ तनुषा टी आर ने क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण करते हुए बताया कि घरेलू खान-पान के माध्यम से टीबी की बीमारी पर विजय पाई जा सकती है। उन्होंने क्षय रोगियों से कहा कि पोषण पोटली में उपलब्ध कराई गई पोषण युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें। सहजन-मुंनगा का सेवन कर शरीर में खून की कमी को दूर कर शरीर को सबल बना सकते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ राजेश सिंह ने क्षय रोगियों को इलाज के दौरान लिए जाने वाले पोषण युक्त भोजन की उपयोगिता की जानकारी दी। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अरुण पटेल ने क्षय रोगियों को घरेलू खानपान के तरीकों से टीबी के इलाज को सफलतापूर्वक पूर्ण करने की जानकारी दी। इस मौके पर सीएचसी के सहयोगी स्टाफ लैंब सुपरवाइजर सुनील गुप्ता, क्षय रोग विभाग के जिला पीपीएम समन्वयक विवेक कुमार मिश्रा सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# तुलसी जन्मस्थली से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**

तुलसी जन्म जयंती महोत्सव के दृष्टिगत नगर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन ने नगर पंचायत के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ व्यापारियों द्वारा सड़क व पटरी में किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया। तुलसी जन्म जयंती महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित आगमन के दृष्टिगत प्रशासन द्वारा नगर के प्रमुख मार्ग सब्जी मण्डी, तुलसी चैक, मानस मन्दिर रोड आदि मार्गो में अतिक्रमणकारियों को स्वतः नाली व पटरी पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के सख्त निर्देश दिए है। उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित आगमन के दृष्टिगत नगर में साफ-सफाई व अतिक्रमण हटाओ अभियान व्यापक रूप से चलाया जा रहा है। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि दुकान के बाहर टीन, छानी छप्पर, तिरपाल के अलावा नालियों व पटरियों के ऊपर दुकान का किसी भी प्रकार का सामान न रखें ताकि आवागमन में परेशानियों का सामना न करना पड़े। कहा कि किसी भी दशा में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बताया कि अतिक्रमण हटवाने के अलावा कस्बे के अंदर सड़कों व नालियों की मरम्मत तथा जर्जर विद्युत पोल तथा झूलती तारों को युद्ध स्तर पर ठीक कराया जा रहा है। साथ ही साफ सफाई के लिए राजापुर कस्बे के अलावा नगर पालिका कर्वी, मानिकपुर व मऊ से सफाई कर्मियों को बुलाकर युद्ध स्तर पर सफाई का कार्य कराया जा रहा है।

## आदिवासी बालिकाओं को कराया गया कालिंजर दुर्ग का शैक्षणिक भ्रमण



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान द्वारा संचालित प्रकाश आश्रय बालिका शिक्षा सहायता कार्यक्रम के तहत 40 आदिवासी बालिकाओं को कालिंजर दुर्ग का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान आदिवासी बालिकाओ ने दुर्ग स्थित प्राचीन नीलकण्ठ मन्दिर में भगवान शिव का दर्शन किया। यहां संस्थान के महामंत्री लल्लूराम शुक्ला ने बालिकाओं को मन्दिर के इतिहास व सांस्कृतिक के बारे में बताया। इसके अलावा बालिकाओं ने कोटि तीर्थ तालाब, राजा अमान सिंह का किला, मृग धारा, रंग महल, पहाड़, जंगल का आनंद लेते हुए दुर्ग के अनेक स्थानों में बनी कला कृतियों का अवलोकन किया। संस्थान संस्थापक गोपाल भाई ने सभी को कालिंजर दुर्ग के इतिहास के बारे में भी बताया। इस दौरान सभी ने शैक्षणिक भ्रमण का विचार लिखते हुए एक-एक दृश्य बनाया। इसके बाद सभी ने भोजन मंत्र कर सामूहिक भोजन किया। इस मौके पर संस्थान के सदस्य अरविन्द, धीरेन्द्र, संजय शुक्ला, शिवबरदानी, चन्द्रप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# यमुना के जलस्तर में वृद्धि से बाढ़ की स्थिति, प्रशासन सतर्क, बाढ़ चौकियां सक्रिय, नावें तैनात

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिले में यमुना नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि के चलते बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। तहसील कालपी, जालौन व माधौगढ़ क्षेत्रों से होकर बहने वाली यमुना नदी का जलस्तर 29 जुलाई को दोपहर 12 बजे कालपी केंद्र पर 106.370 मीटर दर्ज किया गया, जबकि जनपद में चेतावनी बिंदु 107 मीटर व खतरे का बिंदु 108 मीटर निर्धारित है। जलस्तर में और वृद्धि की संभावना को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार व एडीएम संजय कुमार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

तहसील कालपी के दो गांव पड़री व रायड़दिवारा के संपर्क मार्गों पर पानी भरने से लगभग 500 की आबादी प्रभावित हुई है, हालांकि जनहानि या पशुहानि की कोई सूचना नहीं है।अन्य गांवों में अभी तक आबादी प्रभावित नहीं हुई है। प्रशासन द्वारा त्वरित राहत हेतु फसल व मकान क्षति का सर्वे कराया जा रहा है। जनपद में अब तक आवश्यकता के अनुसार 10 छोटी व 6 बड़ी नावें तैनात कर दी गई हैं। तहसील कालपी के 8, माधौगढ़ के 6 व जालौन के 5 गांवों में कृषि भूमि प्रभावित हुई है। नदी के किनारे बसे सभी गांवों में बाढ़ चौकियां सक्रिय कर दी गई हैं। जिनमें खाद्यान्न, पीने का पानी, स्वास्थ्य सेवाएं और पशुओं के लिए चारा व टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। SDRF की टीम जनपद में उपलब्ध है। तहसीलों के उपजिलाधिकारी, राजस्व विभाग की टीमें तथा पंचायत राज, स्वास्थ्य, पशुपालन व पुलिस विभाग के अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर कैंप कर रहे हैं।

## रंगदारी मांगने पर दो कथित समाजसेवी महिलाओं को पुलिस की संयुक्त टीम ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

आपको बताते चलें कि मामला



जिले के गिरवां थाना पुलिस व महिला थाना पुलिस ने कथित समाजसेवी शालिनी पटेल व ज्योति नाम की महिलाओं को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ थाना कोतवाली नगर व थाना गिरवां में रंगदारी मांगने के मामले पंजीकृत थे। पुलिस ने पर्याप्त सबूतों के आधार पर आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है और न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायालय ने आरोपी महिलाओं को जेल भेज दिया। सम्बंधित मामले में आगे कार्यवाही की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक ने वीडियो जारी कर जानकारी दी।

# कल गनीवां में सीएम योगी करेंगे तुलसी प्रतिमा का अनावरण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती अवसर पर उनकी प्रतिमा स्थापना को लेकर तैयारियां अपने अंतिम चरण पर है। 31 जुलाई को आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय संत मोरारी बापू एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में प्रतिमा का अनावरण किया जाना प्रस्तावित है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के दृष्टिगत जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक परिवार को आमंत्रण पत्र के साथ गोस्वामी तुलसीदास का साहित्य और कलेण्डर देने का कार्य दीनदयाल शोध संस्थान के कार्यकर्ता पिछले एक माह से कर रहे हैं। साथ ही इस सम्बन्ध में कर्वी, राजापुर, मऊ में बैठकों का भी आयोजन किया गया है।

संत मोरारी बापू व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा इस कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के आने की भी संभावना है। कार्यक्रम को सफल बनाने एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष कर्वी नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ भरत मिश्रा, समाजसेवी कमलेश मिश्रा, दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव निखिल मुण्डले, कोषाध्यक्ष वसन्त पंडित, संगठन सचिव अभय महाजन द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है।

# विधवा महिला के ऊपर हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



विधवा महिला के ऊपर जान से मारने की नियत से लाठी, डण्डों एवं कुल्हाड़ी से हमला करने वाले दो तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक महिला व दो पुरुष शामिल है।

गौरतलब है कि बीते रविवार को थाना बहिलपुरवा के गांव कर्का निवासी अंशिका पुत्री स्व शिवशरन उर्फ कल्लू ने थाने में सूचना दी गयी कि बीती 22 जुलाई को उसकी माँ मंजू खेत से घर आ रही थी। इस दौरान बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के कर्का पड़रिया निवासी तभी भोला यादव, पिन्टू यादव, सुनीता, रामआसरे व रामसरन तथा बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के रुखमा खुर्द निवासी त्रियुगी नारायण गाली देते हुए उसकी माँ ऊपर लाठी-डण्डों व कुल्हाडी से हमला कर दिया। जिससे सिर में चोट लगने से उसकी मां क मौके पर ही बेहोश हो गयी। इसके अलावा उसका मोबाइल फोन भी आरोपियों ने छीन लिया। इस सूचना पर आरोपियों के विरुद्ध थाने में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को लगाया गया। मामले की विवेचना के क्रम में बीते सोमवार को बहिलपुरवा थाना प्रभारी आशुतोष तिवारी व उनकी टीम उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह, आरक्षी मोनू राय व महिला आरक्षी स्वाती सिंह द्वारा आरोपी भोला यादव, पिन्टू यादव व महिला आरोपी सुनीता को गिरफ्तार किया गया।

## खेत में पति को व चारा काटते समय पत्नी को सर्प ने काटा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के तरसौर पुरवा में खेत पर गए दम्पति को जहरीले सर्प ने काट लिया।हालत बिगड़ने पर इलाज के लिए गांव में ही स्थित अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर पति की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम तरसौर पुरवा निवासी पति असलम खान 35 वर्ष अपने खेत पर धान की फसल देखने गया था। इस दौरान उसे किसी जहरीले सर्प ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए। बताया गया कि इसके बाद उसकी पत्नी जेनफ़ 33 वर्ष दोपहर के समय चारा काटने बम्बी बाले खेत पर गई थी। जिसे चारा काटते समय सांप ने काट लिया।

# शिव कृष्ण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अस्पताल नहीं-लूट का केंद्र: पूर्व कैप्टन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




आपको बताते चलें कि हाल में ही जिले के शिव कृष्ण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संचालक अरूणेश पटेल व एडीएम की दोस्ती व व्यापार की पोल खुलने के बाद शिव कृष्ण मल्टी स्पेशलिस्ट हास्पिटल की प्रतिदिन कुछ न कुछ पोल खुलती चली आ रही है। जिले के एडीएम राजेश वर्मा व शिव कृष्ण मल्टी स्पेशलिस्ट हास्पिटल के संचालक अरूणेश पटेल की शराब पार्टी की फोटो वायरल होने के बाद प्रदेश के मुखिया ने संज्ञान लिया और उनका तबादला कर दिया। लेकिन शिव कृष्ण मल्टी स्पेशलिस्ट हास्पिटल जो की पूर्णतः ग्रीन लैंड में खडा है जिसे पूर्व में जिलाधिकारी ने सीज कर दिया था और ध्वस्तीकरण क्यों न हो नोटिस भी जारी की थी लेकिन मामला कुछ दिनों तक गरम रहा फिर ठंडे बस्ते में चला गया।फिर इसके बाद जिले में अफसर रहे सौरभ वर्मा की इंट्री हुई और शिव कृष्ण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संचालक अरूणेश पटेल ने राजेश वर्मा से सांठगांठ कर राजेश वर्मा की पत्नी को अपने व्यापार में पार्टनर बना लिया।और सभी सरकारी सिस्टम व नियम कानून को ठेंगा दिखा। और अवैध बनें शिव कृष्ण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल को खुलवा दिया। जहां अभी मामले में जांच जारी है।और हो सकता है कि जिले के जिम्मेदार अफसरों द्वारा शिव कृष्ण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जो की ग्रीन लैंड में खडा है जल्दी ही जमींदोज हो जाए।जब इन सब खबरों का प्रकाशन मीडिया में हुआ तो शिव कृष्ण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की पोल भी धीरे धीरे खुलने लगी।बीते नौ माह से एक पूर्व कैप्टन शिवकुमार त्रिपाठी ने रक्षामंत्री सहित सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से डाक द्वारा शिकायती पत्र भेज गुहार लगाते रहे की डा0संगीता की लापरवाही से उनकी नातिन की डिलीवरी में खामियां हुई हैं।

जिस वजह से उनकी नातिन की डिलीवरी के तुरंत बाद से ही सेहत में सुधार नहीं हुआ।जिसे डा0सगीता ने आनन फानन में कानपुर रिफर कर दिया। और कानपुर में डाक्टर ने बताया कि बच्ची के साथ डिलीवरी में खींच तान ज्यादा करने से बच्ची की हालत सीरियल हो गयी थी। जिसे कानपुर तक के डॉक्टर नहीं बचा पाए। लेकिन फौजी ने पत्र में कहा की मैं लड़ते लड़ते थक गया हूं। लेकिन अब लड़ाई का अंत आ गया है। जिले में एडीएम रहे राजेश वर्मा के प्रभाव से फौजी की शिकायत में हमेशा एक झूंठी रिपोर्ट लग जाती रही। लेकिन सारा खुलासा होने के बाद फौजी ने फिर एक बार अपने साथ हुऐ जनहानि व आर्थिक हानि की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित रक्षामंत्री को भेज जांच में दूसरे जिले के अफसरों को देने का निवेदन किया। और कहा कि मैंने पूरे जीवनभर देश के फौजी के रूप में सेवा की लेकिन मैं आज खुद अपनी शिकायत इधर उधर लिऐ घूम रहा हूं लेकिन आज तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई।

पीड़ित ने बताया की मेरे जैसे न जाने और कितने लोग हैं जो अपनी शिकायत आप तक पहुंचा ही नहीं पाते।मुझे उम्मीद है की आप मेरे मामले में संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही करने की कृपा करेंगे। और ग्रीन लैंड में खड़ा ये अवैध हास्पिटल जमीदोज करा देंगे।ताकि यहां के गरीबों मजलूमों की जान व आर्थिक शोषण होने से बचाया जा सके।

लखनऊ एक्सप्रेस
हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive




**देवघर में बस-ट्रक भिड़े, 5 कांवड़ियों समेत...**

देवघर में बस और ट्रक के बीच टक्कर में 5 कांवड़ियों समेत 6 की मौत हो गई। 24 कांवड़िए घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। हादसा मंगलवार सुबह 5 बजे देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास नावापुरा गांव में हुआ। टक्कर इतनी जोरदार... पढ़ें पेज 12 पर...

# पत्रकार की इज़्ज़त पर साइबर हमला

## अश्लील वीडियो वायरल कर 2 लाख की मांग, धमकी, 'पत्रकारिता छोड़नी पड़ेगी'

- सोशल मीडिया पर वायरल हुआ निजी वीडियो, जातिसूचक गालियाँ और जान से मारने की धमकी, लखनऊ के साइबर क्राइम सेल में एफआईआर की गुहार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



पत्रकारिता के पेशे से जुड़े एक निडर और समर्पित पत्रकार पर शातिर साइबर हमलावरों ने घिनौनी चाल चली है। निजी और आपत्तिजनक वीडियो वायरल कर उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को मिट्टी में मिलाने की कोशिश की जा रही है। यह शर्मनाक हरकत सिर्फ बदनाम करने तक सीमित नहीं रही – बल्कि 2 लाख रुपये की रंगदारी, जान से मारने की धमकी और पत्रकारिता छोड़ने की चेतावनी भी दी गई। पीड़ित पत्रकार वीरेंद्र सिंह उर्फ करण सिंह, जो इन दिनों मायापुरम कॉलोनी, लखनऊ में रहकर जनहित में पत्रकारिता कर रहे हैं, ने हजरतगंज स्थित साइबर क्राइम सेल को शिकायती पत्र सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

### क्या है पूरा मामला

29 जुलाई 2025 को दोपहर 1¬53 बजे पत्रकार से जुड़े कई सोशल मीडिया ग्रुपों में उनका एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल कर दिया गया। पीड़ित के अनुसार, इस साजिश के पीछे आर्यन ठाकुर (ग्राम भलिया, थाना काकोरी), राहुल यादव (ग्राम अनौरा, थाना सरोजिनी नगर) और विमल शर्मा (ग्राम भरोसा, थाना पारा) का नाम सामने आया है। इन लोगों ने न सिर्फ वीडियो को वायरल किया, बल्कि उसे और आगे फैलाने की धमकी भी दी। जब पत्रकार ने इस कुकृत्य पर सवाल उठाया, तो बदले में मिलीं गालियाँ, जातिसूचक अपशब्द और खौफनाक धमकियाँ। कहा गया कि अगर पैसा नहीं दिया तो तुम्हारी पत्रकारिता खत्म कर देंगे। ऐसे में सवाल उठता है क्या अब पत्रकारिता करना ही सबसे बड़ा जुर्म बन चुका है?

### मानसिक आघात और सामाजिक अपमान

वीरेंद्र सिंह ने अपनी शिकायत में लिखा है कि इस घटना से वे गहरे सदमे में हैं और सामाजिक तौर पर उन्हें बदनामी का सामना करना पड़ रहा है। पत्रकार जो समाज की आवाज़ बनने का काम करता है, उसकी खुद की आवाज़ को दबाने की यह साज़िश किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला है।

### क्या बोले जानकार

वरिष्ठ पत्रकारों का कहना है कि इस मामले में तत्काल कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे मामलों को नजरंदाज करना सिर्फ पत्रकार नहीं, बल्कि पूरे समाज को खतरे में डालना है।

### अब सवाल यह है कि...

- क्या लखनऊ पुलिस और साइबर क्राइम सेल इस शर्मनाक साजिश के गुनहगारों को बेनकाब करेगी?
- क्या एक पत्रकार को न्याय मिलेगा या सिस्टम फिर आंखें मूंदे रहेगा?
- जनता देख रही है, सवाल कर रही है क्या सच की आवाज़ अब डर के साए में जीने को मजबूर है?

# सीएमओ हरदोई पर गिरी गाज

## वित्तीय गड़बड़ी, लापरवाही और शासन आदेशों की अनदेखी के चलते हटाए गए डॉ. धीरेन्द्र सिंह, भ्रष्टाचार और धनवसूली की आशंका भी उजागर




जन एक्सप्रेस । लखनऊ/हरदोई

हरदोई जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर लंबे समय से उठ रही शिकायतें और बदइंतजामी अब सरकारी रिकॉर्ड में भी उजागर हो चुकी हैं। अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ मण्डल द्वारा जारी एक सख्त आदेश में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. धीरेन्द्र सिंह को तत्काल प्रभाव से पद से हटाने और वरिष्ठ अधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार सचान को सीएमओ का प्रभार सौंपने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### आरोप गंभीर, लापरवाही शर्मनाक

जारी आदेश में यह साफ कहा गया है कि डॉ. धीरेन्द्र सिंह मुँह के कैंसर के उपचार के बाद स्पष्ट रूप से संवाद करने में अक्षम हैं, और बैठकों में प्रतिनिधित्व के लिए ष्टस्ह्र को साथ लाना पड़ता है – जिससे शासन और जिला स्तरीय कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही थी। लेकिन यह सिर्फ बीमारी तक सीमित नहीं रहा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वित्तीय अनियमितताओं का भी खुलासा हुआ है। उच्चाधिकारियों द्वारा बार-बार दिये गये निर्देशों और पत्रों के बावजूद डॉ. सिंह ने न तो स्पष्टीकरण दिया, न ही अपनी रिपोर्ट भेजी। यह न सिर्फ शासनादेशों की खुली अवहेलना है बल्कि भ्रष्टाचार की बू भी साफ तौर पर उठ रही है।

### शिकायतों की लंबी फेहरिस्त

पत्र में इस बात का भी जिक्र है कि डॉ. धीरेन्द्र सिंह के खिलाफ कई शिकायतें पहले से लंबित थीं, जिनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से धन वसूली, गलत पोस्टिंग, और विभागीय अनुशासनहीनता के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि डॉ. सिंह की कार्यशैली से इन शिकायतों को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता।

### प्रशासनिक सर्जरी की ज़रूरत थी, अब देर से ही सही कदम उठाया गया

हरदोई जैसे ज़िले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पहले से ही जर्जर है, और ऐसे में एक निष्क्रिय और संदिग्ध आचरण वाले अधिकारी का शीर्ष पद पर बने रहना, स्वास्थ्य तंत्र के लिए घातक साबित हो रहा था। डॉ. अरविन्द कुमार सचान को कार्यभार सौंपना इसी सर्जरी का हिस्सा माना जा रहा है।

### प्रश्न कई हैं–जवाबदेही कौन तय करेगा?

- क्या डॉ. धीरेन्द्र सिंह की अनदेखी से अब तक हुए नुकसान की भरपाई हो सकेगी?
- क्या विभागीय जांच में उनकी कथित वित्तीय गड़बड़ियों और पोस्टिंग घोटालों की निष्पक्ष जांच होगी?
- सबसे बड़ा सवाल, क्या सिर्फ प्रभार हटाना काफी है, या एफआईआर और विभागीय कार्यवाही की ज़रूरत भी है?
- जनता जवाब चाहती है। स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी अब बर्दाश्त के बाहर है।

# इटौंजा नगर पंचायत चेयरमैन ने वार्ड नंबर 9 की आरसीसी रोड निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले की इटौंजा नगर पंचायत में विकास कार्य को गति देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अवधेश अवस्थी कमल ने स्व. शंकर लाल की दुकान से स्व. सूर्य बक्श सिंह के द्वार तक वार्ड नंबर 09 में आर.सी.सी. रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान इटौंजा चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल ने राजू सोनी के मकान से राजेंद्र तिवारी के मकान तक वार्ड नंबर 01 में आर.सी.सी. रोड के निर्माण कार्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत इटौंजा, माखन सिंह एवं वार्ड के सम्मानित नागरिक मौजूद रहें। इस अवसर पर इटौंजा नगर पंचायत चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल ने बताया कि इटौंजा का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है, सड़क, नाली, पानी, लाइट व अन्य सुविधा निरंतर सभी नगर वासी को उपलब्ध हो रही है। जहां भी समस्या होती है वहां तुरंत समस्या का निधन किया जाता है और इटौंजा नगर पंचायत का विकास हमारी अहम जिम्मेदारी है,लगातार विकास कार्य किया जा रहे हैं।

# पिछड़े वर्ग के छात्रावासों के अनुरक्षण हेतु 4.99 करोड़ मंजूर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश के 9 जिलों में स्थित 10 छात्रावासों के अनुरक्षण कार्य हेतु 499.33 लाख रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 की ÷पिछड़ा वर्ग छात्रावास अनुरक्षण योजना÷ के अंतर्गत संचालित किया जाएगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने बताया कि छात्रावासों की अवस्थापना सुविधाओं को बेहतर बनाकर छात्रों को एक सुरक्षित, स्वच्छ, सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना के अंतर्गत भवनों की मरम्मत, रंगाई-पुताई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, शौचालयों की दशा सुधार, नालियों की मरम्मत तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा।जिन जनपदों में यह कार्य कराया जाएगा, उनमें लखनऊ, प्रयागराज, बहराइच, गोंडा, महोबा, हमीरपुर, मुरादाबाद, मेरठ एवं संतरविदासनगर शामिल हैं। इन जिलों के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में संचालित छात्रावासों में पढ़ने वाले पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं को इस निर्णय से सीधा लाभ मिलेगा।

# जिलाधिकारी विशाख द्वारा एनएचएआई की निर्माणाधीन परियोजना लखनऊ हरदोई रोड को 4 लेन बनाने के कार्य की प्रगति का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ जिलाधिकारी विशाख ने मंगलवार को ह्वाढ्ढ की निर्माणाधीन परियोजना लखनऊ हरदोई रोड को 4 लेन बनाने के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त रोड को 280.72 करोड़ की लागत से 4 लेन में परिवर्तित किया जा रहा है। परियोजना की कुल लंबाई 31.730 किलोमीटर है और किसान पथ फ्लाईओवर ह्वा731 से हरदोई बार्डर तक 4 लेन रोड का निर्माण कराया जा रहा हैं। परपरियोजना अधिकारी द्वारा बताया गया कि लगभग 98त्न निर्माण कार्य पूरा हो गया है। शेष काम प्रगति पर है। जिलाधिकारी द्वारा किसान पथ अंडरपास काकोरी रोड से निरीक्षण की शुरुआत करते हुए किए जा रहे कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा परियोजना अधिकारी को निर्देश दिए गए कि उक्त स्थल शहर का एंट्री प्वाइंट है जिसके मद्देनजर किमी 260+800 से किमी 260+600 के बीच मेडियन (मध्य पट्टी) में मेडियन प्लांटेशन सुनिश्चित किया जाए। उक्त के बाद जिलाधिकारी द्वारा किमी 256+019 पर स्थित मेजर ब्रिज पर किए जा रहे कार्यों का भी जायजा लिया गया। परियोजना अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में अप्रोच स्लैब का कार्य चल रहा है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि दोनों ओर यातायात को आगामी 10 दिनों के भीतर प्रारंभ किया जाए, इसके लिए शेष कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। उक्त निरीक्षण में पीडी उप जिलाधिकारी मलिहाबाद, राहुल चक्रेश, सूर्या विकास जायसवाल राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# देवा रोड पर भीषण ट्रक हादसा, 1 की मौत, 2 घायल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मंगलवार तड़के लखनऊ के देवा रोड स्थित किसान पथ के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में चालक सहित तीन लोग ट्रकों के नीचे फंस गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद दो लोगों को जीवित बाहर निकाला गया, जबकि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। फायर स्टेशन ऑफिसर (एफएसओ) राम कुमार रावत ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 4¬40 बजे उन्हें सूचना मिली कि किसान पथ सोहरा देवा रोड ओवरब्रिज के पास दो ट्रक आपस में टकरा गए हैं और कई लोग उनमें फंसे हुए हैं। सूचना पर फायर स्टेशन हजरतगंज से एमडीआरवी के साथ चालक ओंकार नाथ राव घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि एक ट्रक के नीचे एक युवक बुरी तरह दब गया था, जिससे उसके शरीर का एक हिस्सा कुचल गया था और सड़क पर काफी खून फैल गया था। वहीं फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और ट्रक चालक महिपाल सिंह (निवासी निवाजपुर, शाहजहांपुर) और शैलेंद्र सिंह (निवासी रोजा मिल, शाहजहांपुर) को जीवित बाहर निकाला। दोनों घायलों को तुरंत एम्बुलेंस से इलाज के लिए केजीएमयू (चत्नरू) अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। दुर्भाग्यवश, इस हादसे में चालक संदीप सिंह (निवासी निवाजपुर, शाहजहांपुर) की मौके पर ही मौत हो गई। वह ट्रक के पहिए के नीचे आ गए थे, जिससे उनकी जान चली गई। फायर ब्रिगेड टीम ने उनके शव को बाहर निकालकर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक के परिवार को शाहजहांपुर में सूचना दे दी है और वे लखनऊ के लिए रवाना हो चुके हैं। हादसे में शामिल एक ट्रक क्र21 ष्ठत्र 9221 के मालिक उस्मान ने बताया कि उनका ट्रक मुरादाबाद से रांची परचून का सामान लेकर जा रहा था। उन्हें सुबह हादसे की जानकारी मिली, जिसके बाद से उनके ड्राइवर से संपर्क नहीं हो पाया है।

# जमीनी विवाद में युवक की घर में घुसकर निर्मम हत्या, बहन के सामने ईंट और बांके से वार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ में जमीनी रंजिश ने एक युवक की जान ले लीं। बता दें कि सोमवार देर रात मलिहाबाद के ग्राम बखतौरी में पुरानी अदावत के चलते कुछ दबंगों ने 32 वर्षीय अमन दीक्षित के घर में घुसकर उन पर ईंटों और धारदार बांके से हमला कर दिया। इस नृशंस हमले में अमन की मौके पर ही मौत हो गई। यह पूरी वारदात मृतक की बहन राधिका की आंखों के सामने हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वहीं मृतक अमन की बहन राधिका ने पुलिस को बताया कि आरोपियों से पिछले लगभग एक साल से जमीनी विवाद चल रहा था, जिसके कारण आए दिन झगड़े होते रहते थे। सोमवार रात करीब 9 बजे, गांव निवासी पंकज दीक्षित, मंजू दीक्षित, नीरज दीक्षित, सपना दीक्षित, कल्पना दीक्षित और विमलेश दीक्षित अपने कुछ साथियों के साथ उनके घर में घुस आए। पुरानी रंजिश के चलते उन्होंने अमन पर ईंट और बांके जैसे धारदार हथियारों से पीठ और सिर के पिछले हिस्से पर जानलेवा हमला किया। इस हमले से अमन अचेत होकर गिर पड़े और मौके पर ही दम तोड़ दिया। हमलावर अमन को मरा हुआ समझकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, रहीमाबाद थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत ससपन के मजरा बकतौरीपुर निवासी अमन दीक्षित ट्रैवल एजेंसी में गाड़ी चलाकर अपना गुजर-बसर करते थे। विवाद उनके चाचा, स्व. मदन दीक्षित के खाली पड़े घर को लेकर था, जिस पर पंकज दीक्षित कब्जा करना चाहते थे। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच कई बार विवाद हो चुका था।सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जरूरी सबूत जुटाए। मृतक अमन की बहन राधिका की तहरीर पर छह नामजद आरोपियों-पंकज दीक्षित, मंजू दीक्षित, नीरज दीक्षित, सपना दीक्षित, कल्पना दीक्षित और विमलेश दीक्षित के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी ने बताया कि मामले की शुरुआती जांच में पुरानी रंजिश सामने आ रही है और बाकी आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मनरेगा से बदली ग्रामीण तस्वीर, हर हाथ को मिल रहा काम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में ग्राम्य विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी, पारदर्शी एवं तेज गति से किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य ग्रामीणों का सतत विकास एवं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें और विकास कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरती जाए।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव व गरीबों के उत्थान के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसके लिए निरंतर प्रयास कर रही है। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा मुख्य रूप से मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना,मुख्यमंत्री आवास योजना - ग्रामीण, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि प्रमुख योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसमें उत्तर प्रदेश ने लगातार पिछले कई वर्षों से अच्छी प्रगति किया है तथा कई योजनाओं,घटको के क्रियान्वयन में देश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश ने मानव दिवस सृजन में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए रोजगार सृजन हेतु ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वार्षिक भौतिक लक्ष्य 26 करोड़ मानव दिवस निर्धारित किया गया, जिसके सापेक्ष प्रदेश द्वारा 33.65 करोड़ मानव दिवस सृजित किए गए।

## बीकेटी में भैंस चोरों का आतंक, रात में तीन भैंसें चुराने की कोशिश

- कठवारा के चनवातारा के ग्रामीणों के घेरने पर चोर डाला छोड़कर भागे चोर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में भैंस चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। मंगलवार रात को चोरों ने अलग अलग गांवों से तीन भैंसें चुराने का प्रयास किया। बता दें कि चोर भैंसों को अपने साथ लाए छोटा हाथी डाला में लादकर ले जा रहे थे। वहीं घटना बीकेटी थाना क्षेत्र की कठवारा चौकी इलाके में हुई। चोरों ने कठवारा गांव के मजरा चनवातारा में राजरानी पत्नी राजाराम के घर के बाहर बंधी दो भैंसें और खेरवा गांव के सुधीर गुप्ता के घर के बाहर बंधी एक भैंस को निशाना बनाया गया है। लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में भैंस चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। चनवातारा गांव निवासी सुधीर गुप्ता को कुछ आहट सुनाई दी, जब उन्होंने बाहर देखा तो चोर भैंस को डाला में लादकर ले जाने का प्रयास कर रहे थे। सुधीर ने तुरंत आसपास के ग्रामीणों को सूचित किया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर चोरों की घेराबंदी कर दी। चोर अपने साथ लाए छोटा हाथी डाला और भैंसें छोड़कर भाग निकले। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बीकेटी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डाला को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई। पुलिस अब डाला के नंबर के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि चनवातारा गांव निवासी राजरानी के घर के बाहर से एक महीने पहले भी एक भैंस चोरी हुई थी। लेकिन अभी तक उस मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है।

# मां की लाश के बाद बाप की फांसी पर झूलती हकीकत: मासूम बेटियों की आंखों से बहता इंसाफ़ का इंतजार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

एक मासूम सी सुबह थी, जब दो बेटियों की दुनिया एक झटके में उजड़ गई। पहले मां का खून और फिर बाप की फांसीज और पुलिस? बस लकीर पीटती रही, जैसे जान की कोई कीमत नहीं। माल थाना क्षेत्र के बाजार गांव में रविवार को जो हुआ, वह किसी भी संवेदनशील प्रशासन की नींद उड़ाने के लिए काफी है–अगर वह वाकई संवेदनशील हो। रवि रावत नाम के एक युवक ने नशे की हालत में अपनी पत्नी सीमा (25) की ईंट से सिर कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी। उसके बाद फरार हो गया, लेकिन कहां फरार हुआ था? इसी गांव में, महज 600 मीटर दूर की बाग में... पुलिस चाहती तो उसे बचाया जा सकता था।

### पुलिस की आंखों पर पट्टी

हत्या के बाद पुलिस ने मौका-ए-वारदात पर मुआयना तो किया, फोरेंसिक टीम भी आई, पर सवाल ये है कि आला-ए-कत्ल (हत्या में इस्तेमाल ईंट) को वहीं छोड़ दिया गया, जो खुद आरोपी के मन में यह भय पैदा करने के लिए काफी था कि अब वह कभी नहीं छूटेगा। डर और



नशे में डूबे रवि ने अगले ही दिन चंदन महाराज की बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रवि रविवार को ही आत्महत्या कर चुका था। जब उसका शव बरामद हुआ, तो वह पूरी तरह अकड़ा हुआ था–इसका मतलब साफ है कि मौत काफी पहले हो चुकी थी। लेकिन पुलिस को उसकी भनक तक नहीं लगी। वह ढूंढ रही थी या आंख-मिचौली खेल रही थी? जिस बीट के दरोगा पर रवि की तलाश की जिम्मेदारी थी, वह पहले से ही बदनाम है। फिर भी थाना प्रभारी ने उसे ही इस गंभीर मामले का जिम्मा सौंप दिया। अब सवाल उठता है कि अगर रवि गांव में ही था, तो पुलिस को क्यों नहीं मिला? क्या यह सीधी-सी बात प्रशासनिक लापरवाही और संवेदनहीनता को नहीं दिखाती?

### दो मासूम बेटियां, अब नाना के सहारे

सीमा और रवि की दो बेटियां–पायल और पलक–अब अनाथ हो चुकी हैं। चंडीगढ़ में मजदूरी करने वाले माता-पिता की मौत के बाद ये मासूम बच्चियां अपने नाना के घर औरास (उन्नाव) की ओर देख रही हैं। ससुराल पक्ष का कोई अता-पता नहीं।

### अगर पुलिस चेत गई होती तो आज एक जान बच सकती थी

माल थाना प्रभारी का बयान और रवैये से सवाल उठते हैं–क्या आला कत्ल को वहीं छोड़ देना पुलिसिया प्रक्रिया है? क्या इस डर का मनोवैज्ञानिक असर आरोपी के मानसिक संतुलन पर नहीं पड़ेगा? क्या कर्तव्यनिष्ठा इतनी गिर चुकी है कि एक जान का जाना भी फॉर्मेलिटी भर हो गया?

### न कानून जागा, न इंसाफ बोला

इस दर्दनाक हादसे में कानून की सुस्ती, पुलिस की चूक और प्रशासन की बेपरवाही तीनों ने मिलकर एक त्रासदी को जन्म दिया। एक मां की हत्या, एक पिता की आत्महत्या और दो बच्चियों की उजड़ी हुई जिंदगी... ये वो सच्चाई है जिसे न खबरें भुला सकती हैं, न फाइलों में दबा सकती हैं। अब सवाल है–कौन करेगा इंसाफ? कौन बनेगा इन मासूमों की आवाज़? और कौन लेगा इस लापरवाही की जिम्मेदारी?

*(यह खबर जन भावना की आवाज़ है, अगर प्रशासन अब भी नहीं जागा तो अगला हादसा किसी और घर की खुशियों को लील सकता है।)*

हैदराबाद ले जाकर की गई प्रताड़ना...

# नाबालिग लड़की से जबरन धर्म परिवर्तन और निकाह का दबाव बनाने के दो आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन और निकाह का दबाव बनाने के दो आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पीड़िता को बहला-फुसलाकर हैदराबाद ले जाकर प्रताड़ित करने का आरोप अल्पसंख्यक समुदाय के युवक हैदर अली पर लगा है।पुलिस ने मामले में पॉक्सो एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार,एक महीने पहले गांव की एक नाबालिग लड़की को आरोपी हैदर अली प्रेमजाल में फंसा कर अपने साथ हैदराबाद ले गया था। वहां उसने एक किराए के मकान में लड़की को रखा और कुछ दिन बाद उस पर धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का दबाव बनाने लगा।विरोध करने पर आरोपी उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता रहा।पीड़िता के भाई के अनुसार, आरोपी ने उसकी बहन के साथ जबरदस्ती की और बार-बार मारपीट की।मौका मिलने पर जब आरोपी कमरे में नहीं था,तो लड़की वहां से किसी तरह भाग निकली।रास्ते में एक व्यक्ति की मदद से वह किसी तरह घर वापस लौटी।घर पहुंचने के बाद उसकी हालत काफी खराब थी और होश में आने पर उसने आप बीती परिजनों को बताई।परिजनों की शिकायत पर पीपरपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।थाना प्रभारी रामराज कुशवाहा ने बताया कि किशोरी की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट धारा 366, 376, 323, 506, सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।पुलिस ने मुख्य आरोपी हैदर अली समेत दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस पूरे घटनाक्रम की गहनता से जांच कर रही है।

## रजत हिंडोले पर रामलला का राजसी विहार

**अयोध्या।** सावन शुक्ल पंचमी की सुबह जब सूर्य की किरणें सरयू की लहरों पर स्वर्णिम आभा बिखेर रही थीं, तभी रामकोट की पावन भूमि पर इतिहास जैसे एक बार फिर जीवंत हो उठा। भव्य महल में रजत (चांदी) के अद्भुत हिंडोले पर बाल रूप रामलला समेत चारों भाई विराजित किए गए। रामलला को 56 भोग अर्पित किया गया। अपने आराध्य के झूला विहार का दृश्य देखकर भक्त निहाल होते रहे। श्रावण शुक्ल पंचमी पर अर्चकों ने विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन के साथ रामलला सहित चारों भाइयों को रजत जड़ित हिंडोले पर विराजित किया। हिंडोले पर विराजे रामलला को निहारने के लिए भक्तों में होड़ मच गई। दर्शन कर भक्त निहाल होते रहे। पुजारी ने बताया कि सुबह सवा छह बजे की आरती के बाद जैसे ही गर्भगृह का पट खुला तो रामलला के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

# श्रद्धा और भावनाओं का संगम पर्व कपड़े की गुड़िया पीटने की अनोखी परंपरा

जन एक्सप्रेस। बाजार शुक्ल, अमेठी



सावन मास की पंचमी तिथि पर नाग पंचमी का त्योहार पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। नाग देवता की पूजा कर सुख शांति की कामना की। साथ-साथ क्षेत्रों में एक अनोखी परंपरा निभाई गई जिसमें कपड़े की गुड़िया बनाकर उसकी प्रतीकात्मक पिटाई की जाती है। गलियों और चौराहों पर ऐसा ही नजारा देखने को मिला जहां छोटे-छोटे बच्चे गुड़िया बनाकर उन्हें सड़कों पर रखकर डंडों से पीटते हुए नजर आए।

क्या है इस परंपरा के पीछे की कहानी

पौराणिक मान्यता के अनुसार एक समय की बात है जब एक लड़का भगवान शिव और नाग देवता का बहुत बड़ा भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर नाग देवता उसे दर्शन देने लगे और कई बार पूजा के दौरान उसके पैरों से लिपट जाते थे। एक दिन वह अपनी बहन को मंदिर ले गया। जब बहन ने नाग को भाई के पैरों से लिपटा देखा, तो डर के मारे उसने डंडे से नाग को मार दिया। इसके बाद में जब भाई को यह बात पता चली, तो उसने बहन को बताया कि उसने अनजाने में एक पूजनीय देवता को कष्ट पहुंचाया है। इस गलती के प्रतीकात्मक पश्चाताप के रूप में कपड़े की गुड़िया बनाकर उसकी पिटाई की परंपरा शुरू हुई, ताकि यह घटना भावनात्मक रूप से याद रहे और समाज में पश्चाताप की भावना बनी रहे।

# संयुक्त आबकारी टीम की दबिश में 75 लीटर अवैध शराब बरामद

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत मंगलवार को जिलाधिकारी अमेठी एवं उप आबकारी आयुक्त, अयोध्या प्रभार के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी अमेठी के पर्यवेक्षण में संयुक्त आबकारी टीम द्वारा जनपद के विभिन्न गांवों में आकस्मिक दबिश दी गई। यह कार्रवाई जनपद की आबकारी टीम तथा प्रवर्तन-2, अयोध्या की संयुक्त टीम द्वारा की गई। दबिश ग्राम-धोकलपुर,पुरे साधन सिंह का पुरवा, गौरीगंज,पाली, शुक्लन का पुरवा एवं मूर्ति का पुरवा में दी गई।जहां थाना बाजार शुकुल क्षेत्र अंतर्गत पुरे शुक्लन का पुरवा और मूर्ति का पुरवा से लगभग 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। साथ ही लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान चार अभियोग आबकारी अधिनियम के तहत पंजीकृत किए गए।इसके अलावा आबकारी दुकानों का सघन निरीक्षण भी किया गया।

अधिकारियों द्वारा ग्रामवासियों को अवैध शराब पीने के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और अवैध निर्माण या बिक्री की सूचना विभाग के टोल-फ्री नंबर या निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर देने की अपील की गई। इस कार्रवाई में चंद्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक तथा समस्त प्रवर्तन स्टाफ संविदा वाहन दल सहित सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## अयोध्या-बस्ती हाईवे पर विकसित होगी नई आवासीय योजना

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत अयोध्या-बस्ती हाईवे पर नई आवासीय योजना विकसित किए जाने की तैयारी है। राम मंदिर से सिर्फ पांच किमी की दूरी पर 300 करोड़ रुपये की लागत से 107 हेक्टेयर जमीन का किसानों से खरीद और अधिग्रहण किया जाएगा। इसके लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने सर्वे शुरू कर दिया है। भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद विकास प्राधिकरण ने पहले अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना लॉन्च की। इसके बाद अब यह दूसरी आवासीय योजना होगी। इसे अयोध्या-बस्ती हाईवे पर रिधौरा ग्राम के पास विकसित किया जाएगा। इसमें तीन से चार गांवों के किसानों की जमीनों को आपसी सहमति से खरीदने और अधिग्रहण करने के लिए पहले चरण में सर्वे करने के साथ सहमति प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू की दी गई है।

सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल...

# बी एच ई एल प्लांट में माल लोडिंग के दौरान ट्राला चालक की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनपद के औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर स्थित भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के फैब्रिकेशन,स्टैम्पिंग एवं इंसुलेटर प्लांट में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में ट्राला चालक की जान चली गई।हादसा उस समय हुआ जब माल लोडिंग का कार्य चल रहा था, और चालक वाहन की चपेट में आ गया।

मृतक की पहचान प्रहलाद यादव 27 वर्ष के रूप में हुई है, जो प्रेम यादव का पुत्र था।औरथाना मेह नगर,जनपद आजमगढ़ का निवासी था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना सुबह करीब दस बजे के आसपास की है, जब ट्राला चालक प्रहलाद यादव माल लोड करने के दौरान ट्राले की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे तत्काल सहयोगियों द्वारा नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही कमरौली थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश पटेल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

स्थानीय श्रमिकों और गवाहों का कहना है कि प्लांट प्रबंधन द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि माल लोडिंग के समय ना तो उचित सुरक्षा उपाय किए गए थे।और ना ही कोई गाइड लाइन फॉलो की गई। जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद से फैक्ट्री कर्मचारियों और मजदूरों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस हादसे ने एक बार फिर से औद्योगिक इकाइयों में वर्कप्लेस सेफ्टी और श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है, वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों के आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# डलमऊ रोड पर जलभराव से बढ़ा हादसों का खतरा

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



रायबरेली के जगतपुर क्षेत्र में डलमऊ रोड पर सड़क किनारे जलभराव ने स्थानीय लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। सड़क के बगल में लगातार पानी भरा रहने से फिसलन की स्थिति बन गई है। इससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग और दोपहिया वाहन चालक इस समस्या से परेशान हैं। स्थानीय निवासी राजेश कुमार, राजन, अजीत, विमल, सुनील सिंह, अर्पित और निर्भय ने बताया कि बारिश के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है।गंदा पानी सड़क पर फैलने से न केवल आवागमन बाधित होता है, बल्कि बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते उचित जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से डलमऊ रोड पर जल्द से जल्द नाली निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। ग्रामीणों ने इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## एनएसपीएस त्रिपुला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नागपंचमी का त्योहार

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में परंपराओं और लोक संस्कृति का त्योहार नाग पंचमी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का पूजन किया और नाग देवता एवं नागकन्या का तिलक लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्रा आर्या सिंह, अराध्या पांडेय, दिव्यांशी सिंह और आकृति तिवारी द्वारा नाग स्तुति की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया और छात्रा आरोही, आरोही पाल, सृष्टी सिंह, आराध्या गुप्ता, तृषा सिंह, काव्यांशी वर्मा, अनन्या यादव, मानस ऋषि, ओमपाल, आदित्य सिंह, अंशुमान सिंह, अभिजीत सिंह, विराट सिंह, अर्नव मिश्रा और आदित्य यादव ने ÷घनघोर÷ नृत्य के माध्यम से नागपंचमी पर होने वाली

# आशुलिपिक पद पर सेवानिवृत्त इच्छुक कर्मचारी 08 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण डी.के. तिवारी ने बताया है कि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायबरेली के न्यायालय के संचालन हेतु उत्तर प्रदेश परिवहन अनुभाग -3 द्वारा सेवानिवृत्त कार्मिकों आशुलिपिक के पद पर संविदा के आधार पर रखे जाने हेतु निर्णय लिया गया है कि सेवानिवृत्त कार्मिकों को संविदा के रूप में मिलने वाली राशि संबंधित कार्मिक के अंतिम आहरण वेतन में से शुद्ध पेंशन की धनराशि (राशिकरण के पूर्व यदि को हो) को घटाने पर प्राप्त होने वाली राशि के बराबर होगी। इसके लिए प्रत्येक जनपद में पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। चयन के समय न्यायालीय कार्यों से भिज्ञ सेवानिवृत्त कार्मिकों को वरीयता दी जायेगी। पूर्णकालिक/सेवा स्थानांतरण/ प्रतिनियुक्ति कार्मिकों की तैनाती होने के उपरान्त उक्त व्यवस्था स्वतः समाप्त समझी जायेगी।

उन्होंने बताया है कि इसी क्रम में इस न्यायालय में तैनात आशुलिपिक की आयु 65 वर्ष पूरी होने के उपरान्त 30 जून 2024 को उनका कार्यकाल पूरा हो गया। जिस कारण इस अधिकरण में कार्यरत आशुलिपिक का पद 01 जुलाई 2024 ई0 से रिक्त हो गया। इस कारण इस अधिकरण में कार्य संचालन के लिए शासन द्वारा स्वीकृत आशुलिपिक पद पर सेवानिवृत्त, योग्य, इच्छुक कर्मचारी, जिनको हिन्दी तथा अंग्रेजी टंकण एवं आशुलिपि का ज्ञान हो, द्वारा अपना आवेदन पत्र सम्पूर्ण अभिलेखों के साथ 11 अगस्त 2025 ई0 तक कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायबरेली में प्रस्तुत कर सकते हैं।उन्होंने बताया है कि इसी क्रम में इस न्यायालय में तैनात आशुलिपिक की आयु 65 वर्ष पूरी होने के उपरान्त 30 जून 2024 को उनका कार्यकाल पूरा हो गया। जिस कारण इस अधिकरण में कार्यरत आशुलिपिक का पद 01 जुलाई 2024 ई0 से रिक्त हो गया। इस कारण इस अधिकरण में कार्य संचालन के लिए शासन द्वारा स्वीकृत आशुलिपिक पद पर सेवानिवृत्त, योग्य, इच्छुक कर्मचारी, जिनको हिन्दी तथा अंग्रेजी टंकण एवं आशुलिपि का ज्ञान हो, द्वारा अपना आवेदन पत्र सम्पूर्ण अभिलेखों के साथ 11 अगस्त 2025 ई0 तक कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायबरेली में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## 19 अगस्त से बी0एल0ओ0 घर-घर जाकर करेंगे निर्वाचक नामावली में छूटे हुए मकानों के निर्वाचकों के नामों की जांच और परिवर्धन का कार्य

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) /निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) सिद्धार्थ ने बताया है कि ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली के विस्तृत पुनरीक्षण का कार्य 19 अगस्त, 2025 से प्रारम्भ हो रहा है, जिसके अन्तर्गत घर-घर जाकर वर्तमान निर्वाचक नामावली में परिवर्धित, संशोधित एवं विलोपित होने वाले नामों तथा नए मकानों/वर्तमान निर्वाचक नामावली में छूटे हुए मकानों के निर्वाचकों के नामों की जांच और परिवर्धन का कार्य प्रारंभ होगा। जनपद रायबरेली के सभी अर्ह भारतीय नागरिक कृपया इस कार्य की अवधि में ही अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराना सुनिश्चित कर लें। ऐसे भारतीय नागरिक जो किसी ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सामान्य रूप से निवास कर रहे हैं, दिनाँक 01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी कर लिए हों, अपने निवास स्थान से सम्बन्धित ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए अर्ह होंगे बशर्ते वह अन्यथा अनर्ह न हो। अनर्हताएं निम्नवत् हैः-

(क) भारत का नागरिक न हो, या

(ख) विकृत चित्त हो और उसके ऐसा होने की किसी सक्षम न्यायालय की घोषणा विद्यमान हो, या

(ग) निर्वाचन सम्बन्धी भ्रष्ट आचरण और अन्य अपराधों से संबंधित किसी विधि के उपबंधों के अधीन मत देने के लिए तत्समय अनर्ह हो।

त्रुटि रहित निर्वाचक नामावली लोकतंत्र का आधार है और इसका सही बनना प्रत्येक नागरिक के सक्रिय सहयोग पर निर्भर है।

अपना और अपने परिवार के सभी अर्ह सदस्यों के नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज है अथवा नहीं, की जाँच कर लें।

यदि दर्ज नहीं है तो अवश्य दर्ज कराएं और इस हेतु घर पर पहुँचने वाले बी0एल0ओ0 को वांछित सूचना दिए बिना कदापि वापस न करें। यदि आपके अथवा आपके परिवार के किसी नाम व प्रविष्टि में कोई संशोधन होना है या किसी नाम व प्रविष्टि को विलोपित किया जाना है तो उसे घर पर पहुँचने वाले बी0एल0ओ0 को अवश्य अवगत करा दें।

यदि सम्बन्धित बी0एल0ओ0 अपने आवंटित मतदान केन्द्र पर घर-घर जाकर वर्तमान निर्वाचक नामावली के परिवर्धित, संशोधित एवं विलोपित होने वाले नामों तथा नए मकानों/वर्तमान निर्वाचक नामावली में छूटे हुए मकानों के निर्वाचकों के नामों की जांच और परिवर्धन का कार्य प्रारम्भ किये जाने की तिथि से 07 दिनों तक न पहुँचे या कोई शिकायत हो तो आप तत्काल जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय), निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपने क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा खण्ड विकास अधिकारी से टेलीफोन पर अथवा व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते है।

## बकायेदारों की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 04 व 6 अगस्त को

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय देय के बकायेदार नौशाद पुत्र वशीर अहमद निवासी रासेहता, जगरूप पुत्र रामऔतार निवासी चन्दई रघुनाथपुर, मो0 अहमद कुरैशी पुत्र स्व0 जान मोहम्मद निवासी उतरपारा (बेला भेला), नन्द किशोर पुत्र स्व0 रामबली निवासी उमरपुर गेरूखुवा एवं छेदी पुत्र विष्णु प्रसाद निवासी अनंत मजरे मरदानपुर परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 04 अगस्त 2025 को तथा गणेश सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी कल्याणपुर रैली परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 06 अगस्त 2025 को समय प्रातः 10:00 बजे तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार पश्चिमी/ नीलाम अधिकारी कक्ष में प्रस्तावित है।

# आस्तीक बाबा का मंदिर जहां पहुंचते ही उतर जाता है विषैले सांपों का जहर, महाभारत काल से जुड़ी है मान्यता

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



रायबरेली जनपद में एक ऐसा मंदिर है, जहां लोग मानते हैं कि यहां आने भर से ही सांप के जहर का असर खत्म हो जाता हैरायबरेली जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर, लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर स्थित गंगागंज कस्बा से लगभग 4 किमी दूर लालूपुर खास गांव में आस्तिक बाबा का ये प्रसिद्ध मंदिर स्थित है।

लोगों की मान्यता है कि अगर कोई व्यक्ति आस्तिक बाबा का नाम भी ले लेता है तो उसे सांपों से डर नहीं लगता. यहां तक कि अगर किसी को जहरीले सांप ने काट लिया हो, तो मंदिर में पहुंचने पर वो पूरी तरह ठीक हो जाता है. खास बात ये है कि इसके लिए किसी दवाई या इलाज की जरूरत नहीं पड़ती। महाभारत काल से जुड़ी है मान्यता। मंदिर के पुजारी अमित तिवारी (गुड्डन) बताते हैं कि आस्तिक बाबा मंदिर का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा है. मान्यता के मुताबिक एक बार राजा परीक्षित जंगल में शिकार पर गए थेवहां उनके तीर से एक हिरण घायल हो गया। लेकिन वो हिरण अचानक गायब हो गया तभी राजा ने एक ऋषि को ध्यान में लीन देखा. जब राजा ने उनसे सवाल किए और जवाब नहीं मिला तो गुस्से में आकर राजा ने ऋषि के गले में मरा हुआ सांप डाल दिया ये देखकर ऋषि के पुत्र श्रंगी ने राजा परीक्षित को श्राप दिया कि एक सप्ताह के भीतर तक्षक नाग उन्हें डस लेगा बाद में जब राजा परीक्षित के पुत्र जन्मेजय को ये बात पता चली तो उन्होंने नागों को खत्म करने के लिए विशाल यज्ञ करवाया तभी आस्तिक महाराज ने यज्ञ रोककर तक्षक नाग की जान बचाई। तभी से ऐसा माना जाता है कि आस्तिक बाबा का नाम लेने से सांपों का भय खत्म हो जाता हैसावन माह की चतुर्दशी को यहां विशाल मेला लगता है सिर्फ रायबरेली ही नहीं आसपास के जिलों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन करने पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में नाग पंचमी से ठीक एक दिन पहले हजारों लोग जुटते हैं ताकि सालभर सांपों का कोप उनके ऊपर न पड़े. नागपंचमी के दिन यहां 'खंभिया' चढ़ाने की परंपरा है लोगों का मानना है कि ऐसा करने से सांपों के भय से मुक्ति मिलती है और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। खंभिया लकड़ी से बनी एक विशेष वस्तु होती है जिसके कोने काटकर बीच में कील ठोकी जाती है।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, बुधवार, 30 जुलाई, 2025







**संदिग्ध को ग्रामीणों ने पकड़ा...**

जनपद के थाना गजरौला क्षेत्र के गांव पिपरिया करम में मंगलवार तड़के संदिग्ध हालात में पकड़े गए युवक को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला... शेष पेज 07 पर...

# पनकी में नाबालिग के साथ अश्लील वीडियो बनाने का सनसनीखेज मामला

## देह व्यापार का आरोप, पुलिस जांच शुरू

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर के पनकी कांशीराम कॉलोनी में एक नाबालिग लड़की के साथ अश्लील वीडियो बनाने और देह व्यापार में शामिल करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने पनकी थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि मोहल्ले का एक युवक उनकी 15 वर्षीय बेटी को 17 मार्च 2024 को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। इसके बाद पनकी पुलिस ने लड़की को ढूंढकर उसी युवक के साथ उसका निकाह करा दिया। कुछ दिन साथ रखने के बाद आरोपी ने लड़की को घर से भगा दिया। इस मामले में न्यायालय में मुकदमा चल रहा है।

मां के अनुसार, आरोपी लगातार लड़की पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे थे। इसके बावजूद, 21 जुलाई 2025 को पप्पू पेंटर नामक व्यक्ति ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर नाबालिग को फिर से फुसलाकर ले गया और उसके अश्लील वीडियो बनाए। पीड़िता का आरोप है कि उसकी बेटी को देह व्यापार के लिए मजबूर किया जा रहा है। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, और लोग इस घटना से स्तब्ध हैं।

## इंटरलॉकिंग कार्य के कारण बदले रूट से चलेंगी तीन ट्रेनें

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर-गोंडा जंक्शन खंड में 11 से 12 अगस्त तक स्वचालित सिग्नल का कार्य होना है। यह कार्य गोविंदनगर-टिनिच-गौर व बभनान स्टेशनों के बीच होगा। इस वजह से तीन ट्रेनों का रूट बदला गया है। ट्रेन नंबर-15109 छपरा-मथुरा जंक्शन एक्सप्रेस 11 अगस्त को अपने निर्धारित रूट गोरखपुर-बस्ती-गोंडा जंक्शन की जगह गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा जंक्शन होकर चलेगी। यह खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मुस्तरा व मनकापुर जंक्शन पर ठहराव नहीं लेगी।

वहीं, 15110 मथुरा जंक्शन-छपरा एक्सप्रेस 11 अगस्त को अपने निर्धारित रूट गोंडा-बस्ती-गोरखपुर जंक्शन की जगह गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर जंक्शन होकर चलेगी।

# मारपीट मामले में लोको पायलट व बक्सा चार पोर्टरों पर रिपोर्ट दर्ज





### रेलवे यूनियन में आक्रोश

लोको पायलट पर केस दर्ज होने पर रेलवे यूनियन आक्रोशित है। यूनियन पदाधिकारियों का कहना है कि लोको पायलट तो बीचबचाव के लिए पहुंचे थे लेकिन पुलिस ने उन्हीं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लोको पायलट ने इसके खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाई है।

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

स्टेशन पर मारपीट करने के मामले में टीसी टीसी अनिकेत श्रीवास्तव की तहरीर पर पुलिस ने लोको पायलट और चार बक्सा पोर्टरों के खिलाफ मारपीट, रेलवे का कैश गायब होने सहित कई धाराओं में दर्ज कर ली है। टीसी अनिकेत ने बताया कि ट्रेन नंबर-19053 सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 26 जुलाई को दोपहर 11ः29 बजे कानपुर सेंट्रल पर पहंची। इस वह सहित तीन चेकिंग स्टाफ अंदर घुसा। महिला कोच में सवार पुरुष युवकों से उतरने के लिए कहा तो मारपीट हो गई।इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। यात्रियों के पक्ष में लोको पायलट अशोक पांडेय व कई पोर्टर आ गए। पहले चेकिंग दल ने अशोक पांडेय से धक्कामुक्का की। बाद में पोर्टरों ने लामबंद होकर टीसी अनिकेत श्रीवास्तव व उनको समर्थकों को पीट दिया। जीआरपी ने तहरीर के आधार पर लोको पायलट अशोक पांडेय व अज्ञात पोर्टर के खिलाफ बलवा, सरकारी काम में बाधा डालना व सरकारी कर्मी को पीटने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जीआरपी प्रभारी ओएन सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है।

# अध्यक्ष पर छह व महामंत्री पद पर आठ प्रत्याशी मैदान में



### पद और प्रत्याशी

- **अध्यक्ष** – राकेश सचान, अरविंद कुमार दीक्षित, सैयद सिकंदर आलम, सुरेंद्र कुमार पांडे, अनूप कुमार द्विवेदी, दिनेश चंद्र वर्मा
- **महामंत्री** – धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, राजीव यादव, देशबंधु तिवारी, अखिलेश कुमार गुप्ता, ज्योतेंद्र कुमार दीक्षित, सुनील कुमार पांडे, नवनीत कुमार पांडे, अभय शर्मा
- **वरिष्ठ उपाध्यक्ष** – राजेंद्र प्रसाद, शैलेश कुमार त्रिवेदी, रमाकांत मिश्रा, वीरेंद्र कुमार सचान, सुधीर कुमार अवस्थी
- **कनिष्ठ उपाध्यक्ष** – पुष्करधर द्विवेदी, कुलदीप श्रीवास्तव, संजय वर्मा, नीरज कुमार, सुजीत गौड़, पायल वर्मा
- **कोषाध्यक्ष** – महेंद्र पाल, राकेश प्रसाद साहू, अजय प्रताप सिंह गौतम, पवन कुमार तिवारी
- **संयुक्त मंत्री प्रशासन** – शैलेंद्र सिंह, आशीष पांडे, आयुष अग्रवाल, विकास कुमार शुक्ला, बुलंदीराम अग्रवाल, अविनाश गुप्ता, दीपा जायसवाल, मनीष कुमार कुरील, विनीत शर्मा
- **संयुक्त मंत्री पुस्तकालय** – प्रेमशंकर मिश्रा, तरुण कुमार कुशवाहा, जसविंदर सिंह, शशी गौतम, वरुण कुमार यादव
- **संयुक्त मंत्री प्रकाशन** – भानु प्रताप सिंह चौहान, अभिषेक चौरसिया, आलोक कुमार दुबे
- **वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य** – सूर्य प्रकाश बाजपेई, लक्ष्मीकांत शर्मा, यादवेंद्र सिंह यादव, सरोज कुमार सोनकर, बुद्ध प्रकाश, यश कुमार शुक्ला, अविनाश सिद्धार्थ, धर्मपाल सिंह भदौरिया, बृज कुमार भरतिया, अभय गौड़
- **कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य** – धीरेंद्र कुमार, मो. शाहबाज खान, बबलू पाल, ज्योति शर्मा, सचिन तिवारी, रश्मि गुप्ता, शिवम पांडे, शुजा अब्बास, दीपक यादव, अमित कुमार तिवारी, राहुल कुमार, मधु गुप्ता, राजीव कुमार शुक्ला, निखिल यादव, अवधेश सिंह तोमर, कृष्ण मुरारी तिवारी, रमणीक चतुर्वेदी


**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

लॉयर्स एसोसिएशन चुनाव के लिए मंगलवार को दूसरे दिन विभिन्न पदों पर 32 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। पहले दिन 41 ने नामांकन कराया था। अब कुल 73 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। एसोसिएशन की 20 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब अध्यक्ष पद पर छह, महामंत्री पद पर आठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पांच, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सात प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं, कोषाध्यक्ष पद पर चार, संयुक्त मंत्री प्रशासन पद पर नौ, प्रकाशन पद पर तीन, पुस्तकालय पद पर चार, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए 10 व कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए 17 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया है।

एल्डर्स कमेटी चेयरमैन व मुख्य चुनाव अधिकारी की मौजूदगी में दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक पं. रामकुमार शुक्ल हॉल में शांतिपूर्ण ढंग से नामांकन हुआ। नामांकन के बाद प्रत्याशियों ने जुलूस निकाले और वोट अपील की। सड़कों पर जुलूस निकलने से कई बार जाम की स्थिति बन गई।

एल्डर्स कमेटी चेयरमैन रवि मोहन कटियार ने बताया कि बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच और गुरुवार को नाम वापसी होगी। इसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश यादव, रामप्रताप सिंह चौहान, अरुण कुमार तिवारी, देवनाथ शुक्ल, प्रबल प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्वरूप नगर में लाईट आउट 2.0 के अंदर हुक्के की महफिल, वीडियो वायरल — पुलिस चुप



### कागजों में प्रतिबंध, ज़मीन पर धुआं

उत्तर प्रदेश में हुक्का बार पर पूरी तरह से रोक है। सार्वजनिक जगहों पर तंबाकू सेवन पर कोटपा एक्ट 2003 के तहत सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। इसके बावजूद शहर में नशे का धंधा खुलेआम चल रहा है। लाईट आउट 2.0 जैसे रेस्टोरेंट रेस्टोरेंट कम, नशे के अड्डे ज़्यादा बनते जा रहे हैं।

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

### प्रशासन की खामोशी, सवालों के घेरे में पुलिस

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वरूप नगर इलाके में इससे पहले भी ऐसे कई हुक्का बारों की शिकायतें हुईं, लेकिन कार्रवाई सिर्फ दिखावे तक ही सीमित रही। अब सवाल ये उठता है कि क्या लाईट आउट 2.0 पर भी वही 'मैनेजमेंट' लागू होगा या इस बार वाकई कोई सख्त कदम उठेगा?

शहर में हुक्का बार का धंधा एक बार फिर बेधड़क तरीके से पैर पसार रहा है। ताजा मामला स्वरूप नगर थाना क्षेत्र का है, जहां ÷लाईट आउट 2.0÷ नाम का रेस्टोरेंट रात के अंधेरे में हुक्के की महफिलें सजाने का अड्डा बना हुआ है। वीडियो क्लिप में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि रेस्टोरेंट की लाइटें मद्धम हैं, तेज़ म्यूजिक चल रहा है और युवाओं को टेबल पर हुक्का परोसा जा रहा है। हैरानी की बात ये है कि इस रेस्टोरेंट में नाबालिग लड़के-लड़कियाँ भी खुलेआम हुक्का पीते नजर आ रहे हैं, लेकिन न तो किसी स्टाफ को फर्क पड़ रहा है, न ही इलाके की पुलिस को।

# हॉकी, बॉक्सिंग, बैडमिंटन में ग्रीनपार्क के खिलाड़ियों ने जीते सर्वाधिक पदक

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



खेल निदेशालय उप्र की ओर से पांच से 26 जुलाई तक क्रिकेट, हॉकी, बॉक्सिंग, बैडमिंटन व वॉलीबॉल की जिलास्तरीय जूनियर बालक व बालिका प्रतियोगिताएं ग्रीनपार्क स्टेडियम में हुई। मंगलवार को स्टेडियम में हुए सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि विधायक नीलिमा कटियार ने सभी विजेताओं व उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने खेलेगा इंडिया, तभी आगे बढ़ेगा इंडिया का स्लोगन दिया है। राज्य सरकार इसको चरितार्थ करते हुए खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ा रही है। हॉकी, बॉक्सिंग, बैडमिंटन में सर्वाधिक पदक ग्रीनपार्क के खिलाड़ियों ने जीते।

समारोह के दौरान क्रिकेट में विजेता क्राइस्ट चर्च स्कूल और उपविजेता सर पदमपत सिंहानिया स्कूल, वॉलीबॉल में विजेता केके गर्ल्स स्कूल और उपविजेता एक्मे पब्लिक स्कूल, हॉकी में विजेता ग्रीनपार्क और उपविजेता बेसिक हॉकी फाउंडेशन की टीम को सम्मानित किया गया। इसी तरह बॉक्सिंग 50 किलो भार वर्ग में विजयी ग्रीनपार्क के श्रेष्ठ चौधरी, अथर्व तिवारी, अनंत तिवारी व प्रशांत गौड़, 52 किलो भार वर्ग में आदित्य दिवाकर, विष्णु राही, कृष्णा शुक्ला व जयश, 54 किलो में शौर्य यादव, वेदांश कृष्णा, उदय सिंह व रुद्र प्रताप को सम्मानित किया गया। 57 किलो भार वर्ग में विजयी ग्रीनपार्क के आर्यन श्रीवास्तव, नैतिक, अर्क व अर्थव दुबे, 60 किलो भार वर्ग में मयंक गौतम, आशीष गौतम, रितिक सोनकर व मयंक यादव, 63 किलो भार वर्ग में ओजस गौर, तेजस सोनकर, नारद व दीपक, 66 किलो भार वर्ग में अवि कश्यप, विशाल यादव, आदर्श व आकाश, 70 किलो भार वर्ग में मानस, अभिषेक, यश व विराज को पुरस्कृत किया गया।

बैडमिंटन बालक व बालिका वर्ग में विजेता रहे ग्रीनपार्क के पार्थ जौहरी, शौर्य सिंह, आयुष, अतिशी, प्रिशा तिवारी व एस संयुक्ता रेड्डी और उपविजेता अनीश, सार्थक, गणेश, राजवी, अगमया व श्रेयांशी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी भानु प्रसाद, उपक्रीड़ाधिकारी अमित पाल, हॉकी कोच शाहिद खा, बैडमिंटन कोच रमेश कुमार यादव समेत अन्य कोच मौजूद रहे।

# केडीए ने कपली में ध्वस्तीकरण अभियान चलाकर भूमि कब्जा मुक्त कराई



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

केडीए के प्रवर्तन जोन ने मंगलवार को कपली में ध्वस्तीकरण अभियान चलाकर प्राधिकरण की भूमि कब्जा मुक्त कराई। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल प्रभारी संदीप मोदनवाल की अगुवाई में मौजा कपली में की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। यह प्लाटिंग वरुण यादव व अन्य ने की थी। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल के प्रभारी अधिकारी व अवर अभियंता रमाकानंत, पूर्व सैनिक और पनकी थाने का पुलिस बल भी मौजूद रहा।

इसके अलावा केडीए की ओर से मंगलवार को तीन आवासीय परिसरों के भी सील किया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल प्रभारी अतुल कुमार राय की अगुवाई में यह कार्रवाई की गई। साकेतनगर स्थित गंगाराम तिवारी, राजेंद्र कुमार मिश्रा व डॉ. प्रशांत मिश्रा के आवासीय परिसर की सीलबंदी की।

## वृंदावन से आने वाले कलाकार करेंगे कृष्णलीला का मंचन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** रावतपुर के रामलला मन्दिर में कृष्ण लीला पहली बार का मंचन होगा। वृंदावन से आने वाले कलाकार भगवान कृष्ण की लीला का मंचन करते नजर आएंगे।मंगलवार शाम को श्री राम लला जन्माष्टमी मेला समिति की बैठक में तय हुआ कि सभी कलाकार वृंदावन से आएंगे।समिति के व्यवस्थापक अवनीश मिश्रा ने बताया कि राम लला मन्दिर में पहली बार कृष्ण लीला का मंचन होगा।इससे पहले सिर्फ रासलीला होती थी। 7 अगस्त से लेकर 23 अगस्त तक भगवान की लीला का मंचन किया जाएगा। बैठक के दौरान बद्री नारायण मिश्रा, सत्य नारायण तिवारी, राजू चंदेल, अनिल शुक्ला और अवनेश अवस्थी समेत समिति के कई पदाधिकारी मौजूदे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बाथटब में मिला युवक का शव

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर के नौबस्ता थाना क्षेत्र में 40 वर्षीय राजन वर्मा का शव पानी भरे बाथटब में मिला है। परिजनों और दोस्तों ने राजन की पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार, युवक के शरीर पर चोट के निशान थे। 11 साल पहले राजन ने मुस्लिम युवती चांदनी से लव मैरिज की थी। मृतक की बेटी ने बताया कि रात में दो अंकल घर आए थे, जिन्होंने पिता के सिर पर वार किया और उसे कमरे में बंद कर दिया। पत्नी का कहना है कि पति नशे में थे और सुबह उनका शव टब में मिला। वहीं, मृतक के बेटे ने पापा के दोस्तों के आने और फिर भागने की बात कही। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और तहरीर मिलने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### स्वरूप नगर में सीएम ग्रिड की सड़क का किया भूमि पूजन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** स्वरूप नगर से मटका चौराहे तक सीएम ग्रिड के तहत सड़क का निर्माण होना है। मंगलवार को महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार व पार्षद अरुण कुमार गर्ग ने इस कार्य के लिए भूमि पूजन किया। यह सड़क स्वरूपनगर स्थित गैस्ट्रो लीवर हॉस्पिटल से मटका चौराहे तक बननी है। इसके तहत 16.53 करोड़ की लागत से स्वरूप नगर थाना से ग्वालिन चौराहा होते हुए मटका तिराहा तक डेढ़ किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण व सुंदरीकरण होगा। निर्माण के दौरान ऊपर से गुजरी विद्युत लाइनों को भूमिगत किया जाएगा और भूमिगत केबलों के लिए डक्ट का निर्माण होगा। जोन एक के अधिशासी अभियंता आरके तिवारी, जोन चार के नानक चंद्र, जेडएसओ-4 देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

### सुपर स्पेशियलिटी कोर्स में जीएसवीएम के 14 रेजीडेंट डॉक्टर चयनित

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** सुपर स्पेशियलिटी कोर्स की परीक्षा नीट-एसएस में सबसे अधिक चयन जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के रेजीडेंट डॉक्टरों का हुआ है। इनमें सबसे अधिक रेजीडेंट सर्जरी विभाग के नीट एसएस में चयनित हुए हैं। सर्जरी विभाग से 14 रेजीडेंट डॉक्टर सुपर स्पेशियलिटी कोर्स एमसीएच में चयनित हुए हैं। इनमें डॉ. आंचल गुप्ता को केजीएमयू और डॉ. यामिनी राणा को एम्स दिल्ली में प्लास्टिक सर्जरी में दाखिला मिला है। इनमें तीन रेजीडेंट ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला के अंडर में पोस्ट ग्रेजुएशन (पीजी) किया है। एनेस्थेसिया विभाग से एक और मेडिसिन से आठ रेजीडेंट सुपर स्पेशियलिटी कोर्स डीएम के लिए चयनित हुए हैं।

### पुलिस में नए भर्ती हुए सिपाहियों को बताई प्रमोशन पॉलिसी


**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर पुलिस लाइन में नए भर्ती हुए सिपाहियों को मंगलवार को प्रमोशन पॉलिसी की जानकारी दी गई। एडीसीपी लाइन व एलआईयू महेश कुमार ने उन्हें बताया कि किस तरह से वह विभागीय परीक्षा देकर सब इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर बन सकते हैं। उनको तैयारी और पढ़ाई का मौका दिया जाता है। ड्यूटी ईमानदारी से की जाए। यहां पर प्रशिक्षण के दौरान बताई गई जानकारियों को सही तरीके से जाने। एडीसीपी ने नए सिपाहियों के कमरों, किचन, जिम, ऑनलाइन कमरों का निरीक्षण किया। नए भर्ती सिपाहियों के पुलिस लाइन और ट्रैफिक पुलिस लाइन में नौ माह का प्रशिक्षण चल रहा है।

### कूष्मांडा देवी मंदिर में दो पक्षों में जमकर मारपीट

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर के घाटमपुर कस्बे में स्थित कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में बच्चों को लेकर हुए विवाद के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर रहे हैं। हालांकि, अमर उजाला वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि उन्होंने वायरल वीडियो देखा है और घटना की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल संचालक ने कक्षा दो की छात्रा संग की घिनौनी हरकत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



रनियां थाना क्षेत्र के एक स्कूल संचालक ने अपने ही स्कूल की कक्षा दो की छात्रा के साथ सोमवार को वैन में नाजुक अंगो से छेड़छाड़ कर घिनौनी हरकत की। इसके बाद मासूम को धमका कर शांत करवा दिया। घर पर कपड़े बदलने के दौरान मां ने शरीर पर निशान देखे तो बच्ची ने स्कूल संचालक की करतूत बयां कर दी। पीड़िता के पिता ने आरोपी स्कूल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रनियां थाना के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि क्षेत्र के एक विद्यालय में उसकी सात वर्षीय बेटी कक्षा दो और पांच वर्षीय बेटा कक्षा एक का छात्र है। दोनों एक साथ स्कूल संचालक की वैन से आते जाते हैं। वैन को स्कूल संचालक रघुवीर कुशवाहा ही चलाता है। सोमवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद सभी बच्चों को संचालक ने पहले छोड़ दिया था। वैन में सिर्फ उसके बच्चे ही बैठे थे। आरोप लगाया कि संचालक ने रास्ते में बेटी के साथ गलत हरकतें कीं।

जब बेटी घर पहुंची और कपड़े उतारने पर उसके शरीर पर लाल निशान मिले तो पत्नी ने बेटी से जानकारी की। इस पर बेटी रोने लगी और उसने संचालक की करतूत बताई। बेटी ने बताया कि कई बार संचालक पहले भी उसके साथ गलत हरकतें कर चुका है। उसने बेटी को घर पर जानकारी देने पर जान से मारने की बात कह धमकाया था। बेटी के साथ हुई घिनौनी हरकत से परिजनों में आक्रोश रहा। थाने पहुंच आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कही। इधर घटना की जानकारी पर पुलिस अधिकारियों ने पहुंच कर जांच की। सीओ सदर संजय वर्मा ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर दुष्कर्म, धमकाने, पॉक्सो एक्ट आदि धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी स्कूल संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# दीनू उपाध्याय के फरार साथियों पर इनाम बढ़कर हुआ 50 हजार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर कमिश्नरी पुलिस ने बसपा नेता पिंटू सेंगर की हत्या में सोनभद्र जेल में बंद धीरज उर्फ दीनू उपाध्याय के फरार साथियों पर इनामी राशि 20 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी है। राशि बढ़ाने का निर्देश संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था आशुतोष कुमार के यहां से जारी हुआ है। दीनू के साथियों का एनबीडब्ल्यू जारी हो चुका है, जबकि कुछ की हिस्ट्रीशीट भी खुल गई है। नवाबगंज, कोतवाली, सीसामऊ, नौबस्ता, चकेरी समेत अन्य थानों में दीनू और उसके साथियों पर 15 से अधिक एफआईआर हुई हैं। इनमे रंगदारी मांगने, धमकी देने, मारपीट, हत्या का प्रयास, लूट समेत अन्य धाराएं लगी हैं। पुलिस ने दीनू, धरमु यादव को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य की कोई जानकारी नहीं हुई। करीब एक माह पहले क्राइम ब्रांच की टीम को लगा दिया गया।

### संजय उपाध्याय को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया

दीनू के भतीजे मनु उपाध्याय और नारायण भदौरिया के भाई दिनेश भदौरिया की गिरफ्तारी हुई। पुलिस सबकी तलाश करती रही। इस बीच दीनू के भाई संजय उपाध्याय को चकेरी पुलिस ने गुरुग्राम से गिरफ्तार किया। फरार आरोपियों के नाहीं मिलने पर पुलिस ने उनके खिलाफ जारी 20 हजार की इनामी राशि को बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी।

### साथियों पर बढ़ाई इनामी राशि


किदवई नगर वाई ब्लॉक निवासी दीपक सिह जादौन, परमट निवासी नीरज दुबे, नवाबगंज निवासी अनूप शुक्ला, कुलीबाजार का स्रोत गुप्ता, नौबस्ता का नारायण भदौरिया, अमन शुक्ला, रचित पाठक समेत अन्य शामिल हैं। जेसीपी लॉ एंड आर्डर आशुतोष कुमार ने बताया कि दीनू के सभी फरार साथियों की इनामी राशि बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई है। पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें लगी हुई हैं।

### युवक ने भाई पर तलवार से किया हमला, पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** नशे की हालत में ट्रक ड्राइवर ने तलवार से अपने भाई पर हमला बोल दिया। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को दबोच लिया और उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। सोमवार की शाम को ग्राम नंदग्रामपुर सुरवारा में एक युवक तलवार लेकर गांव में खुलेआम घूम रहा था। किसी ग्रामीण ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। साथ ही इसका सूचना डायल 112 को दे दी। वायरल वीडियो को संज्ञान लेते हुए पुलिस गांव पहुंच गई। जांच पड़ताल के साथ आरोपी युवक पवन कुमार को हिरासत में लेकर थाने ले आई। थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि आरोपी पवन ट्रक चालक है। नशे की हालत में वह तलवार लेकर अपने भाई पर हमलावर हो गया था। पुलिस ने उसे पकड़ लिया और और एफआईआर दर्ज कर ली है। उसके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। अभी हाल में ही उसके भाई का शांतिभंग में चालान किया गया था। मंगलवार को पवन को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# सर्वाधिक विवादास्पद राज्यपाल और उपराष्ट्रपति रहे हैं धनखड़

**छात्र संगठनों ने धनखड़ से बयान वापस लेने की मांग की थी। किसान आंदोलन के दौरान जगदीप धनखड़ ने किसानों की आलोचना की। उन्होंने कहा था कि किसान आंदोलन के नाम पर सड़कों पर बैठ कर राष्ट्र को बदनाम कर रहे है, वे किसान नहीं है। धनखड़ की इस टिप्पणी पर किसान संगठनों और खाप संगठनों ने आपत्ति जताई। अक्टूबर 2024 में उन्होंने सीबीआई और ईडी के समर्थन में बयान दिया था। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा था कि, सीबीआई और ईडी पर सवाल उठाना भारत के न्यायिक तंत्र को कमजोर करता है।**

*कार्यकाल समाप्ति से दो साल पहले उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने वाले जगदीप धनखड़ का कार्यकाल सर्वाधिक विवादों से भरा रहा है। देश में इतने विवाद उपराष्ट्रपति और राज्यपाल पद पर रहते हुए किसी के साथ नहीं जुड़े, जितने धनखड़ के नाम दर्ज हैं। इस पद पर रहते हुए धनखड़ पर कई तरीके के आरोप लगे। उपराष्ट्रपति पद से पहले पश्चिम बंगाल में राज्यपाल रहते हुए भी धनखड़ विवादों से घिरे रहे। केंद्र की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सख्त रवैया अपनाने वाले धनखड़ को ईनाम के तौर पर उपराष्ट्रपति पद से नवाजा था। इसके बावजूद कि धनखड़ का न तो भारतीय जनता पार्टी और न ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से कभी गहरा सरोकार रहा। जगदीप धनखड़ 2019 से 2022 तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे। इस दौरान उनका हमेशा सीएम ममता बनर्जी से टकराव बना रहा। धनखड़ ने कई बार सीएम ममता बनर्जी और उनकी सरकार की आलोचना की। धनखड़ ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और शासन की विफलता के आरोप लगाए। उनके इस रुख को विपक्ष ने पक्षपातपूर्ण माना, क्योंकि एक संवैधानिक पद पर रहते हुए उनकी टिप्पणियां सरकार के खिलाफ थीं। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति के रूप में धनखड़ का विपक्षी दलों के साथ रिश्ता हमेशा तनावपूर्ण रहा। विपक्ष ने उन पर पक्षपात और सरकार के पक्ष में बोलने का आरोप लगाया। राज्यसभा अध्यक्ष के रूप में धनखड़ पर पक्षपात के आरोप लगे। विपक्षी इंडिया गठबंधन ने आरोप लगाया कि धनखड़ ने राज्यसभा की कार्यवाही में पक्षपात किया और भाजपा सदस्यों को प्राथमिकता दी जबकि विपक्ष की आवाज को दबाया। विपक्ष ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए उपराष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कदम करार दिया था। देश में ऐसा पहली बार हुआ जब विपक्षी दलों ने राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। हालांकि इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल सकी। विपक्षी दलों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी और वाम दलों के 60 से ज्यादा सांसदों ने संविधान के अनुच्छेद 67(ब) के तहत धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। प्रस्ताव में उन्हें सरकार का प्रवक्ता कहा गया और निष्पक्षता की गंभीर कमी बताई गई। जनवरी 2023 में धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट की मूल संरचना सिद्धांत के पुनरावृत्ति के संदर्भ में बयान दिया था, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया था। उन्होंने कहा था कि संसद के बनाए कानूनों को अगर अदालत रोक देती है तो यह लोकतंत्र के लिए खतरा होगा। विपक्ष ने उपराष्ट्रपति के बयान पर केंद्र सरकार पर हमला बोला। विपक्ष ने इसे न्यायपालिका की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप बताया। जस्टिस वर्मा के घर पर कैश बरामदगी मामले में धनखड़ के बयान के बाद भी राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को लेकर बहस छिड़ गई थी धनखड़ ने कहा था कि यदि सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द नहीं किया होता तो बात कुछ अलग होती। गौरतलब है कि एनजेएसी को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर किया था। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर 2020 दिसंबर में भी धनखड़ ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश संसद की संप्रभुता से समझौता है और जनादेश का अपमान है। मार्च 2023 में धनखड़ ने शैक्षणिक संस्थानों और छात्र राजनीति पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा था कि कुछ विश्वविद्यालय देश विरोधी विचारधाराओं की शरणस्थली बन चुके हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**रेलवे ने कई स्टेशनों को 'स्मार्ट स्टेशन' में बदलना शुरू किया है। इनमें वाई-फाई कनेक्टिविटी, स्मार्ट एस्केलेटर, इलेक्ट्रॉनिक सूचना डिस्प्ले, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट्स, और ऊर्जा दक्ष एलईडी लाइटिंग, स्मार्ट टिकिटिंग सिस्टम, रेल मदद ऐप, फेस रिकग्निशन कैमरे, एआई आधारित निगरानी, और नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एनटीईएस) जैसे नवाचार शामिल हैं। भारतीय रेलवे का उद्देश्य यात्रियों को मॉडर्न, सुरक्षित और सुगम यात्रा अनुभव देना है। कहना होगा कि भारतीय रेलवे में हो रहे ये परिवर्तन केवल तकनीकी बदलाव नहीं हैं, बल्कि भारत की उस दूरदृष्टि और प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं, जो एक स्वच्छ, तेज़, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर बढ़ने का सपना देखती है।**

# हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर भारतीय रेलवे



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**सभी प्रयासों से स्पष्ट होता है कि भारतीय रेलवे आज एक परिवहन साधन के साथ ही पर्यावरणीय नेतृत्व, तकनीकी नवाचार और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुका है। हरित ऊर्जा की ओर इसकी तीव्र गति, स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों की स्वीकार्यता और टिकाऊ परिवहन की परिकल्पना भारत को विश्व मंच पर एक अग्रणी भूमिका में स्थापित कर रही है।**

जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और ऊर्जा संकट जैसे अस्तित्व के सवालों से दो-चार है, भारत की जीवनरेखा कही जाने वाली भारतीय रेलवे हरित ऊर्जा के क्षेत्र में न सिर्फ साहसिक कदम उठा रही है, बल्कि तकनीकी नवाचारों और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के सामंजस्य का एक अनुकरणीय मॉडल भी प्रस्तुत कर रही है। हाल ही में चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी (आईसीएफ) में भारत की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन के सफल परीक्षण ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि नवाचार और नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा साझा की गई जानकारी बता रही है कि चेन्नई में विकसित इस 'ड्राइविंग पावर कार' ने हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक के सफल प्रयोग के साथ एक नया कीर्तिमान रचा है। यह तकनीक हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की रासायनिक प्रतिक्रिया से बिजली उत्पन्न करती है, जिससे उत्सर्जन के रूप में सिर्फ जलवाष्प निकलता है – कोई कार्बन, कोई धुआं नहीं। यह न केवल प्रदूषण रहित है, बल्कि शहरी और औद्योगिक क्षेत्रों में स्वच्छ परिवहन का श्रेष्ठ समाधान भी बनकर उभरा है। वस्तुतः भारत सरकार की 'विरासत के लिए हाइड्रोजन' योजना के तहत भारतीय रेलवे ने 35 हाइड्रोजन-संचालित ट्रेनों का लक्ष्य तय किया है। उत्तर रेलवे के जींद-सोनीपत खंड पर एक डीज़ल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट को हाइड्रोजन ईंधन से पुनर्निर्मित करने का कार्य प्रगति पर है। 111.83 करोड़ की लागत से प्रारंभ इस पायलट परियोजना के तहत हर ट्रेन की अनुमानित लागत 80 करोड़ होगी। भले ही प्रारंभिक लागत अधिक हो, लेकिन दीर्घकालिक दृष्टि से यह किफायती, आत्मनिर्भर और पर्यावरण-मित्र ऊर्जा समाधान बन सकती है। हरित ऊर्जा की दिशा में यह कदम तब और महत्वपूर्ण हो जाता है जब इसे भारतीय रेलवे की अन्य उपलब्धियों से जोड़ा जाए। जम्मू-कश्मीर के चिनाब नदी पर बना चिनाब रेल पुल जो 359 मीटर की ऊंचाई के साथ एफिल टॉवर से भी ऊँचा है। आज यह पुल भारत की इंजीनियरिंग शक्ति और ऊंचाइयों को छूने की महत्वाकांक्षा का प्रतीक बन चुका है। यह पुल भीषण भूकंप और 260 किमी/घंटा की हवाओं को झेलने में सक्षम है और कश्मीर को रेल मार्ग से देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। इसी तरह से आज वंदे भारत एक्सप्रेस, जिसे भारत की तेज़ रफ्तार पहचान के रूप में देखा जा रहा है, पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से निर्मित है। यह 160 किमी/घंटा की गति से चलने में सक्षम है और इसमें जीपीएस-आधारित सूचना प्रणाली, स्वचालित दरवाजे, और बायो-वैक्यूम शौचालय जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान का यह उत्कृष्ट उदाहरण है। भारतीय रेलवे ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी प्रयोग



**गुवाहाटी रेलवे स्टेशन भारत का पहला ऐसा स्टेशन बना, जो शत प्रतिशत सौर ऊर्जा से चलता है। रेलवे की भूमि पर 1 जीडब्ल्यू से अधिक सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित की जा चुकी है और आगे यह क्षमता कई गुना बढ़ाई जा रही है। वहीं, रेलवे ने 2030 तक पूरे नेटवर्क के सौ प्रतिशत विद्युतीकरण का लक्ष्य रखा है।**

शुरू कर दिए हैं। कई कोचों में सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं, जिससे डीज़ल की खपत में भारी कमी आई है। भारत में गुजरात का गांधीधाम स्टेशन, इंदौर, गुवाहाटी, और मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसे कई प्रमुख स्टेशन पूरी तरह या आंशिक रूप से सौर ऊर्जा से संचालित हो रहे हैं। गुवाहाटी रेलवे स्टेशन भारत का पहला ऐसा स्टेशन बना, जो शत प्रतिशत सौर ऊर्जा से चलता है। रेलवे की भूमि पर 1 जीडब्ल्यू से अधिक सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित की जा चुकी है और आगे यह क्षमता कई गुना बढ़ाई जा रही है। वहीं, रेलवे ने 2030 तक पूरे नेटवर्क के सौ प्रतिशत विद्युतीकरण का लक्ष्य रखा है। इसके पूर्ण होते ही भारत दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीन रेलवे नेटवर्क बन जाएगा। हरित ऊर्जा के साथ-साथ रेलवे का डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन भी ज़ोर पकड़ रहा है। रेलवे ने देश के कई स्टेशनों को ग्रीन स्टेशन का दर्जा दिलाया है। उदाहरण के लिए, हैदराबाद का काचीगुड़ा स्टेशन देश का पहला रेलवे स्टेशन बना, जिसे आईजीबीसी से ग्रीन बिल्डिंग प्रमाणन प्राप्त हुआ। यह स्टेशन ऊर्जा की खपत कम करने, वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट प्रबंधन और सौर ऊर्जा उपयोग जैसे मापदंडों पर खरा उतरा। रेलवे ने पिछले वर्षों में सभी यात्री कोचों में बायो-वैक्यूम टॉयलेट्स लगाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2021 तक लगभग सभी कोचों में बायो-टॉयलेट्स लगाए जा चुके थे, जिससे रेलवे ट्रैकों पर गंदगी गिरने की समस्या लगभग खत्म हो गई है। यह न केवल स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने में भी सहायक है। इतना ही नहीं भारत की हरित रेलवे पहल को संयुक्त राष्ट्र, इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं से प्रशंसा मिली है। इसके साथ ही भारत हाईड्रोजन वेली इनोवेशन प्लेटफॉर्म का भी हिस्सा बना है, जिससे वैश्विक स्तर पर हाइड्रोजन आधारित ऊर्जा समाधानों में सहयोग को बढ़ावा मिल रहा है। रेलवे ने कई स्टेशनों को 'स्मार्ट स्टेशन' में बदलना शुरू किया है। इनमें वाई-फाई कनेक्टिविटी, स्मार्ट एस्केलेटर, इलेक्ट्रॉनिक सूचना डिस्प्ले, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट्स, और ऊर्जा दक्ष एलईडी लाइटिंग, स्मार्ट टिकिटिंग सिस्टम, रेल मदद ऐप, फेस रिकग्निशन कैमरे, एआई आधारित निगरानी, और नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एनटीईएस) जैसे नवाचार शामिल हैं। भारतीय रेलवे का उद्देश्य यात्रियों को मॉडर्न, सुरक्षित और सुगम यात्रा अनुभव देना है। कहना होगा कि भारतीय रेलवे में हो रहे ये परिवर्तन केवल तकनीकी बदलाव नहीं हैं, बल्कि भारत की उस दूरदृष्टि और प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं, जो एक स्वच्छ, तेज़, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर बढ़ने का सपना देखती है। हाइड्रोजन ट्रेन इसका प्रतीक बन चुकी है – एक ऐसी रेल सेवा जो न केवल आगे बढ़ती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए शुद्ध वायु और स्वच्छ ऊर्जा का रास्ता भी बनाती है। वहीं, भारतीय रेलवे अब केवल गंतव्य तक पहुंचने का माध्यम नहीं, बल्कि भारत के सतत और समावेशी विकास की पटरी पर दौड़ती हुई एक प्रेरक गाथा बन चुकी है। वस्तुतः इन सभी प्रयासों से स्पष्ट होता है कि भारतीय रेलवे आज एक परिवहन साधन के साथ ही पर्यावरणीय नेतृत्व, तकनीकी नवाचार और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुका है। हरित ऊर्जा की ओर इसकी तीव्र गति, स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों की स्वीकार्यता और टिकाऊ परिवहन की परिकल्पना भारत को विश्व मंच पर एक अग्रणी भूमिका में स्थापित कर रही है।



## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | षष्ठी 26:42 तक |
| नक्षत्र: | हस्त 19:28 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | बुधवार |
| योग: | सिद्ध, 27:32 |
| सूर्योदय: | 05:43 |
| सूर्यास्त: | 19:05 |
| चंद्रमा: | कन्या राशि में |
| राहुकाल: | 12:24-14:04 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | सावन |
| शुभ मुहूर्त: | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### आयी बात निकल कर !

*है दिया भरोसा ।*
*होगा पूरा न्याय ।।*
*आयी बात निकल कर ।*
*आगे भी सहाय ।।*
*चल रहा है काम ।*
*देकर सब कुछ ध्यान ।।*
*कोशिश है अब पूरी ।*
*लौटे फिर सम्मान ।।*
*इंतजार है करना ।*
*हैं कितने गंभीर ?*
*दिख जाए धरातल ।*
*चमके जब तदबीर ।।*
*चली लंबी बातचीत ।*
*आए अब परिणाम ।।*
*सकारात्मक चल रही ।*
*अटकलें तमाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# जोड़ो के दर्द को दूर करने में मददगार है कोलेजन

**उम्र** बढ़ने के साथ-साथ जोड़ों में दर्द एक आम परेशानी बन जाती है। लेकिन इन दिनों खराब जीवनशैली, खाने में पोषक तत्वों की कमी और जिम में ओवर एक्सरसाइज करने की वजह से युवाओं को भी जोड़ों के दर्द की परेशानी हो रही है। ऐसे में जोड़ों के दर्द से राहत पाने के लिए अक्सर लोग दवाइयों और सप्लीमेंट का रुख करते हैं। बाजार में किसी भी अन्य सप्लीमेंट के मुकाबले लोगों के बीच तेजी से पॉपुलर हो रहा है कोलेजन। कोलेजन को अक्सर ÷खूबसूरती÷ से जोड़ा जाता है क्योंकि यह त्वचा की लोच, बालों और नाखूनों के लिए जरूरी माना जाता है। लेकिन क्या यह हड्डियों और जोड़ों के दर्द में भी असरदार होता है। आज इस लेख के माध्यम से हम आपको बताने जा रहे हैं जोड़ों के दर्द में कोलेजन कैसे फायदेमंद होता है।

**कोलेजन क्या है?:** नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिकलकी रिपोर्ट के अनुसार, कोलेजन एक प्रकार का प्रोटीन होता है जो शरीर के विभिन्न अंगों में पाया जाता है, जैसे- त्वचा, हड्डियां, मांसपेशियां, टेंडन, लिगामेंट्स, कार्टिलेज जोड़ों की सतह पर मौजूद मुलायम ऊतक)यह शरीर का सबसे अधिक पाया जाने वाला प्रोटीन है और यह शरीर को मजबूती और सूचना देने में मदद करता है।

**जोड़ों के दर्द में कोलेजन की भूमिका:** डॉ. गौरव प्रकाश भारद्वाज, निदेशक - खेल चोट, जोड़ संरक्षण एवं प्रतिस्थापन सर्जरी, पीएसआरआई अस्पताल, दिल्ली, बताते हैं कि हमारे जोड़ों में कार्टिलेज नामक एक मुलायम ऊतक होता है जो हड्डियों को एक-दूसरे से घिसने से बचाता है। कार्टिलेज का मुख्य घटक कोलेजन ही होता है। मस्या तब शुरू होती है जब शरीर में उम्र के साथ कोलेजन का प्रोडक्शन घटने लगता है। डॉक्टर बताते हैं कि उम्र के साथ-साथ व्यक्ति के शरीर का कार्टिलेज पतला हो जाता है। इसके वजह से घुटनों, कूल्हों और कंधों में दर्द, अकड़न या सूजन की परेशाी होती है। इस स्थिति में कोलेजन सप्लीमेंट लेने की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।



**क्या कोलेजन लेने से जोड़ों के दर्द से राहत मिलती है:** डॉ. गौर प्रकाश भारद्वाज कहते हैं कि जब आप कोलेजन सप्लीमेंट (जैसे कोलेजन पाउडर या कैप्सूल) लेते हैं, तो यह शरीर में जाकर एमिनो एसिड्स में टूटता है और फिर शरीर उसे कार्टिलेज बनना के लिए जोड़ों के लुब्रिकेट बनाने में मदद करता है। कोलेजन शरीर के अंदर जाने के बाद जैसे-जैसे काम करना शुरू करता है जोड़ों के घिसे हुए हिस्से सुधरने लगते हैं और जोड़ों के दर्द से राहत मिलती है। इसलिए हम ऐसा कह सकते हैं कि कोलेजन लेने से जोड़ों के दर्द को कम किया जा सकता है।

**कोलेजन और जोड़ों के दर्द पर क्या कहती है रिसर्च:** एक अध्ययन के अनुसार, 12 सप्ताह तक हाइड्रोलाइज्ड कोलेजन लेने से जोड़ों का दर्द 20-40त्न तक कम होता है। कोलेजन के कारण जोड़ों के दर्द की परेशानी से उन लोगों को ज्यादा निजात मिलती है, जिनकी उम्र 50 से ज्यादा थी।

**हड्डी का शोरबा:** हड्डी का शोरबा कोलेजन का सबसे प्राकृतिक सोर्स है। जब जानवरों की हड्डियों को लंबे समय तक उबाला जाता है, तो उसमें से कोलेजन, ग्लूकोसामिन, जिलेटिन और एमिनो एसिड जैसे पोषक तत्व निकलते हैं। हड्डियों के शोरबा से प्राप्त कोलेजन का सेवन करने से जोड़ों और घुटनों के दर्द से राहत मिलती है। ये कोलेजन त्वचा की चमक को बनाए रखने में भी मदद करता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# बाल कुपोषण से मुक्त करने की दिशा में मध्य प्रदेश में हुआ बड़ा काम



डॉ. निवेदिता शर्मा

**प्रदेश में आज मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुधार के लिए 'संजीवनी रोडमैप' लागू किया गया है, जिसके तहत गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों को पोषणयुक्त खाद्य सामग्री (दूध, अंकुरित अनाज आदि) वितरित की जा रही है।**

**सरकार ने पोषण आहार सुधार की दिशा में भी कदम उठाए हैं। नई रेसिपी में चीनी की मात्रा घटाकर 16 प्रतिशत कर दी गई है, जबकि दूध पाउडर और प्रोटीन की मात्रा बढ़ाई गई है, जिससे यह आहार 3.5 मिलियन बच्चों तक पहुँच पा रहा है। राज्य में आंगनवाड़ी केंद्रों को केवल पोषण वितरण का केंद्र न मानते हुए अब इन्हें सामुदायिक शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संवेदनशीलता के केंद्रों में बदला जा रहा है।**

**भारत** एक ओर डिजिटल क्रांति, बुलेट ट्रेन और अंतरिक्ष अभियानों को लेकर उत्साहित है, वहीं दूसरी ओर कुपोषण जैसी बुनियादी सामाजिक समस्या अभी भी उसे चिंता में डाले हुए है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संसद में प्रस्तुत किए गए पोषण ट्रैकर के ताज़ा आंकड़े यही दिखाते हैं कि आज भी देश का एक बड़ा हिस्सा पर्याप्त पोषण से वंचित है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि देश के 63 जिलों में 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे कुपोषित पाए गए हैं। यह एक सच्चाई है कि वर्तमान में देश के 199 जिलों में कुपोषण का स्तर 30 से 40 प्रतिशत के बीच है। कुछ जिलों में यह आंकड़ा कहीं अधिक है। महाराष्ट्र का नंदुरबार (68.12त्न), झारखंड का पश्चिम सिंहभूम (66.27त्न), उत्तर प्रदेश का चित्रकूट (59.48त्न), और मध्य प्रदेश का शिवपुरी (58.20त्न) इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में कुपोषण की दर 37.07 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि 0 से 6 वर्ष के 8.19 करोड़ बच्चों में से 35.91 प्रतिशत कुपोषित हैं। यह आंकड़े केवल रिपोर्ट नहीं हैं, बल्कि उस सामाजिक संकट की सच्ची तस्वीर हैं, जो भविष्य की पीढ़ी को प्रभावित कर रहा है। फिर भी बात यदि समग्रता से देश के सभी राज्यों के बीच मध्य प्रदेश में बाल कुपोषण को दूर करने की होगी तो राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करनी ही होगी। मध्य प्रदेश में बच्चों में कुपोषण की स्थिति बीते दो दशकों में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ती हुई दिखी है। वर्ष 2005-06 में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-3) के अनुसार राज्य में कुपोषण की स्थिति बेहद चिंताजनक थी। उस समय प्रदेश में 60 प्रतिशत बच्चे कम वजन, 50 प्रतिशत लंबाई के हिसाब से कमजोर, और लगभग 35.4 प्रतिशत बच्चे उम्र के हिसाब से कम वजन वाले थे। इन आंकड़ों ने भारत सरकार और मध्य प्रदेश शासन दोनों के सामने एक गंभीर चुनौती खड़ी की थी। वर्ष 2015-16 में जब एनएफएचएस-4 आया, तब निश्चित ही इसमें बड़ा सुधार दिखा। कम वजन वाले बच्चों की दर घटकर लगभग 42.5 प्रतिशत रह गई, स्टंटेड 42 प्रतिशत के करीब आ गया और उम्र के हिसाब से कम वजन वाले बच्चे लगभग 25.8 प्रतिशत पर आ पहुंचे थे। इसके बाद वर्ष 2019-21 में एनएफएचएस-5 के आंकड़े आए, जिसमें पाया गया कि कम वजनी बच्चों की दर घटकर 33 प्रतिशत पर आ गई है। उम्र के हिसाब से लम्बाई में कम 35.7 प्रतिशत पर बच्चों का आंकड़ा पहुंचा और आयु अनुसार कम वजनी बच्चे मात्र 19 प्रतिशत ही रहे। इसका सीधा मतलब है कि बीते 16 वर्षों (2005 से 2021) में कम वजनी बच्चों की दर में लगभग 45 प्रतिशत, लम्बाई में 46 पतिशत और आयु के हिसाब से तय वजन में 29 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। इस बीच हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि लगातार प्रदेश की जनसंख्या में वृद्धि हो रही है। जहां वर्ष 2005 में छह वर्ष तक के बच्चों की संख्या 10.78 लाख के लगभग संभावित है। वर्ष 2021 में यह संख्या 12.6 लाख के करीब रही और अभी 2025 की स्थिति में यह जनसंख्या 0-6 वर्ष तक की 13.25 लाख बच्चों की है। कहने का अर्थ है कि हर वर्ष बच्चों की संख्या प्रदेश में बढ़ रही है और इसके साथ ही कुपोषण भी समय के साथ कम होता हुआ दिखता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार की 'सुपोषित मध्य प्रदेश 2030' नीति के अंतर्गत अब कुपोषण को केवल स्वास्थ्य या महिला-बाल विकास विभाग का विषय न मानते हुए इसे बहुविभागीय जिम्मेदारी के रूप में देखा जा रहा है। इस नीति के अंतर्गत पंचायती राज, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा जैसे विभागों को मिलाकर एकीकृत कार्य योजना पर ज़ोर दिया गया है। राज्य में तीव्र कुपोषण का एकीकृत प्रबंधन (आईएमएएम) और तीव्र कुपोषण का समुदाय-आधारित प्रबंधन (सीएमएएम) योजनाओं के माध्यम से गंभीर रूप से कुपोषित (एसएएम) बच्चों की पहचान और पुनर्वास का कार्य समुदाय स्तर पर किया जा रहा है। यह मॉडल विशेष रूप से कोविड-19 के दौरान प्रभावी सिद्ध हुआ, जब स्वास्थ्य ढांचा दबाव में था। अब यह पहल संस्थागत स्वरूप ले चुकी है और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से लेकर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों को इसमें सक्रिय भूमिका दी जा रही है। वर्ष 2025 में आयोजित सातवें पोषण पखवाड़े (8-22 अप्रैल) के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादवजी की अध्यक्षता में पहले 1000 दिन, स्वच्छ आहार-स्वस्थ बाल, और सीएमएएम-टीएचआर की दक्षता जैसे विषयों पर प्रदेशव्यापी अभियान चलाए गए। इसके अलावा, ईट राइट स्कूल कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को पोषण सुरक्षा, स्वच्छ भोजन और जीवनशैली में सुधार के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# संदिग्ध को ग्रामीणों ने पकड़ा, थाने का घेराव कर हाईवे पर लगाया जाम

■ पुलिस ने बताया मानसिक रूप से अस्वस्थ, जांच के बाद होगी विधिक कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





जनपद के थाना गजरौला क्षेत्र के गांव पिपरिया करम में मंगलवार तड़के संदिग्ध हालात में पकड़े गए युवक को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने युवक को बंधक बनाकर पुलिस के हवाले किया और फिर थाने पहुंचकर हंगामा कर दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवे पर बैरिकेडिंग लगाकर जाम भी किया, जिसे बाद में पुलिस ने समझा-बुझाकर खुलवाया। युवक की पहचान सूरज निषाद निवासी जनपद देवरिया के रूप में हुई है।

### दीवार फांदते युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

घटना मंगलवार सुबह करीब चार बजे की है, जब गांव पिपरिया करम निवासी लखविंदर सिंह ने अपने घर की दीवार के पास एक युवक को घूमते देखा। उन्होंने तुरंत अपने भाई दलजीत सिंह को सूचना दी, जिन्होंने ग्रामीणों की मदद से संदिग्ध को दौड़ाकर पकड़ लिया। युवक के पास से दो किलो आटा, गरम रोटियां, उबले आलू और गांजा बरामद हुआ।

### थाने पर हंगामा, हाईवे पर लगाया जाम

पकड़े गए युवक को जब पुलिस ने नशेड़ी करार दिया तो ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण गजरौला थाने पर पहुंच गए और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। आक्रोश में ग्रामीणों ने हाईवे पर 10 मिनट तक बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता जाम कर दिया। इस दौरान एक न्यायिक अधिकारी की गाड़ी को भी रोक लिया गया।

### पुलिस ने जांच का दिया भरोसा, मानसिक स्थिति ठीक नहीं

मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी नगर दीपक चतुर्वेदी ने ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रित किया। उन्होंने बताया कि युवक की पहचान सूरज निषाद पुत्र लाल साहब निषाद निवासी ग्राम रामपुर, जनपद देवरिया के रूप में हुई है। पूछताछ में उसके गांव के प्रधान से बात की गई, जिससे पता चला कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ है और दो-ढाई महीने पूर्व घर से लापता हो गया था। उसकी तलाश की जा रही थी। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि युवक के आपराधिक इतिहास की भी जांच की गई है, लेकिन अब तक कोई संदिग्ध तथ्य सामने नहीं आया है। अधिक जानकारी एकत्र की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों से भी की गई सख्त वार्ता

घटना के बाद कुछ ग्रामीणों द्वारा युवक से दुर्व्यवहार किए जाने की बात सामने आई है। इस संबंध में थाने में तैनात उप निरीक्षक सुनील कुमार ने ग्रामीणों से सख्त लहजे में बात कर समझाया और उन्हें संयम बरतने की हिदायत दी।

### ड्रोन व चोरों की अफवाह से पहले से दहशत में ग्रामीण

क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से ड्रोन दिखने और चोरी की घटनाओं की अफवाहों ने ग्रामीणों को पहले ही भयभीत कर रखा है। इसी वजह से लोगों में सतर्कता और गुस्सा बढ़ गया है। घटना के बाद गांव में रात्रि गश्त करने का निर्णय लिया गया है।

# खाद विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण, कई दुकानों पर ताले, स्पष्टीकरण तलब

■ चार प्रतिष्ठानों से लिए गए उर्वरक नमूने, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी नरेन्द्र पाल व उप कृषि निदेशक अजय कुमार की संयुक्त टीम द्वारा पूरनपुर क्षेत्र के उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई दुकानों पर स्टॉक व बिक्री से संबंधित रजिस्टर संतोषजनक पाए गए, जबकि कुछ दुकानदारों ने दुकान बंद कर भागने की कोशिश की, जिससे उनका लाइसेंस निलंबित कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। निरीक्षण के दौरान मै0 विपिन खाद भण्डार पूरनपुर के थोक प्रतिष्ठान पर 1000 बैग एन.पी.के., 220 बैग एस.एस.पी. पाउडर व 270 बैग एस.एस.पी. दानेदार स्टॉक में मिले। रिटेल प्रतिष्ठान पर भी पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध पाया गया। एक एसएसपी का नमूना लिया गया। मै0अग्रवाल किसान बाजार में थोक पर उर्वरक नहीं मिला, लेकिन रिटेल पर एनपीके के 245 बैग पाए गए। यहां से मोनो जिंक 33त्न का नमूना लिया गया। कृषक भारती सेवा केंद्र पर एमओपी के 360 बैग व एसएसपी के 80 बैग पाए गए। वहीं शंकर खाद भण्डार पर एसएसपी के 33 बैग मिले।

इसी दौरान मै0 भारद्वाज खाद भण्डार, मै0 प्रदीप खाद भण्डार, मै0 गुरुनानक खाद भण्डार, मै0 आनंद इंटरप्राइजेज और मै0 नीरज खाद भण्डार पूरनपुर के संचालक अपनी दुकानें बंद कर फरार हो गए। इनके खिलाफ उर्वरक विक्रय प्राधिकरण पत्र निलंबित कर स्पष्टीकरण तलब किया गया है।निरीक्षण के दौरान सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि पीओएस मशीन से ही उर्वरक का वितरण करें, कोक रेटिंग न करें, और किसानों को उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद की अनिवार्य बिक्री न की जाए। साथ ही स्टॉक व बिक्री रजिस्टर को प्रतिदिन अद्यतन रखना अनिवार्य किया गया है।

# बेनहर किड्स वर्ल्ड में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय टाइगर डे

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**






बेनहर किड्स वर्ल्ड, पीलीभीत में आज अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस (International Tiger Day) धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को वन्यजीवों, विशेषकर बाघों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।प्लेग्रुप से केजी कक्षा तक के नन्हें विद्यार्थियों ने टाइगर की वेशभूषा और मास्क पहनकर आकर्षक परेड निकाली। बच्चों की मासूमियत और जोश ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षिकाओं द्वारा मनोरंजक कहानी प्रस्तुति से हुई, जिसमें पीलीभीत टाइगर रिजर्व और वहां के नियम-कानूनों को भी रोचक ढंग से समझाया गया।नर्सरी इंचार्ज रीना सक्सेना ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि बाघ जैव विविधता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और इन्हें बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। साथ ही पशु-पक्षियों से प्रेम करने और जंगलों को बचाने का संदेश भी दिया। विद्यालय के प्रशासक गुरदित्त सिंह सैहमी ने कहा कि बाघ हमारी संस्कृति और पारिस्थितिकी का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनका संरक्षण मानव जाति के अस्तित्व के लिए आवश्यक है। बच्चों को टाइगर पर आधारित एक शैक्षिक फिल्म भी दिखाई गई, जिससे उन्हें और अधिक जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन अनम सलमानी ने किया। इस अवसर पर शिक्षिकाएं पुष्पा बिष्ट, आरती अरोड़ा, अंशु सक्सेना, उजमा खान, चिंतन झा, जमशीदा खान, शिखा पांडे, आयुषी अग्रवाल और सलोनी गंगवार भी विशेष रूप से सक्रिय रहीं।

# जिलाधिकारी ने दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश



■ स्वास्थ्य, पंचायतीराज, शिक्षा समेत कई विभागों की प्रगति की समीक्षा, साफ-सफाई और जनजागरूकता पर दिया विशेष जोर

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छता, जागरूकता व सर्विलांस पर गंभीरता से काम किया जाए।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सर्विलांस डाटा, पंचायतीराज विभाग द्वारा की गई झाड़ी कटिंग, जल निकासी व सफाई कार्यों की समीक्षा की गई। शहरी विकास विभाग द्वारा कराई गई फॉगिंग व एंटी-लार्वा छिड़काव की स्थिति जानी गई। कृषि विभाग द्वारा चूहों व छूछंदरों से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किए गए परिवारों की संख्या का आंकलन किया गया।शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली बच्चों के माध्यम से जागरूकता अभियान, आशा कार्यकर्ताओं द्वारा फाइलेरिया से बचाव हेतु की गई जागरूकता, और आभा आईडी व वीपीडी की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आबादी क्षेत्रों में संचालित सूअर बाड़ों को चिन्हित कर आबादी से बाहर स्थानांतरित किया जाए और उनकी नियमित सफाई सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि साफ-सफाई और झाड़ियों की कटाई-छंटाई समय-समय पर होनी चाहिए। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# युवक पर हमला: फायरिंग कर जान लेने की कोशिश, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

थाना पसगवां क्षेत्र में एक गंभीर घटना सामने आई है। देहरा अजीतपुर गांव के रितेश कुमार राज पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया।



घटना 29 जुलाई 2025 को सुबह करीब 10 बजे की है।पीड़ित रितेश कुमार ने थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके ही गांव के अवतार सिंह, जगतार सिंह, संतोष उर्फ राजा, बलजिंदर उर्फ विंदा, पाल सिंह और अन्य 10 अज्ञात लोग नाजायज असलहा, लाइसेंसी बंदूक, तलवार और लोहे की पाइप लेकर उसके घर पहुंचे।हमलावरों में से अवतार सिंह ने रितेश पर फायर कर दिया। रितेश बाल-बाल बच गया। इसके बाद संतोष उर्फ राजा ने भी बंदूक से उसे मारने की कोशिश की। रितेश ने अपने बचाव में कारतूस की पेटी और तलवार की मयान छीन ली। हमलावर भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान-माल की धमकी देकर भाग गए। रितेश के शोर मचाने पर गांव वाले मौके पर पहुंच गए। पीड़ित के पास घटना की वीडियो और फोटो सुबूत के तौर पर है रितेश हमलावरों से छीनी गई कारतूस की पेटी और मयान लेकर थाने पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराई। पसगवां कोतवाली के उप निरीक्षक दयानंद वर्मा ने बताया कि थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है और घटना की जांच जारी है।

# एक्सप्रेस खबरें...

## 11000 किलोमीटर पदयात्रा पर निकले संत मुकेश ठाकुराना का पूरनपुर में हुआ भव्य स्वागत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** गंगोत्री से शुरू हुई 11000 किलोमीटर की विशाल पदयात्रा में संलग्न दिल्ली निवासी संत मुकेश ठाकुराना का सोमवार की शाम नगर आगमन पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। नगर के एक होटल में आयोजित सम्मान समारोह में गायत्री परिवार के संदीप खंडेलवाल, भक्त पवन यादव समेत दर्जनों लोगों ने उन्हें पुष्पहार अर्पित किए और यात्रा की कुशलता का हाल जाना। संत ठाकुराना ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य देशभर में सुख, शांति और समृद्धि की भावना का प्रसार करना है। अब तक वह 11 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर चुके हैं और अब केदारनाथ की ओर रवाना हो रहे हैं। यह यात्रा 17 सितंबर 2024 को गंगोत्री से आरंभ हुई थी। मंगलवार को पूरनपुर से केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान किया गया।



## विवाहिता की संदिग्ध मौत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** थाना न्यूरिया क्षेत्र के गांव हरकिशना में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। चंद्रलेखा (24) का शव सोमवार दोपहर फंदे पर लटका मिला। मृतका के पिता गंगाराम ने बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए पति रवि कुमार, ससुर नंदराम, सास और ननद के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।सूचना पर थाना प्रभारी अशोक पाल और कलीनगर चौकी इंचार्ज सैफ खान मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के सभी सदस्य फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## धूमधाम से मनाया गया नागपंचमी पर्व

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** नागपंचमी का पर्व क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। तकियादीनारपुर के नागराज मंदिर, अमरैया कलां के लाल बाबा मंदिर, कृपा धाम मंदिर, लंबौआ और गांव के देवी स्थानों पर विशेष पूजा-अर्चना हुई। बच्चों ने झूला झूला और खिलौनों की दुकानों से खरीदारी कर पर्व का आनंद लिया।सर्प दंश से पीड़ित करीब 21 लोगों को बैगियों द्वारा झाड़-फूंक और मंत्रों के माध्यम से राहत दी गई। इस मौके पर ओमकार कुशवाहा, हरभजन सिंह, रामप्रसाद, श्याम बिहारी, विजय कुमार, चेतराम आदि मौजूद रहे।

## राह चलते युवक पर धारदार हथियार से हमला

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला साहूकारा निवासी ज्यासुद्दीन पर सोमवार को उस वक्त हमला कर दिया गया जब वह अपनी बहन के घर जा रहा था। देहात क्षेत्र में रास्ते में चल रहे विवाद के पास से गुजरने के दौरान आधा दर्जन लोगों ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर घायल कर दिया।घायल को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत, नाले से बरामद हुआ शव

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** सोमवार देर शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव घाटमपुर स्थित साधन सहकारी समिति के सामने नाले में एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया निवासी सुधीर कुमार (32) पुत्र कढेर के रूप में हुई है, जो मजदूरी करने अभयपुर माधोपुर गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में शराब के नशे में गिरकर मौत की आशंका जताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि होगी।

## दिव्यांग युवक ने पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला रजागंज निवासी दिव्यांग सोनू अली पुत्र अली हसन ने पुलिसकर्मियों पर मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। युवक ने सीओ को दिए प्रार्थनापत्र में कहा है कि वह कबाड़ लेकर बिक्री के लिए जा रहा था, तभी बाइक सवार दो पुलिसकर्मी पहुंचे और नाम पूछने के बाद डंडे से पिटाई कर दी।पीड़ित के अनुसार मार से उसका हाथ काम नहीं कर रहा और उसे काफी दर्द हो रहा है। उसने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## विवाहिता की मौत परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** थाना धौरहरा क्षेत्र के गांव हरदी निवासी एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मौके पर पहुंचे मृतका के पिता ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सीतापुर जिले के थाना हरगांव क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी कृष्ण कुमार ने अपनी 24 वर्षीय बेटी महिमा की शादी चार साल पहले खीरी जिले के थाना धौरहरा क्षेत्र के गांव हरदी गुलरिया निवासी रामवीर के पुत्र सुभाष के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालियों ने दहेज की मांग शुरू कर दी थी।दहेज न मिलने पर बेटी की हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## आगरा के तस्करो को 22 किलो चरस सहित पुलिस

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** एसएसबी और तिकुनिया पुलिस ने संयुक्त अभियान के दौरान भारत-नेपाल सीमा पर 22 किलो 400 ग्राम चरस बरामद की। इस दौरान आगरा के दो तस्करों गिरफ्तार किया गया गौरतलब है कि मंगलवार दोपहर एसएसबी और तिकुनिया पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर भारत-नेपाल सीमा पर 22 किलो चरस बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने आगरा के तस्कर को किया गिरफ्तार किया। एसएसबी कैंप के पास दो तस्करों के पास से 22 किलो 400 ग्राम चरस हुई बरामद किया। इस दौरान फतेहपुर सीकरी आगरा के दो तस्कर किए गए गिरफ्तार। इन तस्करों के कब्जे से 50 पैकेटों में रखी 22 किलो चरस की गई बरामद।



# जिला अस्पताल में दो माह से हेपेटाइटिस की जांच ठप

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

हेपेटाइटिस की प्रमुख जांच वायरल लोड जिला अस्पताल में दो माह से ठप चल रही है। इन हालात में लखनऊ मेडिकल कॉलेज जांच भेजी जाती है। केजीएमयू से रिपोर्ट आने में 15-20 दिन लग रहे हैं। ऐसे में मरीजों की हालत बिगड़ रही है। प्राइवेट में यह जांच काफी महंगी होती है। जिला अस्पताल में करीब ढाई साल से हेपेटाइटिस का इलाज चल रहा है। इस बीमारी की महंगी जांच व दवाएं अस्पताल में फ्री में उपलब्ध करवाई जाती है। वायरल लोड इसकी प्रमुख जांच है। यह जांच अस्पताल की डीएसएल लैब में होती है। प्राइवेट में इस जांच पर करीब 3500-6500 रुपये खर्च होते है। यह जांच शुरू होने से मरीजों को काफी राहत मिल गई थी। इससे उनको लखनऊ नहीं दौड़ना पड़ता था। इधर, जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते जांच बंद हो गई है। अस्पताल आने वाले मरीजों का सैंपल लेकर केजीएमयू लखनऊ भेजा जाता है। इससे मरीजों में समय से बीमारी की जानकारी न मिल पाने से उनके इलाज में देरी होती है।

# प्रयागराज में मजदूरी करने गए युवक की संदिग्ध मौत

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**



सिंगाही क्षेत्र के युवक की प्रयागराज में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक की पहचान 23 वर्षीय लक्ष्मण चौहान के रूप में हुई है, जो सिंगहा खुर्द गांव का निवासी था। बताते चलें ?लक्ष्मण एक दिहाड़ी मजदूर था और उसके एक वर्षीय पुत्र और तीन वर्षीय पुत्री हैं। मृतक के पिता रमेश चौहान ने बताया कि करीब 3-4 दिन पहले जैपरा गांव का एक व्यक्ति उनके बेटे को काम के लिए प्रयागराज ले गया था। वहां लक्ष्मण एक टाइल फैक्ट्री में काम कर रहा था।सोमवार शाम को जब परिवार से बात हुई, तब सब कुछ ठीक था। लेकिन मंगलवार सुबह काम पर ले जाने वाले व्यक्ति ने फोन करके बताया कि लक्ष्मण की तबीयत बहुत खराब है और उसे अस्पताल ले जाया जा रहा है। परिवार इस खबर पर चिंतित था ही कि लगभग पांच मिनट बाद उसकी मृत्यु की सूचना मिल गई।मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी और मां का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का आरोप है कि जब वे तहरीर लेकर सिंगाही थाने गए, तो पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज करने से मना कर दिया। यह भी उल्लेखनीय है कि मृतक और उसे काम पर ले जाने वाला व्यक्ति दोनों सिंगाही थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं।सिंगाही थाना अध्यक्ष अजीत कुमार का कहना है कि यह घटना उनके थाना क्षेत्र की नहीं है। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही संबंधित पुलिस की मदद से आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी तक मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# डीएम ने की राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की वर्चुअल समीक्षा, अफसरों को दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जनपद के सभी राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की वर्चुअल समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि राजस्व मामलों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता और तय समयसीमा के भीतर होना चाहिए। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। समीक्षा के दौरान उन्होंने धारा 24 (उत्तराधिकार), धारा 34 (नामांतरण), धारा 67 व धारा 116 (सीमांकन) से संबंधित वादों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हर मामले का निस्तारण समयबद्ध,निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लंबित मामलों में अनावश्यक देरी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी एसडीएम, एसडीएम न्यायिक, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि तिथि निर्धारण व सुनवाई की प्रक्रिया नियमित रूप से संचालित की जाए।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अंत में यह भी कहा कि राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली जनता के विश्वास से जुड़ी है, और इसमें पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वादों की सुनवाई पूरी गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ की जाए ताकि न्यायिक प्रक्रिया में लोगों का भरोसा और मजबूत हो सके।इस वर्चुअल समीक्षा बैठक में सभी उपजिलाधिकारी, एसडीएम न्यायिक, तहसीलदार और नायब तहसीलदार शामिल रहे। बैठक का संचालन एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी ने किया।

# राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



विद्या भारती विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, लखीमपुर में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में भैया-बहनों द्वारा पारम्परिक राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के भैया/बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भैया/बहनों ने रंग-बिरंगे धागों, मोतियों, झिलमिल कागज़ों और पारम्परिक सजावट सामग्री का उपयोग कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। कुछ राखियों में राष्ट्रभक्ति, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की झलक भी देखने को मिली।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारते हैं,

बल्कि भारतीय संस्कृति से जुड़ाव को भी प्रगाढ़ करते हैं।


इस प्रतियोगिता में विजेता भैया/बहनों का विवरण इस प्रकार है- भैया समर सिंह ने प्रथम स्थान, बहन अंशिका राज व भैया राधारमण मिश्रा नें द्वितीय स्थान, बहन आकृति वर्मा ने तृतीय स्थान तथा भैया सत्यम व बहन अंशिका राना ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

## शिवालयों में कतार, गूंजती रही भोले बाबा की जयकार

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** सावन के तीसरे सोमवार पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने कतारों में लगकर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। भगवान शंकर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से शिवालय गूंजते रहे। कई श्रद्धालुओं ने व्रत रहकर रूद्राभिषेक किया। शहर के श्यामनाथ, जंगलीनाथ, त्रिकोणनाथ, ताड़कनाथ आदि मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगीं। गंगाजल, दूध-दही, घी-शक्कर, बेलपत्र, भांग, धतूरा, श्रीफल, शहद, पंचामृत आदि से शिवलिंग का अभिषेक कर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। पूजन के दौरान हर-हर महादेव, ऊं नमः शिवाय और बम-बम भोले के जयकारों से शिवालय गुंजायमान होते रहे। वहीं, नैमिषारण्य के प्राचीन बाबा भूतेश्वर नाथ, काशी विश्वनाथ, देवदेवेश्वर नाथ, सिद्धेश्वरनाथ, रुद्रावृत, देवदेवेश भगवान, महामृत्युंजय आदि शिवालयों में जल अर्पण के साथ गाय के दूध, भंग, धतूरा, बेलपत्र, मन्दारपुष्प आदि से श्रद्धालुओं ने विशेष पूजन किया। कई शिव साधकों ने रुद्राभिषेक, जलाभिषेक आदि अनुष्ठानों के माध्यम से पूजा-पाठ किया। देवदेवेश्वर महादेव मंदिर पर रविवार शाम से ही कांवड़ियों द्वारा जल अर्पित करने का दौर शुरू हो गया था, जो सोमवार को पूरे दिन चलता रहा। कई स्थानों पर भंडारा आयोजित किया गया। नैमिष थाना प्रभारी पंकज तिवारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। भायात्रा में जीवंत झांकी रही आकर्षण का केंद्र नगर के महेंद्री टोला शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक शोभायात्रा निकाली।

# सीएम योगी पहुंचे गोरखनाथ मंदिर, कुश्ती प्रतियोगिता के विजेताओं को करेंगे पुरस्कृत

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



मंगलवार दोपहर को सीएम योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। विधिवत पूजन हवन किया।
नागपंचमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को हुआ था। इसमें प्रदेशभर के पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। समापन पर सीएम योगी कुश्ती के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे।
मंगलवार दोपहर को सीएम योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। विधिवत पूजन हवन किया। सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।
वह विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे। बुधवार को लखनऊ लौट जाएंगे।
नागपंचमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को हुआ था। इसमें प्रदेशभर के पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी आले हैदर ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस दौरान वह पहलवानों को संबोधित भी करेंगे। इसके साथ ही विजेता पहलवानों को विभिन्न पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाएंगे।

## झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले, फसलों को मिली संजीवनी

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

सोमवार को जिले में हुई झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। लगातार तीखी धूप के चलते सूखने के कगार पर पहुंच चुकी फसलों को बारिश से संजीवनी मिली है। वहीं आमजन के साथ पशु-पक्षियों को भी तापमान में गिरावट से राहत मिली। सदर ब्लॉक के परसिया अहीर, अगस्तपार, कठिनईयां, फुलवरिया करन, भटजमुआवं समेत सभी गांवों में बारिश से फसलों में जान आ गई। भटजमुआवं के विजय प्रकाश पांडेय, परसियां के गामा मिश्रा ने बताया कि फसल सूख रही थी। अब बारिश से फसलों को काफी फायदा हुआ है। तरकुलवा संवाद के अनुसार तरकुलवा-पथरदेवा क्षेत्र में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और लंबे समय से बारिश नहीं होने से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच गई थी। खेतों में धान, मक्का व गन्ने की फसल सूख रही थीं। खेतों में दरारें फट गई थीं। सोमवार को बारिश होने से किसानों ने काफी राहत महसूस की। नारायणपुर गांव के किसान हसनैन खान ने बताया कि उनके पास सिंचाई के पर्याप्त संसाधन नहीं हैं।

# 3 साल से अधिक समय तक जिले के डीएम रहे कृष्णा करुणेश, अब दीपक मीणा संभालेंगे जिम्मा



**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

2011 बैच के इस आईएएस अफसर ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व सीडीओ पद के अलावा मेरठ में भी डीएम के तौर पर कार्य किया है। अब तक गोरखपुर के डीएम रहे कृष्णा करुणेश ने तीन साल का कार्यकाल पूरा कर लिया था। राजस्थान के रहने वाले 2011 बैच के आईएएस अधिकारी दीपक मीणा अब गोरखपुर के अगले डीएम होंगे। इससे पहले वह गाजियाबाद के डीएम पद पर कार्यरत थे। दीपक मीणा 2019 से 2022 तक सिद्धार्थनगर में भी डीएम के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।राजस्थान के रहने वाले 2011 बैच के आईएएस अधिकारी दीपक मीणा अब गोरखपुर के अगले डीएम होंगे। इससे पहले वह गाजियाबाद के डीएम पद पर कार्यरत थे। दीपक मीणा 2019 से 2022 तक सिद्धार्थनगर में भी डीएम के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। 15 जुलाई 1986 को जन्मे दीपक मीणा ने आईआईटी खड़गपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया और फिर सिविल सेवा में आने से पहले कुछ समय के लिए टाटा स्टील में काम किया। 2011 बैच के इस आईएएस अफसर ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व सीडीओ पद के अलावा मेरठ में भी डीएम के तौर पर कार्य किया है। 15 जुलाई 1986 को जन्मे दीपक मीणा ने आईआईटी खड़गपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया और फिर सिविल सेवा में आने से पहले कुछ समय के लिए टाटा स्टील में काम किया। 2011 बैच के इस आईएएस अफसर ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व सीडीओ पद के अलावा मेरठ में भी डीएम के तौर पर कार्य किया है।

# बॉर्डर पर खाद तस्करी नाकाम, दो गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**

एक तरफ खाद न मिलने से किसान परेशान हैं, तो वही दूसरी तरफ सक्रिय तस्करों द्वारा नेपाल राष्ट्र को भारतीय खाद की तस्करी की जा रही है। बुधवार को सुबह खाद की तस्करी रोकथाम के क्रम में ठूठीबारी कोतवाली पुलिस प्रशासन ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के भरवलिया गांव के समीप से एक महिंद्रा पिकअप पर लदी 22 बोरी यूरिया के साथ दो व्यक्ति क्रमशः भोला रौनियार पुत्र प्रेम लाल, सुनील मद्धेशिया पुत्र रामचंद्र को गिरफ्तार किया है।
थानाध्यक्ष महेंद्र मिश्रा के अनुसार यूरिया से संबंधित न तो कोई दस्तावेज मिले और न ही इसके बारे में दोनों व्यक्ति कुछ बता सके। भारतीय खाद अवैध तरीके से नेपाल भेजे जाने की योजना थी। खाद सहित पिकअप को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए स्थल सीमा शुल्क चौकी कस्टम विभाग के हवाले कर दिया गया है।

## पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

बंजरिया-देवरिया धूस मार्ग पर ओलीपट्टी गांव के पास रविवार की शाम बेकाबू पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौक पर मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। दोनों हेलमेट नहीं पहने थे। जानकारी के अनुसार, बघौचघाट थाना क्षेत्र के मुरार छापर गांव के राजू राजभर (22) पुत्र रमेश राजभर और जितेंद्र राजभर (25) पुत्र बनारसी राजभर बाइक से बंजरिया बाजार करने गए थे। बाजार से लौटते समय शाम करीब चार बजे ओलीपट्टी गांव के पास पहुंचे थे। इसी बीच बेकाबू पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों सड़क पर गिर गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राजू की मौके पर मौत हो गई, जबकि जितेंद्र को एंबुलेंस से पथरदेवा सीएचसी पहुंचाया गया।

# बारिश ने गोरखपुर नगर निगम के दावों की खोली पोल, अधिकांश नाले हुए ओवरफ्लो

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



जलभराव से सबसे अधिक परेशानी रासीनगर फेज एक में बिजली विभाग के टावर के पास, रासीनगर, चंद्रगुप्त नगर, डॉक्टर कॉलोनी, रासीनगर फेज चार में सेंट्रल बैंक के पास, जिला अस्पताल के पास, सिविल लाइन्स स्कूल वाली गली, धर्मशाला, विजय चौराहे के पास लोगों को जलभराव के कारण भारी समस्या का सामना करना पड़ा।
नगर निगम क्षेत्र में हुई बारिश से कई जगह जलभराव हुआ। निगम के नाले-नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने लगा। इस कारण लोगों को आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।
जलभराव से सबसे अधिक परेशानी रासीनगर फेज एक में बिजली विभाग के टावर के पास, रासीनगर, चंद्रगुप्त नगर, डॉक्टर कॉलोनी, रासीनगर फेज चार में सेंट्रल बैंक के पास, जिला अस्पताल के पास, सिविल लाइन्स स्कूल वाली गली, धर्मशाला, विजय चौराहे के पास लोगों को जलभराव के कारण भारी समस्या का सामना करना पड़ा।
उधर, बारिश के कारण नगर निगम के दावे सभी फेल हो गए। लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि सुबह बारिश के बीच ही नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने जलभराव वाले इलाकों का निरीक्षण भी किया।
निर्माण खंड के जिम्मेदारों के अलावा सफाई कर्मचारियों को भी निर्देश दिया कि जलभराव न हो, इसे लेकर तैयारियां दुरुस्त रखें। मेयर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि जलभराव हो सकता है कहीं हुआ हो, लेकिन कराए गए कामों की वजह से पानी कहीं रुका नहीं होगा।

# बदल रहा है गोरखपुर : रामगढ़ताल किनारे खुलेगा बैंबू रेस्टोरेंट, लजीज व्यंजन के साथ ले सकेंगे खूबसूरती का नजारा

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



क्रूज, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट एवं बोटिंग का संचालन जैसे निजी फर्में कर रही हैं, उसी आधार पर बैंबू रेस्टोरेंट का संचालन भी हो सकता है। जीडीए इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी कर आवेदन मांगेगा। इसके बाद रेट के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। हर महीने निश्चित रकम किराए के रूप में प्राधिकरण को मिलेगी।
रामगढ़ताल किनारे पर्यटकों को एक नया तोहफा मिलने वाला है। नौका विहार पार्ट दो के पास गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) एक बैंबू रेस्टोरेंट बनाने की योजना है। यहां लजीज व्यंजन के साथ पर्यटकों को प्राकृतिक नजारे का आनंद ले सकेंगे। आमतौर पर असम, केरल में ही इस तरह के रेस्टोरेंट देखने को मिलते हैं लेकिन गोरक्षनगरी के पर्यटकों के लिए भी जल्द ही यह खूबसूरत रेस्टोरेंट उपलब्ध होगा।
रामगढ़ताल में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए जीडीए नित नई योजनाएं बना रहा है। क्रूज, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के बाद अब बैंबू रेस्टोरेंट भी खुलेगा। अभी ताल में जहां मछलियां पकड़ने का ठेका दिया गया है, उसी स्थान पर इस रेस्टोरेंट के लिए जगह दी जाएगी। यह नया सवेरा फेज दो से जुड़ा रहेगा, इसी रास्ते यहां पहुंच सकेंगे।
मछलियों का आखेट अब ताल के दूसरी ओर यानी सहारा एस्टेट की तरफ से होगा। असम, केरल व कुछ अन्य राज्यों में बैंबू रेस्टोरेंट मिलते हैं। कुछ अन्य शहरों में भी इस कांसेप्ट पर रेस्टोरेंट खोले गए हैं। यहां बैठने वाले लोगों को ताल की रमणीयता का आनंद उठाने का अवसर भी मिलेगा। बांस की स्टिक में बने लजीज व्यंजन भी मिलेंगे।
बैंबू रेस्टोरेंट में आंतरिक सज्जा और बाहरी संरचना में बड़े पैमाने पर बांस का उपयोग किया जाता है, जो एक प्राकृतिक और आकर्षक रूप देता है। बांस के उपयोग से रेस्टोरेंट में एक शांतिपूर्ण और शांत माहौल बनता है, जो ग्राहकों को आरामदायक अनुभव प्रदान करता है। यहां बांस की स्टिक में बने लजीज व्यंजन भी उपलब्ध रहेंगे।
नया सवेरा फेज दो से संचालित होंगी एडवेंचरस गतिविधियां ताल के किनारे 35 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से नया सवेरा फेज दो विकसित किया गया है। इसपर छह प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं, जहां से एडवेंचरस गतिविधियां संचालित की जाएंगी। 1700 मीटर लंबे इस नया सवेरा पर ही मछली के आखेट की जगह भी है जिससे इस पिकनिक स्पॉट की खूबसूरती प्रभावित हो रही है।

## बापूधाम एक्सप्रेस से गिरकर यात्री घायल

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सोमवार को बापूधाम एक्सप्रेस से गिरकर एक यात्री घायल हो गया। हादसे का कारण चलती ट्रेन से पैर फिसलना बताया जा रहा है।
जानकारी के अनुसार, मऊ जिले के रानीपुर गांव निवासी राजन दुबे (36) किसी काम से गोरखपुर जा रहे थे। वह मऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन से बापूधाम एक्सप्रेस में सवार होकर गंतव्य को रवाना हुए। सोमवार को ट्रेन बिना रुके भटनी रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। इसी दौरान वह लघुशंका के लिए टॉयलेट में जा रहे थे, तभी ट्रेन के झटके से उनका पैर फिसल गया और वह चलती ट्रेन से प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर गिर गए।
ट्रेन जाने के बाद जीआरपी ने उन्हें गम्भीर हालत में रेल पटरी से निकाला और अस्पताल भेजा। घायल युवक के एक पैर कटने की बात कही जा रही है।

# श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



सावन के तीसरे सोमवार को नगर समेत जिले के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इस दौरान शंख ध्वनि और हर-हर महादेव के जयघोष से शिवालय गूंज उठे। मंदिर परिसर में लोगों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस के जवान तैनात रहे।
सभी शिवालय परिसर में मेला जैसा माहौल रहा। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को प्रमुख मंदिरों में जलाभिषेक के लिए भोर में ही श्रद्धालु जुटने शुरू हो गए। श्रद्धालुओं ने भांग, धतूर, बेलपत्र आदि आर्पित कर शिवालयों में जलाभिषेक किया। नगर के भारतीय शिवाला मंदिर, प्राचीन कुबेरस्थान शिवमंदिर, करहिया शिवमंदिर, पथलेश्वरनाथ शिव मंदिर, भन्नूनाथ शिवमंदिर आदि शिव मंदिरों में सोमवार की भोर से लेकर देर शाम तक लोगों ने पूजा किया। तमकुहीरोड प्रतिनिधि के अनुसार सेवरही क्षेत्र में सावन के तीसरे सोमवार को श्रद्धालुओं ने बांसी व गंडक नदी में पवित्र स्नान कर जल भरा और शिव मंदिरों मे जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया।
इसे लेकर बाबा पंचेश्वरनाथ शिव मंदिर शिवाघाट, विश्वकर्मा शिव मंदिर लोहा मंडी, बाबा विंदश्वरी दास शिव मंदिर पोखरा, जीन बाबा का स्थान, अहिरौलीदान, मिश्रौली, जगदीशपुर आदि गांव स्थित शिव मंदिरों में सुबह से जलाभिषेक के साथ पूजा पाठ करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। उजारनाथ प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय चौराहा स्थित प्राचीन शिवमंदिर में दो दिवसीय धर्मिक अनुष्ठान श्रद्धा व अनुष्ठान का समापन हुआ।

# फौजी की हत्या से फतेहपुर में तनाव... पुलिस रखे है पैनी नजर

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



पकड़ी बाजार। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव में विवादित जमीन में सोमवार को बोलेरो घुमाने पर हुए विवाद में सेवानिवृत्त फौजी रामदयाल कुशवाहा की हत्या के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस पैनी नजर बनाए हुए है।
सेवानिवृत्त फौजी की हत्या के मामले में उनके छोटे बेटे अमित मौर्य ने पुलिस को तहरीर देकर ग्राम प्रधान सहित पांच लोगों पर पिता की हत्या करने का आरोप लगाया है।
कहा कि घर के पास विवादित जमीन में गाड़ी घुमाकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे लोगों को रोकने पर उन लोगों ने वारदात को अंजाम दिया। हाथापाई के दौरान गला दबाने से पिता की मौत हो गई। फौजी की हत्या से उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वर्ष 2002 में फौज से सेवानिवृत फौजी रामदयाल का बड़ा बेटा हीरामन भी फौज में नौकरी करते है। वह जम्मू-कश्मीर की सीमा पर तैनात है। पिता की हत्या की खबर सुनकर गांव लौट रहे हैं। फौजी की पत्नी गिरजनी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। वह छाती पीटकर बिलख रही थी और बार-बार गश खाकर गिर पड़ रही थी। परिवार व आसपास की महिलाएं उसे संभालने में जुटी थी। घर के लोगों के चीत्कार से पूरा मंजर गमगीन हो गया। छोटे बेटे अमित ने पिता के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। एक बेटी पार्वती की शादी हो चुकी है।

## पंचदेवों के प्रधान हैं शिव

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

सेवरही नगर पंचायत के राजेंद्रनगर स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रहे सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के चौथे दिन रविवार की रात कथा वाचक पंडित कृष्णकांत ठाकुर ने शिव की महिमा की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान शिव पंचदेव के प्रधान परमेश्वर हैं। कथावाचक ने कहा कि सृष्टि की रचना भगवान से ही हुई है। परमपिता ब्रहमा ने शिव से शक्ति पाकर ही मनु व सतरूपा को उत्पन्न किया था। उनसे ही सृष्टि का विकास हुआ। इसके पहले सेवरही की चेयरमैन सोनिया जायसवाल, पूर्व चेयरमैन त्रिभुवन जायसवाल, मुख्य यजमान अरुण कुमार साहू व संतोष कुमार साहू ने सपत्नीक शिव महापुराण ग्रंथ की विशेष पूजा अर्चना कर आरती की। इस दौरान कृष्णा जायसवाल, आलोक जायसवाल, सुमित रौनियार आदि मौजूद रहे।

# जंगल के पास डीजे का बढ़ा शोर तो शहर में घूमने लगा तेंदुआ, मोहनापुर में महिला को बनाया शिकार- दहशत में लोग

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



शाहपुर इलाके के जंगल हकीम नंबर दो मोहनापुर यादव टोला निवासी गीता देवी सोमवार सुबह 5ः30 बजे के करीब मोहल्ले में फूल तोड़ने गई थीं। वह एक बाउंड्री में लगे कनैर का फूल तोड़ रहीं थीं। इस दौरान तेंदुए ने चेहरे पर झपट्टा मारा जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गईं और अचेत होकर गिर गईं।
शाहपुर इलाके के जंगल हकीम नंबर दो मोहनापुर में सोमवार सुबह तेंदुए ने फूल तोड़ने गई महिला पर हमला कर दिया। इसमें महिला जख्मी हो गई। उसके चेहरे पर चोटें आईं हैं। तेंदुआ दिखने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोगों की सूचना पर पहुंची शाहपुर पुलिस और वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश में जुटी है।
जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के जंगल हकीम नंबर दो मोहनापुर यादव टोला निवासी गीता देवी सोमवार सुबह 5ः30 बजे के करीब मोहल्ले में फूल तोड़ने गई थीं। वह एक बाउंड्री में लगे कनैर का फूल तोड़ रहीं थीं। इस दौरान तेंदुए ने चेहरे पर झपट्टा मारा जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गईं और अचेत होकर गिर गईं। साथ में गई दूसरी महिला किसी तरह उन्हें घर लेकर पहुंची। घरवालों को बताया तो उन्हें लगा कुत्ते ने काट लिया है। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के बाद घर पहुंचीं। शाम को नाई टोला के पास डिवाइन पब्लिक स्कूल जाने वाली सड़क पर स्थित एक बिल्डिंग मटेरियल की दुकान की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में तेंदुआ आते दिखाई दिया।
इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। फुटेज का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। पुलिस और वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश कर रही है।
तेंदुआ दिखने की सूचना पर टीम मोहनापुर में पहुंची है। वीडियो के आधार पर उसकी तलाश की जा रही है। नागरिकों से अपील है कि वे घबराएं नहीं। यदि तेंदुआ होगा तो वन विभाग की टीम उसे रेस्क्यू कर लेगीः
विकास यादव, डीएफओ
जंगल के पास डीजे का शोर बढ़ा तो शहर में घूमने लगा तेंदुआ
मोहनापुर में तेंदुआ दिखने के बाद से ही हड़कंप की स्थिति है। लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे। बाहर निकलने वाले लोग लाठी लेकर निकल रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात में जंगल तिनकोनिया के पास तेज आवाज में डीजे बज रहा था। माना जा रहा है कि तेंदुआ शोर से परेशान होकर शहर की तरफ आ गया।

# अपने चहेतों को ही खाद देते हैं सहकारी समिति के सचिव, किसानों ने लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई बलरामपुर**



सहकारी समिति कौवापुर के सचिव श्रीप्रकाश सिंह पर किसानों ने अपने चाहते को डीएपी इफको खाद की बोरियों देने का आरोप लगाया है। किसानों का आरोप है कि सचिव अपने चहेतो को रात के अंधेरे में खाद वितरण करते हैं। वही सैकड़ो किसानों को अब तक खाद नहीं मिल पाई है। मजबूरी में किसान मायूस होकर लौट रहे हैं। किसनो ने प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व जिलाधिकारी को ऑनलाइन शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही करने की मांग की है।

कौवापुर सहकारी समिति पर खाद न मिलने से किसानों की फसल चौपट हो रहे हैं।किसान के खेत में धान की फसल को खाद की जरूरत है। ऐसे मे किसानों में खाद को लेकर मारामारी शुरू है। लेकिन सचिव मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। सचिव पर आरोप है कि 10 जुलाई को सहकारी समिति पर किसानों का आधार कार्ड जमा करने के बावजूद भी खाद नहीं दिया। जिसके कारण किसान मायूस होकर बेरंग घर लौट गए। इसको लेकर किसानों ने प्रदर्शन भी किया। लेकिन सचिव ने अपने चहेतों को रात के अंधेरे में खाद वितरण कर दिया। अधिकांश किसानों ने शिकायत करने की बात कही तो सचिव ने धमकी देकर कहा शिकायत जहां करना हो तो कर लो। जिससे आक्रोशित किसान अशोक कुमार मिश्रा, रामकुमार, हीरालाल, बाबूलाल, गणेश, सियाराम, हेतराम, मोबिन, रईस, शहंशाह आदि किसान ने प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व जिलाधिकारी के पोर्टल पर शिकायत करके जांच करके कार्रवाई की मांग की है।

## एएमयू के भौतिक वैज्ञानिकों को वैश्विक सम्मान

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। एएमयू का यह विभाग प्रतिष्ठित एलाइस कालोब्रेशन का हिस्सा रहा है, जिसे मौलिक भौतिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 2025 का ब्रेकथ्रू प्राइज इन फंडामेंटल फिजिक्स प्रदान किया गया है।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हिग्स बोसोन की विशेषताओं के सूक्ष्म माप, द्रव्यमान उत्पत्ति की सममिति-भंग प्रक्रिया की पुष्टि, नए सशक्त अंतरूक्रियात्मक कणों की खोज, दुर्लभ प्रक्रियाओं और पदार्थ-विप्रति असममिति पर हुए अध्ययनों को लेकर किए गए कार्यों के लिए एलाइस सहयोग को प्रदान किया गया है।

इस सम्मान में एएमयू भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम. अनीसुल ऐन उस्मानी और प्रो. शकील अहमद (प्रोजेक्ट इन्वेस्टिगेटर) के नेतृत्व में किए गए अनुसंधान कार्यों को विशेष मान्यता मिली है। इनका शोध विश्व प्रसिद्ध सर्न के लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर में चल रहे अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक प्रयासों का अभिन्न अंग रहा है।

# नाग पंचमी के अवसर पर आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को नागपंचमी पर्व के पावन अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से अवगत कराने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ।

जानकारी के अनुसार 29 जुलाई को नाग पंचमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक जागरूकता उत्पन्न करना और उन्हें अपनी परंपराओं की महत्ता समझाना था। विद्यालय में पूरे दिन उत्सवमयी वातावरण बना रहा। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए ÷नागपंचमी पर्व का महत्व÷ विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को दो वर्गों में विभाजित किया गया था। जूनियर वर्ग (कक्षा 6 से 8) एवं सीनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12)। दोनों वर्गों में विद्यार्थियों ने अपनी लेखनी के माध्यम से पर्व के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

जूनियर वर्ग में कक्षा 8 'A' की विधि कसौधन तथा सीनियर वर्ग में कक्षा 10 'B' के मोहम्मद रेहान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर किया। दोनों विजेताओं को 500-500 रुपए का नगद पुरस्कार विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर डीपी सिंह ने प्रदान करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए सभी प्रतिभागियों की रचनात्मकता की प्रशंसा की। यह आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उन्हें भारतीय परंपराओं से जोड़ने की दिशा में एक सफल प्रयास सिद्ध हुआ।

# मेट्रोः मनकामेश्वर से आरबीएस के मध्य तैयार हुआ भूमिगत स्लैब ट्रैक

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

यूपीएमआरसी द्वारा आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर के शेष भूमिगत भाग मनकामेश्वर से आरबीएस कॉलेज तक समय पर पूरा करने के लिए तेज गति के साथ कार्य किया जा रहा है। इस भाग में तेज गति से ट्रैक बिछाने के साथ अन्य कार्य किये जा रहे है। आरबीएस रैंप से आगरा कॉलेज की दिशा में लगभग 1.5 किलोमीटर ट्रैक स्लैब की कास्टिंग पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही आरबीएस रैंप से आगरा कॉलेज मेट्रो स्टेशन तक लॉन्ग वेल्डेड रेल तैयार हो गई है। अप और डाउन लाइन में ट्रैक का काम पूरा होने के बाद थर्ड रेल, सिग्नलिंग आदि प्रणालियों का कार्य किया जाएगा। आईएसबीटी से सिकंदरा तक शेष खंड के एलिवेटेड खंड पर सिविल कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी प्रकार, दूसरे कॉरिडोर आगरा कैंट से कालिंदी विहार तक का निर्माण कार्य भी तेजी से किया जा रहा है, ताकि परियोजना को समय पर पूरा किया जा सके और आगरा के लोगों को समयबद्ध तरीके से विश्व स्तरीय मेट्रो प्रणाली प्रदान की जा सके।

ऐसे होता है भूमिगत ट्रैक का निर्माण भूमिगत मेट्रो निर्माण के लिए सबसे पहले स्टेशन का निर्माण किया जाता है। स्टेशन का ढांचा तैयार होने के बाद लॉन्चिंग शाफ्ट का निर्माण कर टनल बोरिंग मशीन लॉन्च की जाती है। टीबीएम मशीन के जरिए गोलाकार टनल बनकर तैयार होती है।

# अटलपुरम टाउनशिप को लेकर आज होगा ऐलान

## आवासीय प्लॉट की कीमत 29,500 रुपये प्रति वर्गमीटर

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

एडीए की बहुप्रतीक्षित अटलपुरम टाउनशिप की प्लॉट दरों को लेकर अब अंतिम मुहर लगने जा रही है। प्रस्तावित आवासीय प्लॉट की कीमत 29,500 रुपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित की गई है, आज होने वाली प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। जिसके बाद योजना का ब्रॉशर सार्वजनिक कर दिया जाएगा। आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा 138 हेक्टेयर में विकसित की जा रही अटलपुरम टाउनशिप को आगरा की पहली ऐसी योजना के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। जिसमें मुख्य सड़कें 150 फुट चौड़ी, और आंतरिक सड़कें 40 से 120 फुट चौड़ी होंगी। साथ ही यह स्मार्ट फीचर्स से लैस रहेगी। यहां स्काडा आधारित 24X7 जलापूर्ति, यूटिलिटी डक्ट, कन्वेंशन सेंटर, पार्क, साइकिल ट्रैक, ग्रीन बेल्ट, क्लब हाउस, मैरेज हॉल, फायर स्टेशन, पुलिस स्टेशन, पोस्ट ऑफिस और विद्यालय जैसी सामाजिक व बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।



### लॉटरी के माध्यम से होगा आवंटन

एडीए अनुसार आवासीय प्लॉटों का आवंटन खुले लॉटरी सिस्टम के तहत पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। इसके लिए केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे, जिसके लिए पोर्टल तैयार कर लिया गया है। इस योजना को सभी आय वर्ग के लिए खोला जाएगा। हालांकि आगरा विकास प्राधिकरण पहले चरण में केवल आवासीय प्लाटों का आवंटन करने जा रहा है। व्यावसायिक और औद्योगिक प्लाटों का आवंटन बाद में किया जाएगा।

### कनेक्टिविटी है प्लस पॉइंट

अटलपुरम टाउनशिप की लोकेशन एक अहम पहलू है। यह इनर रिंग रोड से जुड़ी होने के साथ-साथ आगरा के सभी प्रमुख हिस्सों से कनेक्टेड है। यहां से ताजमहल की दूरी 12 किमी, आगरा कैंट स्टेशन 12 किमी और ईदगाह बस स्टैंड की दूरी मात्र 11.6 किमी है। ये टाउनशिप भविष्य में एक आदर्श आवासीय हब बनने की दिशा में अग्रसर है।

# ताजमहल : बंदरों ने किया पर्यटक महिला पर हमला

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

ताजमहल घूमने आई एक महिला पर्यटक पर बंदरों ने हमला बोल दिया। ताज सुरक्षा पुलिस ने महिला को बंदरों के हमले से बचाया। महिला के हाथ में चोट आई है। पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को बनारस से 60 वर्षीय महिला पर्यटक कमलेश पत्नी कृष्णानंद भट्ट अपने बेटे शैलेंद्र भट्ट और बहू अनुराधा शर्मा के साथ ताजमहल देखने आई थी।

वे ताजमहल के पश्चिमी गेट के सामने बनी पत्थर की बेंच पर अकेले बैठीं हुई थी। बेटा-बहू ताजमहल देखने अंदर चले गए। उनके पास पानी की बोतल थी। उन्होंने बताया कि बंदरों ने उनसे पानी की बोतल छीनने के लिए उन पर हमला कर दिया। महिला बंदरों के हमले से डर गईं। वे चिल्लाने लगीं। इस छीना झपटी में उनके दाहिने हाथ में चोट भी लग गई। सूचना मिलते ही ताज सुरक्षा पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला पर्यटक के पास से बंदरों को भगाया, औश्र पर्यटक महिला के बेटे को फोन कर इसकी जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने ताजमहल के पश्चिमी पार्किंग में पर्यटक सुविधा केंद्र से एंबुलेंस बुलाई गई। महिला को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

# महाराजा धर्मेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

## अस्पतालों में किया गया फल एवं खाद्य सामग्री का वितरण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर स्टेट के पूर्व महाराजा स्वर्गीय धर्मेन्द्र प्रसाद सिंह की 07 वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को नगरवासियों व शुभचिंतकों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। नीलबाग पैलेस पर वर्तमान महाराज जयेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में तमाम लोगों ने पहुंचकर स्वर्गीय महाराज धर्मेंद्र प्रसाद सिंह के चित्र पर पुष्पांजली व माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए । मुख्यालय के अस्पतालों में स्वर्गीय महाराज की याद में मरीजों के बीच फल व खाद्य सामग्री वितरण किया गया ।

जानकारी के अनुसार 29 जुलाई को बलरामपुर राज के पूर्व महाराजा की पुण्य तिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई । पूर्व महाराजा धर्मेन्द्र प्रसाद सिंह एक अतिशय उदार, लोकतांत्रिक, व्यवहार कुशल, अध्ययनशील, कुशल वक्ता और मनुष्य की गरिमा को बढ़ाने वाले नेक दिल इंसान थे। पूर्व महाराजा सरल-सहज और दानशीलता के प्रतिमूर्ति थे। वर्तमान महाराजा जयेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा एमएलके पीजी कॉलेज में विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ राजीव रंजन की अगुवाई में संयुक्त जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजकुमार, डॉ रुचि पाण्डेय, डॉ अवनीश दीक्षित व डॉ सुरेन्द्र दूबे के साथ फल व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। वहीं महिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुमन दत्त गौतम, डॉ महेश कुमार वर्मा व डॉ वसीम अहमद तथा मेमोरियल चिकित्सालय में डॉ शारदा रंजन, डॉ रमेश पाण्डेय व डॉ कैलाश आनंद व जन्मेजय सिंह के साथ फल वितरण किया गया।

## नागपंचमी पर शिव मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

अंबेडकरनगर में नागपंचमी के अवसर पर शिव बाबा धाम सहित जिले के प्रमुख शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे और भीड़ नियंत्रण के लिए ड्रोन से नजर रखी गई। नागपंचमी के पावन अवसर पर जिले भर के शिवालयों में मंगलवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। खासतौर पर अकबरपुर स्थित शिव बाबा धाम में भारी संख्या में कांवड़ियों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी की गई ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। जिले के अन्य प्रमुख शिव मंदिरों – जैसे जलालपुर, भीटी, टांडा और जहांगीरगंज क्षेत्र के मंदिरों में भी पूरे दिन भक्तों का आना-जाना बना रहा।

# 'ऑपरेशन टूरिस्ट डिलाइट' अभियान चलाकर ताज सुरक्षा पुलिस पर्यटकों की कर रही मदद

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



सहायक पुलिस आयुक्त ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद के निर्देश में ताजमहल पर आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए %ऑपरेशन टूरिस्ट डिलाइट% चलाया जा रहा है, ये अभियान पर्यटकों के लिए वरदान साबित हुआ है। देश-विदेश से आने वाले पर्यटक थाना ताज सुरक्षा पुलिस की फ्रेंडली वर्किंग को देखकर बहुत प्रसन्न होते हैं।

हिंदी, अंग्रेजी, फ्रेंच, रूस भाषा सहित भारत की विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं की जानकारी रखने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश पुलिस की तरफ से यूरोपीय देशों में पुलिस सेवाएं दे चुके प्रभारी निरीक्षक ताज सुरक्षा तिलक राम भाटी द्वारा ताजमहल के पश्चिमी गेट पर थाना ताज सुरक्षा पुलिस के अनुभवी पुलिस कर्मियों की क्विक रिस्पांस टीमें नियुक्त की गई है, जिन्हें गूगल ट्रांसलेट के जरिए विश्व की सभी भाषाओं में पर्यटकों से बात कर उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु प्रशिक्षित किया गया है, जो एक सराहनीय पहल है। थाना ताज सुरक्षा पुलिस के जवानों द्वारा **अतिथि देवो भव-एवं वसुधैव कुटुंबकम** की भावना को आत्मसात करते हुए ताजमहल के पश्चिमी गेट पर देश-विदेश से आने वाले सभी पर्यटकों को एक सुखद एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करा रही है। जिसकी पर्यटकों द्वारा आए दिन सराहना भी की जा रही है। सोमवार को ताजमहल का दीदार करने के लिए पर्यटकों की संख्या ठीकठाक रही। थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम के द्वारा सभी पर्यटकों का स्वागत किया, उनसे फ्रेंडली वार्तालाप कर ताजमहल की जानकारियां दी, और उनकी हर संभव सहायता कर ताजमहल का भ्रमण एक सुखद वातावरण में कराया गया। पर्यटकों ने आगरा पुलिस की सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शिवराज सिंह, मुख्य आरक्षी महेश चंद्र, मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार, आरक्षी विजय सिंह, आरक्षी योगेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## डेंगू ने 11 को मारा डंक, तो मलेरिया ने 13 को जकड़ा

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जिले में डेंगू और मलेरिया का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। अब तक 11 लोगों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। वहीं 13 लोग मलेरिया की चपेट में आए हैं। किट से हुई जांच सात अन्य की रिपोर्ट भी पॉजीटिव आई है। अब इन संभावित मरीजों की एलाइजा जांच कराई जा रही है। उधर, स्वास्थ्य विभाग अन्य विभागों के साथ मिलकर स्वच्छता और जागरूकता अभियान चलाने की बात कह रहा है, लेकिन इसका असर नहीं दिख रहा। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि लोगों को संक्रामक रोगों के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार बुखार होने पर मरीजों के शरीर में प्लेटलेट्स तेजी से कम होती हैं। शरीर में पानी की कमी होने पर बीमारी का जोखिम और बढ़ जाता है। बुखार, सिर दर्द, जोड़ों में दर्द, शरीर पर चकत्ते, रक्तस्राव, उल्टी, आंखों के पीछे दर्द जैसे कोई लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। सबसे अधिक मरीज संचारी रोग नियंत्रण व 11 जुलाई से शुरू हुए दस्तक अभियान में आए है।

# भगवान परशुराम सेवा ट्रस्ट 31 को मनाएगा पंचम स्थापना दिवस

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

भगवान परशुराम सेवा ट्रस्ट का पंचम स्थापना दिवस दिनांक 31 को अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्याय शिवकुमार गौड़, महासचिव डॉक्टर एन के शर्मा एवं मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एवं वीनस ग्रुप ऑफ सर्जिकल के चेयरमैन हरी बाबू गौड़ एवं कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एवं एस आर फाइनेंस कंपनी के चेयरमैन संजीव गुप्ता ने ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष पी सी शर्मा के मार्गदर्शन में रणनीति तैयार कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया है।

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि दिनाँक 31 जुलाई को आम सभा की बैठक प्रातरू10 बजे से 12 बजे तक ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष पी सी शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी। जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 में हुए आय व्यय का ब्योरा सदन के पटल पर प्रस्तुत किया जाएगा।

दोपहर एक बजे से होगा सुंदरकांड पाठ का आयोजन। संकटमोचन सुंदरकांड समिति के अध्यक्ष संजीव कौशिक एवं उनकी टीम के द्वारा अत्यंत भक्तिभाव के साथ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त गौ सेवा एवं वृक्षारोपण भी किया जाएगा। तदोपरांत सांय 5 बजे से प्रसादी का भी आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर दिनेश चंद शर्मा मुकेश गौतम, संजू मिश्राए सोनू चौधरी, विवेक चतुर्वेदी, नेत्रपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एसएसबी मुख्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनी हरियाली तीज

**जन एक्सप्रेस । रामपुर**



जनपद बलरामपुर के इंडो-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशसशस्त्र सीमा बल नवीं वाहिनी मुख्यालय पर मंगलवार को संदीक्षा इकाई ने हर्षोल्लास के साथ हरियाली तीज का पर्व मनाया। हरियाली तीज़ उत्सव की हर्षोल्लास पूर्ण धुनों और सांस्कृतिक रंगों में सजी सशस्त्र सीमा बल की संदीक्षा इकाई दिखाई दी ।

जानकारी के अनुसार 28 जुलाई 2025 को 09 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल स्थित मुख्यालय परिसर मे हरियाली तीज का उत्सव संदीक्षा सदस्यों द्वारा हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। आयोजन कुमुद रंजन, कार्यवाहक कमांडेंट, 09वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संदीक्षा उपाध्यक्षा कृषिका (पत्नी कुमुद रंजन, द्वितीय कमान अधिकारी) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। हरियाली तीज़ के पारंपरिक उत्साह को बढ़ाते हुए इस आयोजन में संदीक्षा की महिला सदस्यों तथा उनके बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विविध सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजित मुख्य गतिविधियों में डॉ आरके थोड़े कमांडेंट (चिकित्सा) द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। नैंसी सिंगला (उप कमांडेंट) द्वारा संदीक्षा सदस्यों एवं बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा श्रावण मास की सांस्कृतिक विशेषताओं पर आधारित सुंदर चित्र बनाए। बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता पारंपरिक व आधुनिक संगीत पर प्रस्तुत बाल-नृत्य ने कार्यक्रम में जीवंतता भर दी। प्रत्येक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत की भावना को प्रेरित करते हुए संदीक्षा सदस्यों द्वारा हस्त निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री हेतु स्टॉल्स भी लगाए गए, जिससे अन्य सदस्यों को स्वरोजगार की ओर प्रेरित किया जा सके। यह आयोजन ना केवल पारंपरिक त्योहारों से जुड़े सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने का माध्यम बना, बल्कि नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण चेतना और सामूहिक सहभागिता को भी सार्थक दिशा देता नज़र आया।

# बाइक सवार कांवड़ियों में मैक्स ने मारी टक्कर, एक की मौत

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

थाना गंगीरी क्षेत्र में कांवड़ लेने जा रहे बाइक सवार कांवड़ियों में मैक्स ने टक्कर मार दी। हादसे में दो कांवड़िए गंभीर घायल हो गए। उन्हें मेडिकल में भर्ती कराया गया। उनमें से एक कांवड़िए ने दम तोड़ दिया। उसके शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।कांवड़ लेने सोरों जा रहे बाइक सवार दो युवक में मैक्स ने टक्कर मार दी।

हादसे में अकराबाद के गांव बमनई निवासी चंद्रेश और कुलदीप घायल हो गए।हादसे में अकराबाद के गांव बमनई निवासी चंद्रेश और कुलदीप घायल हो गए। उपचार के दौरान चंद्रेश की मेडिकल में मौत हो गई। कुलदीप का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। रविवार को कांवड़ लेने सोरों जा रहे बाइक सवार दो युवक में गंगीरी थाना क्षेत्र के गांव मखदूम नगर में मैक्स ने टक्कर मार दी। हादसे में अकराबाद के गांव बमनई निवासी 40 वर्षीय चंद्रेश पुत्र रमेश चंद्र और कुलदीप घायल हो गए। घायलों को पहले छर्रा सीएचसी ले जाया गयाए उसके बाद उन्हें अलीगढ़ के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां सोमवार की सुबह उपचार के दौरान चंद्रेश की मेडिकल में मौत हो गई।पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चंद्रेश की मौत से परिवार में मातम छा गया। मृतक चंद्रेश ने अपने पीछे पत्नी सरिता देवी एवं चार बच्चे वीरेशए विक्रमए तुलसी व भानू को रोते बिलखते छोड़ा है। कुलदीप का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है।

# मामूली बात पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, भाले से हमले में शख्स की मौत; परिवार में मची चीख-पुकार





**जन एक्सप्रेस। आजमगढ़**

बिजली के कटिया कनेक्शन को लेकर विवाद हुआ, जो खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। इस दौरान एक पक्ष से भाले से हमला किया गया, जिसमें एक शख्स की मौत हो गई।

आजमगढ़ जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र के महाजी देवरा जदीद (जमुनिहवा) गांव में मंगलवार की शाम मामूली बात को लेकर विवाद हुआ। देखते ही देखते विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मारपीट के दौरान विपक्षी द्वारा भाले से वार कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। वहीं दो लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में मातम छाया हुआ है।

**ये है पूरा मामला**

महाराजगंज थाना क्षेत्र के महाजी देवरा जदीद (जमुनिहवा) गांव निवासी मनीराम निषाद (38) ट्रक चालक था। वह दो माह से घर पर ही रह रहा था। मंगलवार की शाम करीब चार बजे उसके घर की बिजली खराब हो गई। मनीराम निषाद, खंभे पर अपनी केबल को सही कर रहा था। उसी खंभे पर पड़ोसी का भी केबल लगा था। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और बात मारपीट तक पहुंच गई। झगड़े के दौरान विपक्षी ने मनीराम के कमर के ऊपर भाले (धारदार हथियार) से वार कर दिया। वहीं बचाव के लिए आया उसका भतीजा चंदन (21) और पुत्तुल (24) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन आनन-फानन मनीराम को बाइक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**घटना से परिवार में मचा कोहराम**

वहीं चंदन और पुत्तुल को भी गंभीर चोटें आई हैं। उनका इलाज भी चल रहा है। सूचना मिलने पर महाराजगंज पुलिस मौके पर पहुंची और मनीराम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महाराजगंज थाना प्रभारी केदारनाथ मौर्या ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**घर में मची चीख-पुकार**

मृतक मनीराम निषाद पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था। वह ट्रक चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में उसकी पत्नी लीला देवी और एक छोटा पुत्र है। पति की मौत की खबर सुनते ही पत्नी दहाड़े मारकर रोने लगी। वहीं घर में चीख-पुकार मची हुई है।

## मैनपुरी की सांसद डिम्पल यादव पर अभद्र टिप्पणी से रोष, कप्तान से शिकायत



**जन एक्सप्रेस। बस्ती।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की धर्म पत्नी मैनपुरी की सांसद डिम्पल यादव पर मौलाना साजिद रशीदी द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी से सपा नेताओं, कार्यकर्ताओं में रोष है। मंगलवार को समाजवादी महिलासभा जिलाध्यक्ष गीता भारती के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि अभद्र टिप्पणी करने वाले मौलाना साजिद रशीदी पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित किया जाय। ज्ञापन सौंपने के बाद समाजवादी महिलासभा जिलाध्यक्ष गीता भारती ने कहा कि ऐसा लगता है कि मौलाना साजिद रशीदी मानसिक रूप से बीमार हो गये हैं। वे अपना इलाज किसी अच्छे मनोचिकित्सक से करा ले। सांसद डिम्पल यादव पर अभद्र टिप्पणी शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। इसे बर्दाश्त नही किया जायेग। सांसद डिम्पल यादव पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में ज्ञापन देने वाली महिलाओं में समाजवादी महिलासभा की विजय लक्ष्मी, उर्मिला मिश्रा, राधा दीदी, सावित्री सिंह, सुशीला, फूलमती, प्रभा मिश्रा, संगीता मिश्रा, इसरावती, केतकी देवी, प्रिया श्रीवास्तव, मन्जू शर्मा, इन्द्रावती शुक्ला, गीता देवी आदि शामिल रही।

# बीएचयू ईसी में भाजपा नेताओं की नियुक्ति पर कांग्रेस का विरोध, एनएसयूआई ने राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

- बीएचयू ईसी में भाजपा नेताओं की नियुक्ति पर कांग्रेस का विरोध, एनएसयूआई ने राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) की कार्यकारी परिषद (ईसी) में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े नेताओं की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस से जुड़े छात्र संगठन एनएसयूआई ने मोर्चा खोल दिया है। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने इस मामले में तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की मांग है कि विश्वविद्यालयों में किसी भी राजनीतिक व्यक्ति की सदस्य के रूप में नामित करने की परंपरा को समाप्त किया जाए, जिससे शिक्षा संस्थानों की निष्पक्षता और शैक्षिक गुणवत्ता बनी रहे। गौरतलब है कि बीएचयू की ईसी में हाल ही में भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री व चंदौली के पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, वाराणसी के मेयर अशोक कुमार तिवारी और भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष व शिक्षाविद दिलीप पटेल को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इसी को लेकर एनएसयूआई ने विरोध दर्ज कराया। एनएसयूआई शहर अध्यक्ष अमन सिन्हा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुछ नियुक्तियों में निर्धारित मानकों की अनदेखी की है, जिससे संस्थान की साख और कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक नियुक्तियों से न केवल शैक्षिक माहौल प्रभावित हो रहा है, बल्कि प्रशासनिक अस्थिरता भी बढ़ रही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान एनएसयूआई शहर उपाध्यक्ष रोहित पाण्डेय, कार्तिकेय चतुर्वेदी, महासचिव प्रिंस पाण्डेय, सचिव विशाल बिंद, आकाश बिंद, जट्टू मौर्या, विशाल मौर्या समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुद्दों से भटकाने के लिए दिया गया बयान

## सपा महिला सभा ने की मौलाना साजिद रशीदी की गिरफ्तारी की मांग

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

समाजवादी महिला सभा की पदाधिकारियों ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। महिला सभा की जिलाध्यक्ष शर्मिला रमेश यादव के नेतृत्व में दर्जनों महिला कार्यकर्ताओं ने एसपी को ज्ञापन सौंपा

बता दें कि हाल ही में मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव के खिलाफ मौलाना साजिद रशीदी द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। इस बयान को लेकर जहां एनडीए की महिला सांसदों ने संसद में विरोध जताया, वहीं अब समाजवादी महिला सभा ने भी इसे महिलाओं का अपमान बताते हुए सख्त आपत्ति जताई है।



जिलाध्यक्ष शर्मिला रमेश यादव ने कहा कि मौलाना साजिद रशीदी द्वारा दिया गया बयान न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि यह समाज को बांटने और असली मुद्दों से भटकाने की साजिश है। यह भाषा मौलाना की नहीं, बल्कि किसी और की साजिश का हिस्सा प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी जाति, धर्म या पार्टी की महिला हो, उसके खिलाफ इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जा सकती। आज देश को महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की आवश्यकता है, लेकिन ऐसे बयानों के जरिए ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है।

महिला सभा ने मांग की है कि प्रशासन मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार करे, ताकि समाज में गलत संदेश न जाए और महिलाओं की गरिमा सुरक्षित रह सके।

# यूरिया खाद के लिये सहकारी समिति गोपीनाथपुर में मारा-मारी, किसान परेशान



यूरिया खाद के लिये गोपीनाथपुर में किसानों की लंबी लाइन

> अगर सहकारी समिति समय से नहीं खुल रही है तो इसके लिए सचिव व ए आर साहब से बात करके समिति को समय से खुलवाया जाएगा।
>
> डॉ.वी.आर.मौर्या, जिला कृषि अधिकारी बस्ती

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

बहु उद्देशीय ग्रामीण साधन सहकारी समिति गोपीनाथपुर में मंगलवार को यूरिया खाद लेने के लिए किसानों का भीड़ सुबह से ही लग गयी। भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस की तैनात करनी पड़ी वहीं किसानों को ?280 प्रति बोरी युरिया का वितरण वितरण हुआ। पुरुष व महिला किसानों की अलग-अलग लाइन लगी हुई थी। विकास क्षेत्र परसरामपुर में इस समय यूरिया खाद की भारी किल्लत देखी जा रही है किसान कई कई घंटे लाइन में लगे होने के बावजूद खाली हाथ वापस लौट रहे हैं। किसानों का फायदा उठाकर कुछ व्यापारी और दलाल यूरिया की कालाबाजारी में जुट गए है। यूरिया की सरकारी दर रु 266.50 प्रति बोरी(45किग्रा) है। लेकिन किसानों को यह रु 400 से रु 600 प्रति बोरी तक बेचा जा रहा है। कई जगह तो ब्लैक में यूरिया रात में चोरी-छिपे बेचा जा रहा है। कुछ दुकानदार फर्जी रसीद बनाकर अधिक दाम वसूल रहे हैं,साथ में जिंक खाद के बिना यूरिया खाद नहीं दे रहे हैं। धान कि बुआई का समय होने के कारण खाद कि जरूरत अधिक है,प्रसाशन तमाम दावा कर रहा है लेकिन कालाबाजारी पर पूरी तरह से रोक अब तक नहीं लग सकी है।

**यूरिया को लेकर मारामारी किसान परेशान, प्रशासन का दावा हवा-हवाई**

यूरिया खाद को लेकर विकास खंड परशुरामपुर सहित जिले में मारामारी के हालात बने हैं। जिला प्रशासन भले ही खाद की कमी नहीं होने की बात कह रहा हो लेकिन हकीकत कुछ और ही है। सहकारी समितियों व केंद्रों पर किसानों की भीड़ उमड़ रही है। दुकानदार स्टाक खत्म होने की बात कहते हुए किसानों को बिना खाद दिए ही दुकानों से लौटा रहे हैं नतीजा उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले में यूरिया खाद को लेकर किसानों की परेशानी कम नहीं हो रही है। गर्मी में फसल सूखने की वजह से किसानों को चिंता बढ़ी थी। बारिश होने पर अब फसल की अच्छी पैदावार के लिए यूरिया खाद की कमी बनी है।

**सहकारी समिति गोपीनाथपुर की मनमानी, समय से नहीं खुलता समिति**

सहकारी समिति गोपीनाथपुर के संचालकों के मनमानी किसानों के लिए भारी पड़ रही है। संचालक दिन भर में महज एक-दो घंटे ही समिति खोलकर अपना कोरम पूरा कर दे रहे हैं। जिससे सैकड़ो किसान समिति संचालक के मनमानी से परेशान है। किसानों का यह भी आरोप है कि संचालक द्वारा अपने ही जानने वालों को यूरिया दिया जाता है। जब हम लोग की बारी आती है तो संचालक समिति बंद कर निकल जाते हैं।

# बीओ प्रभात कुमार की अध्यक्षता में मासिक बैठक संपन्न, दिए निर्देश



बैठक को संबोधित करते बीओ प्रभात कमार श्रीवास्तव

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

बहादुरपुर ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रभात कुमार की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापक और इंचार्ज अध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक बीओ प्रभात कुमार द्वारा निपुण भारत कार्यक्रम, स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम,निपुण कार्ययोजना और समय सारणी आदि बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक बताया। बीईओ द्वारा यू डाइस प्रगति, ऑपरेशन कायाकल्प, नवीन नामांकन, डीबीटी, कंपोजिट ग्रांट उपभोग तथा शिक्षक फोटो फ्रेम आदि बिंदुओं की विद्यालयवार समीक्षा की। खंड शिक्षा अधिकारी प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने सभी प्रधानाचार्य व इंचार्ज प्रधानाचार्य को निर्देश दिया है कि विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करें।

इस दौरान बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ प्रमोद सिंह,रीता शुक्ला, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अंबिका पाण्डेय, जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ला, राजीव उपाध्याय, मनोज उपाध्याय, जय प्रकाश चौधरी, सुरेन्द्र यादव, विजय पाल चौधरी, दिव्या केसरवानी, अभिषेक श्रीवास्तव समेत अन्य कई शिक्षक और पदाधिकारी शामिल हुए। अमर देव, सुशीला, विन्देश्वरी प्रसाद, शशि प्रभा मिश्रा, मीरा मिश्रा, शत्रुजीत यादव, मैकूलाल, राम अंजोर, सविता पटेल, कामना सिंह, पीयूष मिश्र, युगल किशोर पाण्डेय, राणा प्रताप सिंह, सुवर्ण लाल, सत्यशील पाण्डेय और मधु भारती भी उपस्थित रहे।

## नाली निर्माण में प्रयोग किया जा रही घटिया सामग्री

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जिले के नगर पंचायत कजगांव के पानी टंकी वार्ड में नाली निर्माण कार्य चल रहा है। नागरिकों का आरोप है कि उक्त नाली का कार्य मानक के विपरित कराया जा रहा है। नाली निर्माण में प्रयोग की जा रही लाल व सफेद बालू मिक्स का फोटो ग्राफ सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फोटो वायरल होते ही एक बार फिर नगर पंचायत कजगांव अपने कारनामा के चलते चर्चा में आ गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त नगर पंचायत के पानी टंकी वार्ड में नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। इस नाली को पूरी तरह से मानक के विपरीत बनाया जा रहा है। नाली निर्माण कार्य में अनियमितता को देखकर बन रहे नाली का फोटो बनाकर सोशल मिडिया पर वायरल कर दिया।

# प्रशिक्षण की गहराइयों को समझने की जरूरत: बसंत शुक्ला

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर शाहगंज विकास खंड के बीईओ बसंत शुक्ल ने कहा कि प्रशिक्षण कोई भी हो उसे मन से उसकी गहराइयों तक समझने की जरूरत है। यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद जब आप जमीनी स्तर पर विद्यालयों में शिक्षकों और बच्चों को उसके बारे में विस्तार से बताएंगे तो खुद अपने आप में उसकी उपयोगिता सामने दिखने लगेगी। वह मंगलवार को शाहगंज ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। एफ एल एन यानी बुनियादी शिक्षा एवं संख्यात्मक ज्ञान का यह प्रशिक्षण बेसिक शिक्षा विभाग में शैक्षिक नवाचार करने के लिए बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक ज्ञान पर आधारित है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों में भाषा एवं गणित के प्रति रूचि और अधिगम स्तर बढ़ाने के लिए विशेष तौर पर प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रशिक्षण का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके बीईओ श्री शुक्ल ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रशिक्षण की बारीकियां को विस्तार से बताते हुये नवीन जानकारी साझा की। पाठ्य पुस्तकों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण से जुड़ी कई अन्य गतिविधि कराई गई। संदर्भदाता प्रशांत मिश्र ने कहा की प्रशिक्षण निपुण लक्ष्य प्राप्ति के लिए उपयोगी होगा। इसके लिए हमें पूरे मनोयोग से लगने की जरूरत है। संदर्भदाता के रूप में सुभाष तिवारी, रत्नेश सिंह अरूण सिंह, देवमणि तिवारी रहे। प्रशिक्षण में नागेश्वर यादव, दीपचंद यादव, कौशल सिंह, सुशील, दिलीप, अजीत यादव, राम स्वारथ पाल, रीना गुप्ता, नीतू दीक्षित, भावेश सोनकर, भगत सिंह, मनबहाल गुप्ता अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूज़ चैनल के खिलाफ़ जौनपुर की आवाम ने एफआईआर करने का दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर की शिया आवाम ने आज एक संबोधित ज्ञापन कोतवाली जौनपुर पर दिया, जिसमें पिछले दिनों आयतुल्ला सैयद अली ख़ामेनाई साहब पर कुछ न्यूज़ चैनलों द्वारा ग़लत एवं घटिया आपत्ति जनक टिप्पणी की गई थी कि वह ड्रग का सेवन करके पूरा दिन सोते रहते हैं। कहने से शिया क़ौम काफ़ी नाराज़ आक्रोशित है उसको ले करके जौनपुर की शिया आवाम के जिम्मेदारानों ने कोतवाली जा करके कोतवाली प्रभारी को उन चैनलों पर मुक़दमा दर्ज करने का ज्ञापन दिया और कोतवाली प्रभारी ने जांच करके मुक़दमा लिखने का आश्वाशन दिया।

# बिना मान्यता वाले दो स्कूलों को कराया गया बंद, चार अन्य को जारी किया नोटिस



**बीईओ ने दिए कड़े निर्देश**

जौनपुर। बीईओ अजित सिंह ने कहा कि अगर मान्यता से अलग कोई कक्षाएं संचालित मिली तो एक लाख का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त दो अन्य अमान्य विद्यालयों को जानकारी हुई तो वे पहले से ही बंद मिले। बीईओ ने बताया कि ब्लाक में 11 अमान्य स्कूलों की सूची प्राप्त हुई है। उन सबको नोटिस पहले से ही दे दिया गया है। निर्देशित किया गया है कि अमान्य कक्षाओं का संचालन तत्काल बंद करा कर बच्चों को दूसरे स्कूलों में पंजीकृत कराया जाए। अन्यथा एक लाख रुपए जुर्माना किया जाएगा।

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

बिना मान्यता वाले स्कूलों के खिलाफ शासन की सख्ती तेज हो गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल के निर्देश पर सिकरारा के बीईओ ने मंगलवार को पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के आधा दर्जन विद्यालयों की चेकिंग किया। इस दौरान अमान्य स्कूलों के संचालकों में हड़कंप मच गया।

एक विद्यालय ऐसा भी मिला जो जांच के भय से अपने विद्यालय के ऑफिस और कक्षाओं को अंदर से ही बंद कर लिये। टीम ने दो स्कूलों को बंद कराया। बाकी अन्य स्कूल संचालक को नोटिस दी गई है।

चेतावनी दिया कि अगर अब विद्यालय संचालित मिला तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ साथ एक लाख रुपए का जुर्माना भरना होगा।

खंड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार सिंह व सिकरारा थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह की टीम सबसे पहले ताहिरपुर गांव में सर्वोदय जूनियर हाईस्कूल पर पहुंची। यहां जांच में पता चला कि उक्त स्कूल में मान्यता कक्षा आठ तक है, कक्षाएं हाईस्कूल तक संचालित है। खंड शिक्षा अधिकारी ने ऊपरी कक्षाओं के अध्ययन कर रहे छात्रों को मान्यता न होने की जानकारी देकर उन्हें अन्यत्र मान्यता वाले स्कूल में पढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय संचालक को हिदायत दिया अगर फिर कभी जांच में ऐसा मिला तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यहां से टीम एस एस पब्लिक स्कूल भरथीपुर पहुंची। वहां कक्षा आठ तक मान्यता थी। पूर्व में सूचना थी कि वहां ऊपरी कक्षाएं भी संचालित होती है। मौके पर टीम को ऊपरी कक्षाओं के बच्चे नहीं मिले। बीईओ ने ऊपरी कक्षाएं न संचालित हो इसके लिए प्रधानाध्यापक को हिदायत दी। इसके बाद विजय पब्लिक स्कूल आफ सिकंदरा में टीम पहुंची। यहां जांच के दौरान विद्यालय के सभी कमरे अंदर से बंद थे। आवाज दिया गया पर कोई बाहर नहीं निकल रहा था। खिड़की से झांक कर देखा गया तो अंदर बच्चे पढ़ रहे थे। लगभग पंद्रह मिनट बाद दरवाजा खुला। वहां कक्षा आठ तक मान्यता है पर कक्षाएं हाईस्कूल व इंटर तक संचालित होना पाया गया। उन्होंने बताया कि उक्त विद्यालय के संचालक को नोटिस दिया गया है। बताया कि विद्यालय संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ जौनपुर में महिलाओं ने किया प्रदर्शन





- धर्म के नाम पर दुकान चलाने वालों के खिलाफ की जाए कड़ी कार्रवाई- शर्मिला यादव

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले साजिद रशीदी के खिलाफ जौनपुर में

भी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। पार्टी हाई कमान के निर्देश पर समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष शर्मिला यादव के नेतृत्व में मगंलवार को पार्टी की महिलाओं ने शहर में जुलूस निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं ने ऐसे मौलाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसे गिरफ्तार करने की मांग उठाई।

अगर उसकी गिरफ्तारी जल्द नहीं की जाती तो हम लोग सड़कों पर धरना देने के लिए लाचार होंगे।

पार्टी की प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक जौनपुर से उन्हें एक मांग पत्र देकर किया।

पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ दिए गए ज्ञापन में महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि धर्म के नाम पर अपनी दुकान चलाने वाले ऐसे मौलाना को छोड़ा नहीं जाएगा।

उसके खिलाफ प्रत्येक जिला मुख्यालयों से लेकर तहसील और राजधानी लखनऊ में भी प्रदर्शन किया जाएगा। फिर भी अगर उसकी गिरफ्तारी नहीं होती तो हम लोग सड़कों पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे।

जिला अध्यक्ष शर्मिला यादव ने कहा कि मौलाना साजिद रशीदी के बयान ने न सिर्फ समाज की साम्प्रदायिक सौहार्द को चोट पहुंचाई, बल्कि महिलाओं के सम्मान और गरिमा पर प्रश्नचिह्न खड़ा किया है। हमारी सांसद श्रीमती डिम्पल यादव करोड़ों महिलाओं की प्रेरणास्रोत हैं। उनके खिलाफ इस प्रकार की मानसिकता खतरनाक है। यह अपमान सिर्फ डिम्पल यादव का ही नहीं, बल्कि समस्त नारी शक्ति का अपमान है। पार्टी के जिला महासचिव आरिफ हबीब ने मांग किया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो। महिलाओं के सम्मान से समझौता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानून को अपना काम करना चाहिए और दोषी पर सख्त से सख्त कार्यवाही हो।

प्रतिनिधिमण्डल में महिला सभा की राष्ट्रीय नेता डॉ सुमन यादव, महिला सभा की प्रदेश सचिव उषा जायसवाल, सुशीला यादव, सोनी यादव, शिवांगी जयसवाल, तारा त्रिपाठी, जंग बहादुर यादव, अधिवक्ता सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषि यादव, वीरेंद्र यादव अन्य उपस्थित रहे

## केराकत पुलिस ने दो शातिर अभियुक्तों को चोरी की बाइक

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** थाना केराकत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो अभियुक्तों को एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नाऊपुर बॉर्डर पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान की गई। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर नाऊपुर बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल (स्प्लेंडर प्लस, रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी62 वाई 6193), एक तमंचा .315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ।

## पौष्टिक आहार के सेवन से टीवी मरीजों में होगा सुधार: डॉ सरफराज



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद कस्बा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेंटर पर मंगलवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत जफराबाद के चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ सरफराज खान ने टीवी पेसेंट के स्वास्थ्य सुधार के लिए गोंद लेते हुए उसके उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रोटीन किट वितरित किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की यह महत्वपूर्ण योजना निश्चय मित्र योजना के तहत नगर पंचायत के सैयदअलीपुर मुहल्ला निवासी टीवी मरीज सैइदा बानो को प्रोटीन किट, सत्तू, मूंगफली, गुड़, भूना चना वितरित किया।

कहा कि टीवी के मरीजों के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण पौष्टिक आहार को ग्रहण करना ही हैं। ऐसी स्थिति में उनके स्वास्थ्य में सुधार जल्दी होगा। इस अवसर पर सीएचसी नेहरू नगर की स्वास्थ्य कर्मी सीएचओ प्रतिमा सिंह, ओवैस खान, शिशु तिवारी, बृजेश गिरी आदि लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध अवस्था में विवाहिता का लटकता मिला शव

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**






फतेहपुर। थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के सिगहा गांव में बीते सोमवार की देर रात उस समय सनसनी फ़ैल गई। जब एक विवाहिता ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के सिगहा गांव की है। जहां पर स्थानीय निवासी पिंकेश वर्मा की शादी चार वर्ष पूर्व क्षेत्र के गांव अमेरा निवासी नन्हू वर्मा की पुत्री पिंकी (27) वर्ष के साथ हुआ था। बताया जा रहा है बीते सोमवार की देर रात करीब एक बजे पिंकी ने घर में लगी छत की बल्ली में दुपट्टा डालकर फांसी लगाकर जान दे दी परिजनों को घटना की जानकारी तब हुई जब मृतका की तीन वर्षीय पुत्री लली ज़ोर ज़ोर से रोने लगी। बच्ची के विलाप को सुनकर पड़ोसी ने इसकी जानकारी बच्ची के बाबा दिनेश को दी। मौके पर पहुंचे मृतका के ससुर ने विंडो से झांककर देखा तो पिंकी बल्ली से लगे फंदे से लटक रही थी। यह देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। सूचना फैलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष के लोग भागे-भागे घर पहुंचे, जहां बेटी का शव फंदे से लटका देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बीच मृतका के ससुर दिनेश कुमार ने बताया, पति पिंकेश उन्नाव में पेट्रोल टंकी की बिल्डिंग बनाने का काम करता है वह सोमवार की शाम करीब पांच बजे अपने काम के सिलसिले में बाहर निकल गया था घर में किसी से भी किसी प्रकार का विवाद नहीं था। इस संबंध में थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया, शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। और मृतका के पिता की तहरीर पर पति, ससुर व ननद के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## जैदपुर कस्बे में निकला 2 सफर का जुलूस

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

जैदपुर। कस्बा जैदपुर के मोहल्ला पूरबतरफ स्थित मरहूम अली अब्बास के इमामबाड़ा कसरे हुसैनी से 40 वर्षों की परंपरा के साथ दो सफर का जुलूस सोमवार को निकाला गया। शमीम रज़ा द्वारा आयोजित इस जुलूस की शुरुआत मौलाना जमन हैदर की मजलिस के साथ हुई। मजलिस के बाद अंजुमन पैगाम-ए-हुसैनी के सदस्यों ने नौहाख्वानी और सीना जनी की। जुलूस का मार्ग पूरबतरफ से शुरू होकर पचदरी, बांध चौराहा, छोटी बाजार और छोटा इमामबाड़ा होते हुए बड़ी सरकार तक रहा। वहां से जुलूस पचदरी होते हुए पूरबतरफ लौटकर समाप्त हुआ। जुलूस में शैज़ी रिजवी, फिरोज रिजवी, जान हसन, नैमी मनाजिर और कुमैल ने नौहाख्वानी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान सभी श्रद्धालुओं के लिए नज़्रे मौला का विशेष इंतजाम किया गया था। समापन पर आयोजक शमीम रजा ने सभी प्रतिभागियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# कृषकों को नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी तकनीकि के बारे में जागरूक किया जायेगा

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**




मंगलवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे सब मिशन आंन एग्रीकल्चर एक्सटेशंन (आत्मा) गर्वेनिंग बोर्ड की बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार मे किया गया, बैठक मे मुख्य अतिथि के रुप मे सदर विधायक पंकज गुप्ता एवं बोर्ड के सम्मानित सदस्यो के द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में उप कृषि निदेशक/सचिव आत्मा द्वारा गत वर्ष कराये गये कार्यो के विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के प्रगतिशील कृषको को प्रदेश के बाहर पं0 गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर मे कृषि मे आधुनिक तकनीकी की जानकारी हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कराया गया। कृषि उत्पादन मे वृद्धि लाने के उद्देश्य से कृषको मे प्रतियोगी भावना पैदा कर अपने कृषि क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 112 कृषको के विषय मे जानकारी देते हुये योजना मे प्रतिभाग किये जाने की प्रक्रिया के विषय मे जानकारी दी। जनपद मे चालू वित्तीय वर्ष मे कृषि उत्थान हेतु संचालित की जा रही आत्मा योजना, राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण मिशन, मिलेट्स योजना, सब मिशन आंन मैकेनाइजेशन योजना, इनसीटू योजना, नेशनल मिशन आंन नेचुरल फार्मिंग मे कराये जा रहे कार्यमदो के विषय मे जानकारी देते हुये योजना के अवगत कराया कि योजना का प्रमुख उद्देश्य कृषको की क्षमता विकास, कृषि अनुसंधान संस्थान एवं कृषि विज्ञान केन्द्र मे प्रशिक्षण एवं भ्रमण कराकर कृषको को नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी तकनीकी के बारे मे जागरुक किया जायेगा।एवं विभिन्न योजनान्तर्गत मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत कृषको को कस्टम हायरिंग सेन्टर, लेजन लैण्ड लेवर, पैडीस्ट्राचापर, बेलर यादि कृषि यंत्रो पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा। राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण मिशन मे सामान्य बीजों पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा। त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत किसान पाठशालाओ मे कृषको को जागरुक किया जायेगा। इसक साथ ही संचालित योजनाओ मे जनपद हेतु प्राप्त लक्ष्यो की जानकारी दी गयी जिसका बैठक मे उपस्थित सदस्यो के द्वारा अनुमोदन किया गया। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, जिला विकास प्रबन्धक, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, निदेशक एफ0पी0ओ0 एवं प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं की हड़ताल से वादकारी परेशान, काम काज ठप्प

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

फतेहपुर। दि-बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एसडीएम के वार्ता आमंत्रण पत्र पर मंगलवार को अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मण्डल उनसे मिलने नही गया। वादकारी हडताल के चलते परेशान रहे है और न्याय की आस में दर दर भटकते दिखे। इस दौरान जहां एक ओर लोगो के मुकदमों की सुनवाई नही हो रही है वहीं दूसरी ओर न्यायालय के कार्यों से लगातार विरत रहने के चलते राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। मालुम हो कि बीते 22 जुलाई को एक वरिष्ठ अधिवक्ता और एसडीएम के बीच एक पत्रावली को लेकर न्यायालय के अन्दर आपस में तीखी नोक-झोंक हो गयी थी। जिसको लेकर अधिवक्ताओं ने एसडीएम के स्थानान्तरण की मांग को लेकर हड़ताल की घोषणा कर दी थी। जिसके चलते रजिस्ट्री ऑफिस में राजस्व का प्रतिदिन लाखों का नुकसान हो रहा है। वहीं न्यायिक कार्य प्रभावित होने से अधिवक्ताओं का जूनियर तबका आर्थिक संकट से जूझ रहा है। अधिवक्ताओं ने ग्राम न्यायालय खोल रखा है यहां पर न्यायिक कार्य बिना रूकावट के किये जा रहें है। इस मामले के निराकरण के लिए एसडीएम ने बार संघ अध्यक्ष को 28 जुलाई को पत्र भेजकर वार्ता के लिए प्रतिनिधि मण्डल को आने के लिए आर्मंत्रित किया था। जिसमें मंगलवार को अध्यक्ष की ओर से मुलाकात करने की कोई पहल न होना तहसील में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में बार संघ अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद वर्मा ने बताया, कि हमारी सम्बन्धित उच्चाधिकारियों से वार्ता चल रही है, और एसडीएम द्वारा पत्र काफी देर से भेजा गया है। फिलहाल वार्ता के लिए अभी विचार स्थगित किया गया है।

### अधिवक्ता की पत्नी पर हुई शोकसभा

दि बार एसोसिएशन के युवा अधिवक्ता और पत्रकार नफीस अहमद की पत्नी की अचानक तबियत बिगडने से इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी है। जिससे तमाम अधिवक्ताओं ने उनके परिवार को ढांढस बंधाते हुए बार सभागार में दिवंगत आत्मा के प्रति मौन रहकर शोक संवेदना व्यक्त की गयी। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, रामलाल वर्मा, राजीव नयन तिवारी, प्रदीप कुमार निगम, हरिनाम सिंह वर्मा, ओमप्रकाश यादव, प्रिंस वर्मा, गणेश शंकर मिश्रा, एस पी सिंह, बृजेश कुमार मिश्रा, रामऔतार गौतम, अनीत रावत, ज्ञानू सिंह, संजय सिंह, उदित नारायण सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण शामिल रहे।

# शौचालय की मॉनिटरिंग व्यवस्था पर उठे सवाल, महीनों से लगा ताला

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



मसौली। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाखों रुपए खर्च करके ग्राम पंचायत स्तर पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है।परन्तु गांव में बने शौचालयों का ताला न खुलने के कारण ग्रामीणों को लाभ नही मिल पा रहा है। मजबूर होकर लोग खुले में शौच को जानें को मजबूर है। जबकि शौचालय के संचालन के लिए केयर टेकर की नियुक्ति होती है और प्रतिमाह मानदेय का भुगतान भी किया जाता है।विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत न्योला करसण्डा में पंचायत द्वारा शौचालय का निर्माण कार्य बीते वर्षो पूर्व में कराया गया था। वर्तमान में काफी दिनों से बन्द पड़ा है।जिस कारण से ग्रामीणों को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। ग्रामीण बताते है कि काफी दिनों से शौचालय नही खुला है। जिस कारण से जिनके घरों में शौचालय नही बने है। उन लोगों को बाहर खुले में शौच को जाना पड़ता है। वर्तमान समय में शौचालय के निकट गन्दगी फैली होने के साथ शौचालय जाने का रास्ता तक नही है। ऐसे में विभाग की मॉनिटरिंग पर पर सवाल जरूर खड़े हो रहे है। सामुदायिक शौचालय न खुलने से आस-पास गन्दगी फैली हुई है। शौचालय के निकट बस्ती होने से बरसात के दौरान संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारियों का कार्य कागजी कार्यवाही तक ही सीमित है। शायद कोई अनहोनी की राह देख रहे है। उक्त के सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सामुदायिक शौचालय के क्षतिग्रस्त टैंक की मरम्मत कराने के निर्देश पंचायत सचिव को दिये गये है।

# अटल जी ने कहा था पड़ोसी नही बदले जाते : डा. शशिकांत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



जैदपुर। भारतरत्न अटल बिहारी वाजेपयी जन्म शताब्दी समारोह के तहत बाबा बैजनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरख के वाणिज्य संकाय स्थित स्मार्ट क्लास में शासन द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम भारत की विदेश नीति और अटल जी विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बैजनाथ कल्चरल क्लब के प्रभारी डॉ. शशिकांत द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी द्वारा किया गया। वाजपेई जी की विदेश नीति भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई अक्सर कहा करते थे कि दोस्त बदले जा सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं। उनका यह वक्तव्य उनकी विदेश नीति में भी दिखाई देता है। कुछ इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने पाकिस्तान और चीन के साथ संबंध सुधारने की पहल की थी। 1999 में तत्कालीन नवाज शरीफ सरकार के साथ मित्रता का हाथ बढ़ाते हुए लाहौर बस सेवा आरंभ की। तिब्बत को चीन का हिस्सा माना, बदले में चीन ने भी सिक्किम को भारत का अभिन्न अंग स्वीकार किया। भारतीय सुरक्षा के मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए वाजपेई जी ने भारत की परमाणु नीति को एक नई दिशा प्रदान की थी। पोखरण परमाणु परीक्षण उनकी इसी सोच का परिणाम था। जिसने विष्व पटल पर भारत को एक नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम के समारोहक डॉ धर्मवीर व महाविद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे। संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी द्वारा अटल की विदेश नीति (1977-1979) की विस्तृत समीक्षा की गई। तथा 04 अक्टूबर 1977 में उनके द्वारा सयुंक्त राष्ट्र संघ में हिंदी में दिए गए ओजस्वी भाषण के मुख्य बिंदुओं को छात्र-छात्राओं से अवगत कराया। उनकी विदेश नीति के साथ-साथ उनके विशाल व्यक्तित्व के बारे में भी छात्र-छात्राओं को उन्होंने परिचय कराया। इस अवसर पर डॉ शशिकान्त,डॉ धर्मवीर, प्रोफेसर डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी, प्रवक्ता आलोक कुमार आदि उपस्थित थे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### नाग पंचमी के शुभ अवसर पर हुआ भव्य पूजा-पाठ कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** आजाद नगर स्थित श्री बालाजी मंदिर में नाग पंचमी के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-पाठ का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान शिव तथा नाग देवता की विधिवत पूजा-अर्चना की। पूरे कार्यक्रम में भक्तिमय माहौल बना रहा, मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन भी किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से पूजा में भाग लिया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक रहे रितिक भारती, कौशल गौतम, अमित भारती, दीपक भारती, मनीष निषाद, शिवा निषाद, सूरज निषाद, एवं दीपांशु यादव द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

### चार सौ पचास ग्राम गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को 450 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। दिनांक 29.07.2025 को उ0नि0 श्याम शंकर मिश्रा का0 इमरान खान का0 अनूप कुमार द्वारा मिलकर अभियुक्त सचिन सैनी पुत्र स्व0 हौसिला प्रसाद सैनी उम्र 38 वर्ष नि0 सीताराम कालौनी थाना गंगाघाट उन्नाव उम्र करीब को 450 ग्राम अवैध गांजे के साथ पुराने गंगापुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 448/2025 धारा 08/20 NDPS ACT पंजीकृत करते हुए कानूनी कार्यवाही करी गई बता दें कि गंगाघाट के कई क्षेत्रों में गांजे का अवैध व्यापार चल रहा है कम समय में अधिक पैसे कमाने के लालच में विक्रेताओं की संख्या बढ़ती नजर आ रही है गंगाघाट का पुराना पुल जो कि बंद हो चुका है उसके नीचे मुख्य रूप से अवैध मादक पदार्थ बिक्री का कार्य चलता है।

### पांच विद्युत उपभोक्ताओं पर दर्ज हुआ मुकदमा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर।** विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता राज मौर्य ने मंगलवार को पांच विद्युत उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। यह कार्रवाई विद्युत उपखंड अधिकारी विमलेश मौर्य के निर्देश पर की गई है। मामला बघौरा गांव का है जहां लीलावती पत्नी सहबदीन, रघुनाथ पुत्र भाईलाल रजुवापुर निवासी लवकुश पुत्र अवधराम, पूरनवासी पुत्र बिहारी और परशुराम पुत्र चंद्रिका प्रसाद ने बकाया बिल के कारण काटी गई केबल को अवैध रूप से जोड़कर बिजली का उपयोग किया था। अवर अभियंता राज मौर्य ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन उपभोक्ताओं के पास बकाया बिल है, उन्हें पहले अपना बकाया जमा करना होगा। बकाया राशि जमा करने के बाद ही काटी गई केबल को फिर से जोड़ा जाएगा। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बिजली चोरी करने वाले या बकाया बिल पर काटी गई केबल को अवैध रूप से जोड़कर बिजली का उपयोग करने वालों में हड़कंप मच गया है। विद्युत विभाग ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### छत से गिरकर युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर।** मदारपुर गांव में एक दुखद घटना सामने आई। सोमवार की देर रात 38 वर्षीय राम सुधार छत पर सो रहे थे। बारिश शुरू होने पर वह बिस्तर समेटकर नीचे उतर रहे थे। इसी दौरान उनका पैर सीढ़ियों से फिसल गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन तुरंत उन्हें सिरौलीगौसपुर के संयुक्त चिकित्सालय ले गए। वहां उनकी नाजुक हालत देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया। सोमवार को जिला अस्पताल से उन्हें डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ भेजा गया। लेकिन दुर्भाग्य से इलाज के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मंगलवार की भोर में राम सुधार का शव गांव मदारपुर पहुंचा। इससे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में 17 वर्षीय बेटा, 13 वर्षीय बेटी और पत्नी हैं। सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूर्व प्रधान दिलीप कुमार वर्मा, शिवकुमार वर्मा और जयराम मौर्या ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। कोतवाली बदोसराय निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि परिजनों की तरफ से प्रार्थना पत्र मिला है। पंचायतनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## समय और शिक्षा का सही उपयोग सफलता की कुंजी- पंकज गुप्ता



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

डलपुरवा गांव की होनहार बालिका पूजा पाल को उसके नवाचार व वैज्ञानिक सोच के लिए इण्डियन स्टूडेंट पॉवर संस्था द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज गुप्ता 'पंकी' ने मंगलवार को गांव पहुंचकर पूजा पाल को सम्मानित किया और उसे आवश्यक शैक्षिक सामग्री प्रदान कर भविष्य में हर संभव सहयोग का आष्वासन दिया। इस मौके पर पंकज गुप्ता 'पंकी' ने कहा कि तुम्हारी शख्सियत से ये सबक लेंगी नई नस्लें,

वही मंज़िल पे पहुँचा है जो अपने पाँव चलता है। डुबो देता है कोई नाम तक भी ख़ानदानों के, किसी के नाम से मशहूर होकर गाँव चलता है... उन्होंने आगे कहा कि पूजा पाल ने इन पंक्तियों को सार्थक कर दिखाया है। बेहद सीमित संसाधनों के बावजूद उसने अपने शिक्षक व मार्गदर्शकों की सहायता से किसानों के लिए कम लागत वाला धूल रहित थ्रेसर मॉडल तैयार कर एक बड़ा आविष्कार किया है, जो पर्यावरण और कृषकों के स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है। पूजा पाल को पंकज गुप्ता 'पंकी' द्वारा कुर्सी, मेज, बैग, स्मार्ट वॉच, अलार्म वॉच, टेबल लैंप सहित कई उपयोगी शैक्षिक सामग्री प्रदान की गई। साथ ही क्षेत्र के अन्य बच्चों को भी पूजा से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने व शिक्षा में रुचि लेने की प्रेरणा दी गई। इस मौके पर सिद्धार्थ कनौजिया, मो. शादाब, जया श्रीवास्तव, आशीष सिंह, अमित सिंह, रवि धीमान, बृजेश गौतम, कपिल कनौजिया, श्रवण कुमार मौजूद रहे।

# बेखौफ डग्गामार वाहनों से परिवहन विभाग को रहा भारी नुकसान

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



फतेहपुर। देवा रोड स्थित मुख्य बस स्टेशन पर डग्गामार वाहनों की मनमानी जारी है। रोडवेज प्रशासन के तमाम प्रयासों व निर्देश के बावजूद डग्गामार वाहन बेखौफ तरीके से बस स्टेशन के सामने से सवारियां भरकर विभाग को हर माह लाखों के राजस्व का चूना लगा रहे हैं। शिकायत के बाद इसकी रोकथाम को लेकर कार्रवाई शून्य अभी तक बनी है। रोकथाम के लिए बैठक में दिए गए निर्देश कागजी सफ़ेद हाथी साबित हो रहे हैं। मालूम हो तहसील नवाबगंज सभागार में एसडीएम आनंद तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यातायात सुधार के लिए कई अहम निर्णय लिए गए थे। निर्देश में कहा गया था कि टैक्सी वाहन शहर के भीतर सवारी नहीं ढो सकेंगे, वहीं ई-रिक्शा वाहन को शहर की सीमा के अन्दर अनुमति दी गई थी। जबकि ऑटो व अन्य वाहनों को नगरपालिका पड़ाव स्थल तक ही सीमित रखने का निर्देश दिया गया था। लेकिन धरातल पर लागू न हो पाने के कारण फिलहाल निर्देश हवा-हवाई साबित हो रहे हैं।इसके चलते डग्गामार चालक लखनऊ, फतेहपुर समेत अन्य रूटों पर जाने वाले यात्रियों को कम किराया और जल्दी पहुंचाने का लालच देकर अपने वाहनों में बैठा लेते हैं। बस स्टेशन परिसर के आसपास टैम्पो और ऑटो चालकों की लंबी कतारें हर समय लगी रहती हैं। ये वाहन निगम की बसों के आगे अपने वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे यात्री भ्रमित होकर ऑटो में ही बैठ जाते हैं। इस संबंध में परिवहन निगम की आरएम जमीला खातून बताती है कि डग्गामार वाहन चालकों की मनमानी से निगम को भारी नुकसान हो रहा है। यह वाहन चालक निगम की बसों के आगे अपना वाहन खड़ा कर सवारियां ले जाते हैं। वहीं यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने कहा कि नियमों का पालन हर हाल में सुनिश्चित कराया जाएगा। बातचीत में एआरटीओ प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि डग्गामार वाहनों की धरपकड़ के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। पकड़े जाने पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जाती है। आगे भी सघन जांच अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रजईपुर में लगी आईपीएम किसान पाठषाला

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

मसौली। किसानों को खेती संबंधित आधुनिक तकनीकियों की जानकारी और सरकार की तरफ से चलाई जा रही खेती-किसानी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायत रजईपुर मे आईपीएम किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के तत्वाधान मे क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र के प्रभारी एवं संयुक्त निदेशक डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किसान खेत पाठशाला मे किसानों को कीट व्याधियों के प्रबंधन के लिए आईपीएम के विभिन्न विधियों जैसे व्याहवारिक एवं यांत्रिक विधियों के द्वारा फसल सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रपंजो के उपयोग के विषय जानकारी दी गयी प्रशिक्षण में किसान बीजोपचार, कीट व्याधियों की पहचान करना, कृषि तंत्र का अध्ययन करने के साथ, मित्र कीटों की पहचान करने के प्रति जागरूक किया गया। क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र के संयुक्त निदेशक डा. ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि गांव में आगामी चौदह सप्ताह तक नियमित रूप से सब्जी की फ़सल में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन पर किसान खेत पाठशाला मे जानकारी दी गयी। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी अमित सिंह ने किसान रासायनिक कीटनाशकों का सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा आवश्यकता पड़ने पर केंद्रीय कीटनाशी बोर्ड एवं पंजीकरण समिति द्वारा संस्तुत रासायनिक कीटनाशक ही उपयोग करें। उन्होंने बीजोपचार अभियान के तहत किसानों को ट्राईकोडर्मा विरिडी फंफूदीनाशक से बीज उपचार करने के बारे में बताया गया तथा शत प्रतिशत बीज उपचार करने पर जोर दिया गया। प्रगतिशील कृषक विपिन वर्मा ने आईपीएम तकनीक अपना कर रासायनिक कीटनाशक का प्रयोग किए बगैर गुणवतायुक्त सब्जी उत्पादित कर अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में निर्यात कर लाभ प्राप्त कर सकेंगे। ।कार्यक्रम में क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, लखनऊ के सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी धर्मराज सिंह, केशवमूर्ती जी एम तथा फराज अहमद खान उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त आरसी आईपीएम सी लखनऊ द्वारा रजईपुर के साथ-साथ क्षेत्र मुश्कीनगर, सैदाबाद तथा विकासखंड सिरौलीगौसपुर के औलिया लालपुर गांव में भी आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### तीन तस्कर गिरफ्तार, 8 किलो पोस्ता छिलका व बाइक बरामद

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जैदपुर।** मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जैदपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में मंगलवार को जैदपुर पुलिस टीम ने मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर बरायन चौराहे से तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय कुमार वर्मा उर्फ गुड्डु सादुल्लापुर, थाना कोठी, सहदेव डफरापुर, थाना कोठी और अबू बकर मुबारकपुर हकीम, थाना जैदपुर के रूप में हुई है। तीनों बाराबंकी जिले के निवासी हैं। आरोपियों के कब्जे से 8 किलो 370 ग्राम पोस्ता छिलका और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना जैदपुर में एनडीपीएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# पौधरोपण कर धरती को बनायें हरा भरा : स्वतंत्र देव सिंह



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

विकास खण्ड दरियाबाद की ग्राम पंचायत बेलहरी के सुवागाड़ा स्थित सिंचाई विभाग की जमीन पर एक पेड़ मां के नाम व पवित्र त्रिवेदी पौध रोपण अभियान के अंतर्गत पौध रोपण किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रुप में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया। अपने विचार व्यक्त करते हुए राज्य मंत्री ने कहा पानी टंकी निर्माण, सिंचाई बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र सहित आम जन जीवन के कार्यों को करने लिए राज्य मंत्री ने धन्यवाद दिया। राज्यमंत्री ने कहा वन क्षेत्र पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। स्वतंत्र देव सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा हम मा से बहुत प्रेम करते है। इस लिए एक पेड़ मां के नाम लगाना आज की जरूरत है। पेड़ से हमे स्वच्छ हवा, पानी आदि मिलता है। पेड़ मिट्टी जल से प्रेम करे पेड़ हमारे जीवन को संरक्षित करते है। मंत्री ने अमर कंटक नदी का जिक्र कर कहा पीपल बरगद आदि के पेड़ हजारों लीटर पानी अपनी जड़ों में। संरक्षित रखते है। वही जल हमको नदी में सिंचाई के रूप में मिलता है जिससे किसानों के खेतों की सिंचाई होती है। किसान की फसल पैदा होती है वह बाजार आती है। जिससे व्यापारी भी खुश रहता है। एक संतुलन बना रहता है। जल शक्ति मंत्री ने कहा की आज भी गुंडे खत्म नहीं हुए है।

# देवघर में बस-ट्रक भिड़े, 5 कांवड़ियों समेत 6 की मौत

- इनमें 4 बिहार के, ड्राइवर सीट समेत सड़क पर गिरा, 100 मीटर बिना ड्राइवर के बिना चली बस

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। देवघर**



देवघर में बस और ट्रक के बीच टक्कर में 5 कांवड़ियों समेत 6 की मौत हो गई। 24 कांवड़िए घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। हादसा मंगलवार सुबह 5 बजे देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास नावापुरा गांव में हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का आधा हिस्सा पूरी तरह से धंस गया। कांवड़ियों के झोले और सामान बस में लटके दिख रहे हैं। हादसे में बस का ड्राइवर सीट समेत नीचे गिर गया। 100 मीटर तक बस बिना ड्राइवर के चली। देवघर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया- %सुबह लगभग 05.30 बजे मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास बस हादसा हुआ है। इसमें 6 लोगों की मौत हुई है। 24 लोग घायल हैं। 8 घायलों का एम्स में इलाज चल रहा है। बाकी लोग सदर अस्पताल में भर्ती हैं।% हालांकि गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर 18 लोगों की मौत की जानकारी दी थी। न्यूज एजेंसी ने भी सांसद के हवाले से 18 लोगों की मौत की बात कही थी। पीएम मोदी, सीएम हेमंत सोरेन और राज्यपाल ने हादसे पर दुख जताया है।

### मृतकों में 4 बिहार के रहने वाले

40 कांवड़ियों से भरी बस देवघर से बासुकीनाथ जा रही थी। देवघर से 18 किमी पहले बस सामने से आ रहे सिलेंडर लदे ट्रक से टकरा गई। पुलिस के मुताबिक, बस ड्राइवर को झपकी आ जाने के कारण हादसा हुआ। टक्कर के बाद ड्राइवर सीट समेत सड़क पर गिर गया, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही 3 महिला कांवड़ियों की घटनास्थल पर जान चली गई। 6 मृतकों में 4 बिहार के हैं। इनमें बेतिया की दुर्गावती देवी (45), पटना की संता देवी, गयाजी से सुमन कुमारी और वैशाली के पीयूष कुमार (19) हैं। ड्राइवर सुभाष तूरी (30) देवघर का रहनेवाला था। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बस से घायल कांवड़ियों को निकाला और मोहनपुर थाने को सूचना दी।

### चश्मदीद ने बताया, 100 मीटर बिना ड्राइवर के चली बस

बस में सवार रहे मोतिहारी के अनिल यादव ने बताया, घटना सुबह 5 बजे के करीब की है। देवघर से बस कांवड़ियों को लेकर जा रही थी। दूसरी ओर से गैस सिलेंडर लदा हुआ ट्रक आ रहा था। दोनों में टक्कर नावापुरा गांव के जमुनिया हॉस्पिटल के सामने में हुई। 5 लोग तो मौके पर ही मर गए। घायलों की गिनती नहीं कर पाया। 3 से 4 लोगों की स्थिति बहुत गंभीर थी।

### पीएम मोदी, राज्यपाल और सीएम ने दुख जताया

- पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा, झारखंड के देवघर में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं को अपनी जान गंवानी पड़ी है, उनके परिजनों के प्रति मेरी गहरी शोक-संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहने की शक्ति दे। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।
- राज्यपाल, संतोष कुमार गंगवार: बस दुर्घटना में कई श्रद्धालुओं के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है।
- सीएम, हेमंत सोरेन: श्रद्धालुओं की मृत्यु की सूचना मिली है। जिला प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य के साथ घायलों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।
- नेता प्रतिपक्ष,बाबूलाल मरांडी: सड़क हादसे में 18 कांवरियों के मृत्यु की दुखद घटना से मन अत्यंत व्यथित है।
- पूर्व सीएम, रघुवर दास: कावड़ियों से भरी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से श्रद्धालुओं की मृत्यु के समाचार से मर्माहत हूं। कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है।

### एसडीओ बोले, ड्राइवर को झपकी आने से हुआ हादसा

देवघर सदर एसडीओ रवि कुमार ने बताया, 5 लोगों की मौत हुई है। 24 लोग जख्मी हैं, जिनका इलाज चल रहा है। कुछ लोगों को ज्यादा चोट आई है, जिन्हें रेफर किया जा सकता है। सभी का देवघर सदर अस्पताल में इलाज हो रहा है। एसडीओ के मुताबिक बस ड्राइवर को झपकी आने से गाड़ी अनकंट्रोल्ड हुई, जो ट्रक से टकराई, फिर ईंट के ढेर से टकरा कर रुक गई। हादसे की जानकारी मिलते ही एसपी, थानेदार समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है।

### मृतक के परिजनों को एक लाख का मुआवजा

हादसे के बाद स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी देवघर सदर अस्पताल पहुंचे। घायलों से उनका हाल-चाल जाना। मौके पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि आपदा प्रबंधन के द्वारा एक-एक लाख रुपए मृतक के परिजन को मिलेगा। इसके अलावा जो घायल हैं उन्हें समुचित इलाज कर उनके घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। हादसे में मृतक सभी बिहार के हैं बावजूद राज्य सरकार के द्वारा इन्हें आपदा प्रबंधन से एक लाख रुपए मुआवजा देगी।

# '15 लोग बताइए, जो जिंदा, लेकिन लिस्ट से नाम कटा'

## एससी ने कहा, ज्यादा वोटर्स के नाम कटे तो हस्तक्षेप करेंगे, 12 अगस्त से सुनवाई



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**

बिहार में हो रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर मंगलवार को फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा- अगर बड़े पैमाने पर वोटर्स के नाम कटे हैं तो हम हस्तक्षेप करेंगे। सुप्रीम कोर्ट 12 अगस्त से बिहार एसआईआर मामले की सुनवाई शुरू करेगा। एसआईआर को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की तरफ से कोर्ट में कहा गया कि 65 लाख मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इनमें से कुछ अपना घर छोड़कर कहीं और चले गए हैं, कुछ मर गए हैं। जस्टिस बागची ने कहा- हम इस पूरे मामले को देख रहे हैं। अगर बड़े पैमाने पर मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से काटा जा रहा है, तो हम तुरंत हस्तक्षेप करेंगे। आप ऐसे 15 लोगों को लेकर आइए जो कहें कि वे जीवित हैं और उनको मरा दिखाकर नाम काट दिया गया है। सोमवार को कोर्ट ने ने एसआईआर पर रोक से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने एडीआर से कहा था- अगर खामी मिली तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर देंगे। इसके साथ ही चुनाव आयोग से पूछा है- आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को मतदाता पहचान के लिए स्वीकार क्यों नहीं किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने कहा कि राशन कार्ड पर विचार नहीं किया जा सकता। यह बहुत बड़े पैमाने पर बना है, फर्जी होने की संभावना अधिक है। एससी ने कहा- अगर बात फर्जीवाड़े की है तो धरती पर कोई ऐसा डॉक्यूमेंट नहीं है, जिसकी नकल नहीं हो सके। ऐसे में 11 दस्तावेजों के आपके सूचीबद्ध करने का क्या आधार है?

### 65 लाख नाम लिस्ट से हटे

चुनाव आयोग ने 27 जुलाई को एसआईआर के पहले चरण के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसके मुताबिक बिहार में अब 7.24 करोड़ वोटर हैं। पहले यह आंकड़ा 7.89 करोड़ था। वोटर लिस्ट रिवीजन के बाद 65 लाख नाम सूची से हटा दिए गए हैं। हटाए गए नामों में वे लोग शामिल हैं, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं या फिर कहीं और स्थायी रूप से रह रहे हैं या जिनका नाम दो वोटर लिस्ट में दर्ज था। इनमें से 22 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। 36 लाख मतदाता स्थानांतरित पाए गए, जबकि 7 लाख लोग अब किसी और क्षेत्र के स्थायी निवासी बन चुके हैं।

### 24 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में हुई थी सुनवाई

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 24 जुलाई को हुई सुनवाई में बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट का रिवीजन जारी रखने की अनुमति दी थी। अदालत ने इसे संवैधानिक जिम्मेदारी बताया था। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने विशेष गहन पुनरीक्षण यानी वोटर लिस्ट रिवीजन की टाइमिंग पर सवाल उठाए थे। अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र माना जाए। बेंच के मुताबिक, 10 विपक्षी दलों के नेताओं समेत किसी भी याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर चुनाव आयोग से 21 जुलाई तक जवाब मांगा। अगली सुनवाई 28 जुलाई के लिए तय की थी।

# अमेरिका में ड्रीमलाइनर प्लेन से मिला मेडे कॉल

- बोइंग-787 के इंजन में खराबी आई, अहमदाबाद में इसी मॉडल का विमान क्रैश हुआ था

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिका में यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर के लेफ्ट इंजन में उड़ान के दौरान खराबी आ गई। हादसे के वक्त प्लेन 5000 फीट की ऊंचाई पर था, जिसके बाद पायलटों ने मेडे कॉल (इमरजेंसी का मैसेज) भेजा। यह हादसा 25 जुलाई को हुआ था, जिसकी खबर अब सामने आई है। पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के साथ मिलकर हालात को संभाला। फ्लाइटअवेयर के मुताबिक, प्लेन 2 घंटे 38 मिनट तक हवा में रहा। इसने राजधानी वॉशिंगटन के उत्तर-पश्चिम में चक्कर लगाते हुए ईंधन खाली किया, ताकि लैंडिंग के लिए वजन कम हो सके। 12 जून को अहमदाबाद में एअर इंडिया का जो प्लेन क्रैश हुआ था, वह बोइंग कंपनी 787-8 ड्रीमलाइनर का ही था। तब यह विमान टेकऑफ के दो मिनट बाद ही क्रैश हो गया था। इस हादसे में 270 लोगों की जान गई थी। बोइंग दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कॉमर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर कंपनी है। फ्रांस की एयरबस कंपनी पिछले महीने ही सबसे बड़ी कॉमर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर बनी है।

### हादसे में किसी को चोट नहीं आई

यूनाइटेड एयरलाइंस के पायलटों ने 5000 फीट की ऊंचाई पर ही ईंधन खाली करने की अनुमति मांगी थी। इसके बाद एटीसी ने उन्हें दूसरी उड़ानों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए गाइड किया। ईंधन खाली करने के बाद पायलटों ने रनवे 19 सेंटर पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की मदद से लैंडिंग की इजाजत मांगी। लैंडिंग के बाद खराब इंजन की वजह से विमान अपने आप रनवे से नहीं हट सका और उसे टो करके हटाना पड़ा। सोमवार तक यह विमान वॉशिंगटन डलेस एयरपोर्ट पर ही खड़ा रहा। इस घटना में किसी को चोट नहीं आई। यूनाइटेड एयरलाइंस और हवाई अधिकारियों ने इस तकनीकी खराबी की जांच शुरू कर दी है।


### दो दिन पहले बोइंग का लैंडिंग गियर फेल हुआ था

अमेरिका के डेनवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार को अमेरिकन एयरलाइंस के बोइंग 737 मैक्स 8 विमान का लैंडिंग गियर फेल होने के कारण टेकऑफ रोकना पड़ा था। इस दौरान विमान के पिछले हिस्से में आग लग गई थी। यह फ्लाइट मियामी जा रही थी। विमान में कुल 173 यात्री और 6 क्रू मेंबर्स सवार थे। सभी को इमरजेंसी स्लाइड के जरिए बाहर निकाला गया। हादसे में 6 लोगों को मामूली चोटें आईं, जिनमें से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन और एयरलाइंस मामले की जांच कर रही हैं।

# ट्रम्प ने लंदन के मुस्लिम मेयर को घिनौना इंसान बताया

## कहा, सादिक खान ने खराब काम किया, ब्रिटिश पीएम बोले, वो मेरे दोस्त

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। टर्नबेरी**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर लंदन के मेयर सादिक खान पर हमला बोला है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ स्कॉटलैंड में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने खान को नैस्टी पर्सन यानी घिनौना इंसान कह दिया और उनके कामकाज की आलोचना की। एक रिपोर्टर ने ट्रम्प से पूछा कि क्या वे सितंबर में अपनी राजकीय यात्रा के दौरान लंदन आएंगे, तो उन्होंने कहा मैं आपके मेयर का फैन नहीं हूं। मुझे लगता है उन्होंने बहुत खराब काम किया है। उनके इस बयान पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने तुरंत कहा कि वो (सादिक खान) मेरे दोस्त हैं। हालांकि ट्रम्प अपने बयान पर अड़े रहे और दोबारा दोहराया कि उन्होंने बहुत ही खराब काम किया है। लेकिन मैं निश्चित रूप से लंदन आऊंगा। यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने सादिक खान पर हमला किया है। 2019 में भी उन्होंने खान को नाकाम इंसान कहा था और उन्हें सलाह दी थी कि वह लंदन में अपराध पर ध्यान दें। तब भी ट्रम्प ब्रिटेन की राजकीय यात्रा पर थे और लंदन आने से ठीक पहले ही उन्होंने ट्विटर पर खान को निशाने पर लिया था। ट्रम्प पहले खान को आईक्यू टेस्ट की चुनौती भी दे चुके हैं और 2017 के लंदन ब्रिज हमले के बाद उनकी प्रतिक्रिया की आलोचना भी कर चुके हैं। ट्रम्प ने अपने पिछले कार्यकाल में खान पर आतंकवाद से निपटने में नाकाम रहने का आरोप लगाया था और उन्हें स्टोन कोल्ड लूजर (बिल्कुल नाकाम इंसान) और बहुत मूर्ख कहा था।

### सादिक खान के प्रवक्ता ने ट्रम्प को जवाब दिया

ट्रम्प के बयान पर खान के प्रवक्ता का पलटवार किया है। सोमवार शाम को सादिक खान के प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा, 卐मेयर को खुशी है कि ट्रम्प दुनिया के सबसे महान शहर में आना चाहते हैं। अगर वे लंदन आएंगे तो देखेंगे कि हमारी विविधता हमें कमजोर नहीं, बल्कि और मजबूत बनाती है। गरीब नहीं, बल्कि अमीर बनाती है।卐 5 नवंबर 2024 के चुनाव से पहले एक पॉडकास्ट में सादिक खान ने कहा था कि ट्रम्प उन्हें उनके धर्म और नस्ल के चलते निशाना बना रहे हैं। खान ने कहा था, उन्होंने मुझे मेरे रंग और धर्म की वजह से निशाना बनाया है। हालांकि, दिसंबर 2024 में एएफपी को दिए इंटरव्यू में खान ने कहा था कि अमेरिकी जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है और अब सभी को चुनाव के नतीजों का सम्मान करना चाहिए।


### लंदन के पहले मुस्लिम मेयर सादिक खान

1970 में जन्मे सादिक खान लंदन के पहले मुस्लिम मेयर है। वे मूल रूप से पाकिस्तानी है। उनके पिता पाकिस्तान में ड्राइवर का काम करते थे। वे कुछ समय बाद इंग्लैंड आ गए। 24 साल की उम्र तक उन्होंने बेहद गरीब हालात में जिंदगी जी। पिता रेड बस चलाते थे। लेकिन पॉलिटिक्स में शुरुआत से ही उनकी रुचि थी। 15 साल की उम्र में वे लेबर पार्टी से जुड़ गए थे। करियर की शुरुआत ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट के रूप में की। 2005 में वे पहली बार लेबर पार्टी से सांसद बने। 2016 में उन्होंने पहली बार लंदन के मेयर पद का चुनाव लड़ा और बड़े अंतर से जीते। सादिक खान को मोदी विरोधी कहा जाता है। वे कई बार मोदी विरोधी बयान भी दे चुके हैं।

# चीन में बच्चा पैदा करने पर 1.30 लाख देगी सरकार

## वन चाइल्ड पॉलिसी की वजह से 7 साल में जन्मदर आधी हुई, 21 प्रतिशत आबादी बुजुर्ग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बीजिंग**



चीन में बच्चा पैदा करने पर सरकार ने माता-पिता को 1.30 लाख रुपए देने का फैसला किया है। सरकार ने यह कदम जन्मदर में लगातार हो रही कमी को लेकर उठाया है। चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद सरकार लगातार 3 साल तक माता-पिता को सालाना 3600 युआन (करीब 44,000 रुपए) देगी। चीन की 21 प्रतिशत आबादी की उम्र 60 साल से ज्यादा है। चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद ÷वन चाइल्ड पॉलिसी÷ खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद जन्म दर कम होती जा रही है। दुनिया के बड़े देशों में चीन की जन्म दर सबसे कम है और यह लगातार घटती जा रही है। 2016 में चीन में 1.8 करोड़ बच्चे पैदा हुए थे। 2023 में यह संख्या 90 लाख पर आ गई। सिर्फ 7 साल में चीन में बच्चे पैदा होने की रफ्तार में 50 प्रतिशत फीसदी कमी आई। 2024 में इसमें थोड़ा इजाफा हुआ और यह 95 लाख हुई, लेकिन जनसंख्या में कुल गिरावट जारी रही क्योंकि मृत्यु दर जन्म दर से अधिक रही।

### तीन साल से कम उम्र के बच्चों को मिलेगा फायदा

जिन माता-पिता के बच्चों की उम्र तीन साल से कम है, उन्हें सरकार हर साल नकद पैसे देगी। ये योजना 1 जनवरी 2025 से लागू मानी जाएगी। इसमें वो बच्चे भी शामिल होंगे जिनकी उम्र अभी तीन साल से कम है। ऐसे बच्चे जिनके पास चीनी नागरिकता है, उन्हें तीन साल का होने तक प्रति वर्ष 3,600 युआन (करीब 502 अमेरिकी डॉलर) दिए जाएंगे। अगर कोई बच्चा पहले पैदा हुआ है, लेकिन अभी तीन साल से छोटा है, तो उसे भी उतने महीने के हिसाब से पैसे मिलेंगे, जितने महीने वो इस योजना के दायरे में आता है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि ये पहली बार है जब पूरे देश में एक जैसी बाल देखभाल सब्सिडी दी जा रही है। इससे लगभग दो करोड़ परिवारों को हर साल फायदा मिलने की उम्मीद है।

### कई चीनी राज्य भी ऐसी स्कीम चला रहे

पहले चीन के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तरह की योजनाएं चलती थीं, जिनमें ज्यादातर सब्सिडी सिर्फ दूसरे या तीसरे बच्चे पर दी जाती थी, लेकिन इस नई योजना में पहले, दूसरे और तीसरे सभी बच्चों को बराबर मदद दी जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले कुछ सालों में चीन में पहले बच्चे के जन्म में सबसे ज्यादा गिरावट आई है, इसलिए ये योजना इस समस्या को भी ठीक करने में मदद करेगी। साथ ही यह भी कहा गया कि केवल पैसे देने से ही जन्म दर नहीं बढ़ेगी, बल्कि इसे मातृत्व छुट्?टी, बच्चों की देखभाल सेवाओं, स्कूलों और घर जैसी दूसरी सुविधाओं से भी जोड़ना जरूरी है। सरकार की योजना है कि अगस्त 2025 के अंत तक पूरे देश में इस सब्सिडी के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया जाएगा। चीन सरकार अलग-अलग क्षेत्रों को उनके आर्थिक हालात के हिसाब से मदद देगी।

# गोल्डन टेंपल को उड़ाने की फिर मिली धमकी

- शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि अब तक श्री हरिमंदिर साहिब को 14 धमकियां मिल चुकी हैं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अमृतसर**

अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल (हरिमंदिर साहिब) को आरडीएक्स से उड़ाने की एक बार फिर धमकी मिली है। यह धमकी सोमवार को एसजीपीसी की ई-मेल पर भेजी गई है। ई-मेल में लिखे संदेश की शैली वही है, जो इससे पहले दी गई 13 धमकियों में लिखी गई है। लेकिन हैरानी की बात तो यह कि अभी तक पुलिस ई-मेल भेजने वाली आरोपी का पता नहीं लगा सकी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ई-मेल भेजने वाले की लोकेशंस बार-बार बदली जा रही हैं। उसका आइपी एड्रेस कभी देश के राज्यों में तो कभी विदेश में ट्रेस किया रहा है। इन हालात में आरोपी तक पहुंचना पुलिस के लिए काफी मुश्किल हो रहा है। इसे लेकर पंजाब पुलिस का स्टेट साइबर सेल डाटा मुहैया करवाने वाली कंपनी के संपर्क में है। लेकिन ई-मेल से संबंधित डाटा पुलिस के पास पहुंचने में एक से डेढ़ महीने तक का समय लग सकता है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि अब तक श्री हरिमंदिर साहिब को 14 धमकियां मिल चुकी हैं और यह सिलसिला लगातार जारी है। अब तक पुलिस अधिकारियों द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर कुछ नहीं बताया जा रहा है। पंजाब के सीएम भगवंत मान खुद 22 जुलाई को पुलिस अधिकारियों के साथ श्री हरिमंदिर साहिब की सुरक्षा का जायजा ले चुके हैं। इसके बाद आरोपियों ने ईमेल के मार्फत श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को भी आरडीएक्स लगाकर उड़ाने की धमकी दी थी।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा का हुआ स्थानांतरण, प्रयागराज के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मादंड़ को मिली गाजियाबाद की कमान

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

उत्तर प्रदेश सरकार ने बीती रात बड़े प्रशासनिक अधिकारियों के फेरबदल में गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा का स्थानांतरण अप्रत्याशित रूप से चौंकाने वाला साबित हुआ। जनवरी 2025 में मेरठ से गाजियाबाद का पदभार संभालने वाले मीणा 6 माह ही जनपद में रह पाए। योगी आदित्यनाथ के अति विश्वसनीय और प्रदेश सरकार के विश्वव्यापी मेगा इवेंट महाकुम्भ 2025 की कमान संभालने वाले रविन्द्र कुमार मादंड़ को अब जिले की कमान सौंपी गई है। जबकि दीपक मीणा अब योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर की कमान संभालेंगे । सूत्रों की माने तो दीपक मीणा जयपुरिया स्कूल विवाद के बाद जनता और राजनेताओं की शिकायतें लगातार बढ़ी थीं। जिस प्रकार स्कूल प्रबंधन को संरक्षण और पीएसी तक की तैनाती हुई उससे जनता और अभिभावकों का गुस्सा जमकर फूटा था । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के डाटा सेंटर के शिलान्यास के समय ही शिक्षा के अधिकार को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को चेतावनी दिया था । जिसके बाद भी गाजियाबाद में निजी स्कूलों में प्रवेश की दर अन्य जनपदों से कम रही । जमीनी स्तर पर जनता से संवाद में कमी और जन शिकायतों की बढ़ती संख्या शायद उनके स्थानांतरण का प्रमुख कारण साबित रही। रविन्द्र कुमार मादंड़ भारतीय प्रशासनिक सेवा 2013 बैच के अधिकारी हैं। इनकी गिनती प्रदेश सरकार के तेज तर्राज और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अति विश्वसनीय लोगों में होती है।

# पीएम मोदी पर राहुल गांधी का हमला, कहा, अपनी छवि बचाने के लिए सेना का इस्तेमाल कर रहे प्रधानमंत्री

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान कांग्रेस और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद अपनी छवि बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सशस्त्र बलों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम के दावों का खंडन करने की चुनौती दी। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि राजनाथ सिंह ने 1971 की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से की। उस वक्त इंदिरा गांधी में राजनीतिक इच्छाशक्ति थी। हमने अमेरिका की नहीं सुनी। इंदिरा गांधी ने जनरल मानेक शॉ को आजादी दी। तब एक लाख पाकिस्तान सैनिकों ने सरेंडर किया और एक नया देश बना। ऑपरेशन सिंदूर में सरकार ने पाकिस्तान को पहले ही बता दिया था कि हमला करने वाले हैं। आपने पाकिस्तान को सीधे अपनी राजनीतिक इच्छाशक्ति बता दी। हमने पाकिस्तान को बता दिया कि हमारी राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं है। भारत सरकार पाकिस्तान को खुद ही बता रही है कि हमें युद्ध नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को क्यों बताया कि हम युद्ध आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। क्योंकि सरकार पीएम मोदी की छवि को बचाना चाहती थी। डोनाल्ड ट्रंप ने 29 बार कहा कि मैंने सीजफायर कराया। अगर यह झूठ है तो पीएम मोदी यहां बोल दें कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। पीएम मोदी में यह हिम्मत है तो वो यह बोल देंगे। आज शाम को पीएम मोदी कह दें कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने यह नहीं बताया कि पहलगाम के बाद एक भी देश ने पाकिस्तान की निंदा नहीं की है। सभी ने आतंकवाद की निंदा की है। इससे साफ है कि सभी देश हमें पाकिस्तान के समकक्ष रखा है। विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री कहते हैं कि हमने पाकिस्तान को रोका है, लेकिन पाकिस्तान का जनरल मुनीर अमेरिका में लंच कर रहा है। इस पर प्रधानमंत्री ने कुछ भी नहीं कहा। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मुझे बताएं कि अगर एक और आतंकी हमला होता तो सरकार क्या करेगी? सरकार केवल सैन्य बलों को लड़वाती रहती है। यही वास्तविकता है। आज चीन और पाकिस्तान एक हो गए हैं। चीन पाकिस्तान को सूचना पहुंचा रहा है। पाकिस्तान और चीन की सेना मिल गईं हैं। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमारी विदेश नीति में दिवालियापन है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)